रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 24 जुलाई 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 333 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मोदी ने टोक्यो ओलंपिक के लिए जापान के प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं दी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टोक्यो ओलंपिक के लिए जापान के प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को एक ट्वीट में कहा कि प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा और जापान को टोक्यो ओलंपिक और पैरालंपिक के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं। इस ओलंपिक में हम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के असाधारण प्रदर्शन के प्रति आशान्वित हैं। उल्लेखनीय है कि खेलों के महाकुंभ कहे जाने वाले ओलंपिक खेल आज से जापान की राजधानी टोक्यो में शुरू हो रहे हैं।

### मई में ईपीएफओ से जुड़े पांच लाख 72 हजार से अधिक अंशधारक

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से मई 2021 में पांच लाख 72 हजार से अधिक अंशधारक जुड़े हैं। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि मई 2021 में ईपीएफओ से कुल पांच लाख 72 हजार 634 अंशधारक जुड़े हैं। इनमें से चार लाख 42 हजार 408 पुरुष और एक लाख 48 हजार 211 महिलाएं हैं। आंकड़ों के अनुसार इनमें से 10 अंशधारक किन्नर है और पांच के संबंध में जानकारी उपलब्ध नहीं है। आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2017 से मई 2021 तक ईपीएफओ से चार करोड़ 33 लाख पांच हजार 238 अंशधारक जोड़े गए हैं ।

### सोपोर मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**बारामूला।** उत्तर कश्मीर के सोपोर जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गये। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि सोपोर के वारपोरा में गुरुवार देर रात आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने संयुक्त घेराबंदी एवं तलाश अभियान शुरू किया।

# जनता के रूपयों की बंदरबांट : 12 करोड़ की अनियमितता उजागर, बिना टेण्डर 7 करोड़ की खरीदी

**■ पांच सदस्यीय टीम ने रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी, शासन की कार्रवाई का इंतजार**

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर जिला अस्पताल में करोड़ों के फर्जीवाड़े की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जनता के पैसे का खुलकर बंदरबांट करने की पुष्टि अधिकारियों को हुई है। दो साल में 12 करोड़ की सुनियोजित अनियमितता किए जाने का खुलासा हुआ है। जांच रिपोर्ट से संबंधित प्राप्त दस्तावेजों के मुताबिक कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जशपुर के द्वारा 2019-20 व 2020-21 में बिना क्रय नियमों का पालन किए बगैर टेंडर करोड़ों की खरीददारी की पुष्टि हुई है। जशपुर कलेक्टर महादेव कावरे ने पांच सदस्यीय जाँच टीम बनाकर मामले की जांच कराई थी जिसमें लगभग 12 करोड़ की आर्थिक अनियमितता सामने आई है। जाँच में अनियमितता सामने आने के बाद दोषी सिविल सर्जन एफ खाखा,आरएमओ अनुरंजन टोप्पो सहित,स्टोर प्रभारी व अन्य के खिलाफ कार्यवाही की अनुशंसा करते हुए कलेक्टर ने संचालक संचालनालय, स्वास्थ्य सेवाएँ रायपुर को जाँच रिपोर्ट भेज दी है।

**20 दिनों तक हुई जांच-** उक्त मामले में 20 दिनों की गहन जाँच के बाद जाँच टीम द्वारा मामले की रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी गई है, जिसमें कई चौकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। जांच प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में लगभग 12 करोड़ का छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम का पालन किए बिना अनियमितता की गई है। चूककर्ता सिविल सर्जन एफ खाखा,आरएमओ अनुरंजन टोप्पो सहित,स्टोर प्रभारी समेत जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की अनुशंसा की गई है।

**इनके द्वारा की गई जांच –** आपको बता दें कि प्रारम्भ में तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन हुआ था जिसमें आपत्ति के बाद कलेक्टर महादेव कावरे ने एडिशनल कलेक्टर को शामिल करते हुए 5 सदस्यीय टीम से मामले की जाँच कराई थी। सीईओ जिला पंचायत केएस मंडावी,एडिशनल कलेक्टर आईएल ठाकुर,महाप्रबंधक उद्योग विभाग पैंकरा,लेखाधिकारी जिला पंचायत ए सिन्हा व जिला कोषालय अधिकारी जीपी गिदुडे की टीम ने पुरे मामले की गंभीरता से जाँच की जिसमें लगभग 12 करोड़ की खरीदी की अनियमितता सामने आई है जिसमें क्रय नियमों का पालन नहीं किया गया वहीं स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर फर्जी फर्मों से फर्जी खरीदी की गई है।









पायनियर लगातार

**आरोपी अब भी पद पर आसीन –** सबसे बड़ी बात यह कि जिला अस्पताल में पदस्थ सिविल सर्जन एफ खाखा व आरएमओ अनुरंजन टोप्पो की मिलीभगत से लगातार शासकीय राशि का बंदरबाट किया गया। जिलेवासियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए आए शासन के पैसे का जमकर दुरूपयोग किया गया। आपको जानकर हैरानी होगी की इन भ्रष्ट अधिकारियों ने फर्जी फर्म बनाकर फर्जी खरीददारी तक को अंजाम दिया है।इतना ही नहीं बाकायदा फर्जी फर्म का फर्जी दस्तावेज बनवाकर लगातार पैसे का बंदरबाट किया गया है।इसके बावजूद सीएस व अन्य अधिकारी कर्मचारी अब भी अपने पद पर बने हुए हैं।

**यह हैं भ्रष्टाचार के प्रमुख –** वर्ष 2019-20 व 2020-21 के दौरान सिविल सर्जन एफ खाखा,आरएमओ अनुरंजन टोप्पो,स्टोर प्रभारी श्रीमती उषा लकड़ा,लेखापाल हमीर अली,लेखापाल जोगीराम,लेखापाल सुरेश टोप्पो,लेखापाल संदीप दास,लेखापाल सुरेश टोप्पो,स्टोर लिपिक स्वाधीन साहू,तेज प्रसाद चौहान,स्टोर प्रभारी हरिप्रसाद डनसेना के पदस्थ रहते हुए उक्त अनियमितता हुई है। मामले में कार्यवाही के लिए शासन को पत्र भेजा गया है वहीं अपराधिक प्रकरण दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की मांग भी उठने लगी है।

**57 लाख की ड्रेस नर्सों को –** आपको जानकर हैरानी होगी कि दो वर्षों में नर्सों व कर्मचारियों के लिए 57 लाख 14 हजार 897 रूपए के केवल कपडे खरीदे गए।और मजे की बात यह है कि जिस फर्म का नामोनिशान नहीं है उस फर्म से भ्रष्ट अधिकारीयों ने खरीदी कर ली।जिसमें कुमुद टेक्सटाईल खादी गम्हरिया जशपुर को 10 लाख से ऊपर की राशि का भुगतान किया गया है। जाँच टीम को यह पता चला कि यह फर्म ग्रामोद्योग में पंजीकृत ही नहीं है।जबकि नियमानुसार हथकरघा विकास को यह आर्डर जारी करना था वह भी भण्डार क्रय नियमों के अनुसार।मेसर्स कुमुद वस्त्रालय से भी लाखों की खरीदी बिना नियमों के की गई है।



जिला अस्पताल मामले में जांच टीम द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है जिसमें लगभग 12 करोड़ की अनियमितता सामने आई है। सिविल सर्जन, आरएमओ सहित,स्टोर प्रभारी व अन्य दोषी पाए गए हैं। कार्यवाही के लिए विस्तृत जांच रिपोर्ट संचालक संचालनालय, स्वास्थ्य सेवाएँ रायपुर को भेज दी गई है।

**महादेव कावरे, कलेक्टर जशपुर**

### कागजों में करोड़ों की खरीदी

उक्त दो वर्षों में मेडिकल सामग्री,विद्युत् सामग्री,सर्जिकल सामान,मेडिसीन,वस्त्र,कंप्यूटर समेत अन्य सामग्री की खरीदी का भुगतान सिविल सर्जन द्वारा किया गया है।जिसकी राशि लगभग 1करोड़ 67 लाख 5 हजार 704 रूपए है।विभिन्न फर्मों को उक्त राशि का भुगतान किया गया है जबकि खरीदे गए सामान स्टाक में उपलब्ध नहीं हैं और न ही स्टाक रजिस्टर में उनकी इंट्री की गई है।

### निर्माण में 22 लाख का घोटाला

लगभग 4 बिल व्हाउचर के माध्यम से फर्म सुनील मिश्रा को 21 लाख 2 हजार 635 रूपए का भुगतान निर्माण कार्य के एवज में किया गया है।जबकि उक्त निर्माण कार्य का मूल्यांकन किसी इंजिनियर द्वारा नहीं कराया गया है।वहीं बात करें सिविल सर्जन को प्राप्त अधिकारों की तो 25 हजार से अधिक की राशि की मरम्मत ,रिपेयरिंग का अधिकार सिविल सर्जन को नहीं है जबकि 21 लाख से अधिक का भुगतान कर दिया गया है को बड़ी आर्थिक अनियमितता है।

### बिना टेंडर 7 करोड़ की खरीदी

जिला अस्पताल द्वारा 80 बिल व्हाउचर के माध्यम से विभिन्न फार्मों से 7 करोड़ 89 लाख 35 हजार 453 रूपए की खरीदी की गई है जिसमें क्रय नियमों का पालन नहीं किया गया है।उक्त खरीदी में दवाईयां,मेडिकल सामान,उपकरण क्रय शामिल हैं।छत्तीसगड़ भण्डार क्रय नियम 2002 के नियम 4.3.3 के तहत खुली निविदा जारी नहीं की गई है। य समिति का गठन नहीं किया गया है और न ही य समिति द्वारा सामग्री का भौतिक सत्यापन किया गया है।वहीं वित्तीय नियमों की अनदेखी करते हुए श्याम सर्जिकल व मेसर्स रायपुर साईंटिफिक को करोड़ों का भुगतान किया गया है। इसके अलावा जांच टीम को अन्य मामलों में भी आर्थिक अनियमितता मिली है जिसकी लिस्ट लम्बी है।फिलहाल विस्तृत जांच रिपोर्ट शासन को भेजा गया है जिसमें दोषी अधिकारियों कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए पत्र भेजा गया है।

# तालाब पर कैसे बना मैग्नेटो माल, शासन और नगर निगम बिलासपुर को हाईकोर्ट का नोटिस

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



शहर के सबसे बड़े मैग्नेटो माल के तालाब पर बने होने के मामले में लगी याचिका पर हाईकोर्ट सख्त नजर आया है , तालाब पर बने माल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कार्यवाहक चीफ जस्टिस ने शासन और नगर निगम बिलासपुर से जवाब तालाब किया है दो हफ्ते में मामले में जवाब पेश करने का आदेश दिया है। राजनीतिक रसूख रखने वालों से जुड़ा मैग्नेटो माल तालाब पर बना है मामले को लेकर जनहित यचिका लगाई गई है। अधिवक्ता अर्जित तिवारी ने इसमे पक्ष रखा है। याचिका में में कहा गया गया है कि किसी भी जल स्त्रोत पर निर्माण नही किया जा सकता न उसके स्वरूप को बिगड़ा जा सकता है। और मैग्नेटो माल तालाब पर बना दिया गया है इससे वाटर लेबल नीचे गया और नैसर्गिक स्त्रोत को पाट कर माल बना दिया गया जो पूर्णतः गलत है जलस्त्रोत जनउपयोगी और जनहित के लिये होता है ऐसे में किसी तालाब को पाट कर माल बनानां गलत है । मामले में शासन और नगर निगम से जवाब तलब किया गया है। मामला 2005 से 2007 के बीच का है।

## जीपी सिंह को बड़ा झटका, नहीं मिली राहत



निलंबित एडीजी जीपी सिंह की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। हाईकोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति की सीबीआई जांच कराने की उनकी याचिका को खारिज कर दिया है। इसी तरह राजद्रोह प्रकरण में भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली है। जस्टिस एनके व्यास की एकल पीठ ने जीपी सिंह की दोनों याचिका पर सुनवाई पूरी कर ली थी, और फैसला सुरक्षित रखा था। शुक्रवार को दोनों याचिका पर कोर्ट ने आदेश पारित किए है और इसमें जीपी सिंह को कोई राहत नहीं मिली है। जीपी सिंह की तरफसे पैरवी सीनियर एडवोकेट किशोर भादुड़ी ने की, और राजद्रोह प्रकरण में सरकार की तरफ से एडिशनल एडवोकेट जनरल अमृतोदास ने पैरवी की। कोर्ट ने जीपी सिंह की दोनों याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से केस डायरी तलब की थी। जीपी सिंह ने अंतरिम राहत की मांग को लेकर अपनी पहली याचिका लगाई थी। एसीबी को जीपी सिंह के खिलाफआय से अधिक संपति अर्जित करने की शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद सिंह के सरकारी आवास समेत लगभग 10 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई शुरू की गई। 68 घंटे चले मैराथन छापेमार कार्रवाई में एसीबी को जीपी सिंह के खिलाफ10 करोड़ से अधिक की बेनामी संपत्ति के दस्तावेज मिले थे। वहीं बाद में उनके ऊपर राजद्रोह का मामला भी दर्ज कर दिया गया। राजद्रोह का मामला दर्ज होने के बाद से ही जीपी सिंह ने हाईकोर्ट की शरण ली है। रिट याचिका दायर करते हुए पूरे मामले में स्वतंत्र एजेंसी सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग की थी। कोर्ट ने उनकी याचिकाओं को खारिज कर दिया है।

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने ट्विटर इंडिया के एमडी के खिलाफ उप्र पुलिस की नोटिस की निरस्त

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने ट्विटर इंडिया के प्रबंध निदेशक मनीष माहेश्वरी को अपराध दंड प्रकिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41ए के तहत जारी किए गए उत्तर प्रदेश पुलिस की नोटिस को शुक्रवार को निरस्त कर दिया। यह नोटिस ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो को लेकर दर्ज प्राथमिकी के संबंध में था। न्यायमूर्ति जी नरेंद्र ने इस मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि धारा 41 ए के तहत जारी की गयी नोटिस पुलिस की ओर से एक दुर्भावनापूर्ण कार्य था और पुलिस ने इस तथ्य पर ध्यान नहीं दिया कि याचिकाकर्ता को प्राथमिकी में आरोपी के रूप में नहीं रखा गया था।

इस कथित वीडियो में दिखाया गया है कि एक मुस्लिम व्यक्ति को जय श्री राम और वंदे मातरम के नारे लगाने के लिए मजबूर किया गया था। उत्तर प्रदेश पुलिस ने दावा किया कि हमला व्यक्तिगत था और कथित हमलावर हिंदू और मुस्लिम दोनों थे।

# रायगढ़ में भूस्खलन से 36 लोगों की मौत

वार्ता < पुणे
www.dailypioneer.com



पश्चिमी महाराष्ट्र और तटीय कोंकण इलाके में शुक्रवार को भी बारिश के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है । रायगढ़ जिले के महाड तहसील में दो भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई है। राज्य भर के पर्वतीय इलाकों में पत्थर गिरने और भूस्खलन की कई खबरों के बीच प्रभावित जिलों में बचाव अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। रिपोर्टों के अनुसार कल देर रात महाड के तैये गांव में भूस्खलन होने से लगभग 30-35 घर मिट्टी में दब गए। खराब मौसम, भारी बारिश, जलभराव, मोबाइल नेटवर्क जैसे मुद्दों ने बचाव दल को विफल कर दिया, बचाच दल सड़कों पर गिरे हुए पत्थरों को हटाने और क्षतिग्रस्त सड़कों के बीच से दुर्घटना के स्थान पर आगे बढ़ने के लिए कड़ी मशक्कत करते हुए दिखे। मृतकों की संख्या में और वृद्धि होने की आशंका व्यक्त करते हुए राहत एवं पुनर्वास मंत्री विजय वडेट्टीवार ने कहा कि अभी भी 15-20 लोगों का पता नहीं चल पाया है। रायगढ़ की जिलाधिकारी निधि चौधरी ने लोगों से घरों में ही रहने की अपील करते हुए कहा कि तलिये में भूस्खलन में बचाए गए लोगों के लिए पीने के पानी और भोजन की व्यवस्था की गई है। इस बीच, सतारा जिले में भूस्खलन में दो और लोगों के मारे जाने की खबर है, जबकि रत्नागिरी के बिरमानी गांव में इसी तरह की घटना में 17 अन्य लोगों के फंसे होने की खबर है।

**कथित जासूसी के आरोपों, किसान के मुद्दों पर जवाब मांगते हुए 'डाउन, डाउन' के नारे लगे**

# हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, वामदल तथा कुछ अन्य विपक्षी दलों के हंगामे के कारण शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। एक बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दूसरी बार मध्याह्न 12 बजे जैसे ही शुरू हुई विपक्षी सदस्य फिर से नारेबाजी करते हुए अध्यक्ष के आसन के समक्ष आ गये। पीठासीन अधिकारी किरीट सोलंकी ने हंगामे के बीच ही कहा कि कुछ सदस्यों ने कार्य स्थगन का प्रस्ताव अध्यक्ष के समक्ष रखा है, लेकिन इनमें से किसी पर भी अध्यक्ष ने स्वीकृति नहीं दी है। श्री सोलंकी ने सदस्यों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। विभिन्न दलों के सदस्य अलग अलग मुद्दों पर आधारित तख्तियां हाथों में लहरा रहे थे। तृणमूल कांग्रेस के कुछ सदस्य अपने हाथ में मोबाइल दिखाकर नारेबाजी कर रहे थे। हंगामे के बीच ही पीठासीन अधिकारी ने जरूरी दस्तावेज सदन पटल पर रखवाये। इसके बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले पूर्वाह्न ग्यारह बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई अध्यक्ष ओम बिरला ने टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल को शुभकामनायें दीं। इसके बाद उन्होंने प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू की। इसी बीच विपक्षी सदस्य अपने हाथों में तख्तियाँ लिये नारेबाजी करते हुए आसन के समीप आ गये। वे कथित जासूसी के आरोपों, किसानों के मुद्दों तथा अन्य विषयों पर सरकार से जवाब मांग रहे थे और 'डाउन, डाउन' के नारे लगा रहे थे। अध्यक्ष ने उनसे कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि वे मास्क लगायें और अपनी सीटों पर जायें। शोर-शराबे के बीच ही पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडवीय ने अपने मंत्रालयों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिये। श्री मांडवीय अभी कोविड-टीके से जुड़े प्रश्न का उत्तर दे ही रहे थे जब विपक्ष की नारेबाजी तेज हो गई। श्री बिरला ने एक बार फिर हंगामा कर रहे सदस्यों से शांति बनाने की अपील की, लेकिन जब उनकी अपील का कोई असर नहीं हुआ तो सुबह 11.16 बजे उन्होंने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### जासूसी कांड पर राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित

राज्यसभा में पत्रकारों और वरिष्ठ नेताओं की कथित जासूसी के मामले को लेकर विपक्ष ने भारी हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही तीन स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। भोजन अवकाश के बाद पीठासीन अधिकारी भुवनेश्वर कलिता ने सदन की कार्वाई चलाने का प्रयास किया तो सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे खड़े हो गए और उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पत्रकारों और राजनेताओं की जासूसी की जा रही है। कलिता ने उन्हें रोकते हुए कहा कि इस मुद्दे पर मंत्री का बयान हो चुका है और इस पर चर्चा नहीं हो सकती।

### कोविड-19 को लेकर सावधान रहें, अगले तीन महीनें काफी महत्वपूर्ण : नीति आयोग

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य वी. के. पॉल ने दिल्ली सरकार से कहा है कि सावधान रहें क्योंकि अगले तीन महीने काफी महत्वपूर्ण हैं और गतिविधियों को अनलॉक करने से कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की नौ जुलाई को हुई बैठक में उन्होंने सुझाव दिए कि राजधानी में किसी भी तरह की यात्रा पाबंदियां लगाने से पहले दिल्ली सरकार केंद्र से संपर्क करे। डॉ. पॉल ने कहा कि अनलॉक करने की गतिविधियों से मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, फिलहाल संक्रमण दर सबसे कम है। 20 जुलाई को बैठक का ब्यौरा सार्वजनिक किया गया। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) ने कहा कि अगले तीन महीने महत्वपूर्ण हैं, हमें सावधान रहने की जरूरत है।

# सहकारिता आंदोलन से किसानों के साथ ज्यादा से ज्यादा नागरिक जुड़े : सीएम भूपेश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश में किसानों के हित में अनेक सहकारी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग सहकारिता के माध्यम से लाभान्वित हों। सहकारिता आंदोलन से किसानों के साथ ज्यादा से ज्यादा नागरिक जुड़े यह प्रयास होना चाहिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज यहां अपने निवास कार्यालय से बिलासपुर में आयोजित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सम्बोधित कर रहे थे। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रमोद नायक का पदभार ग्रहण कार्यक्रम आज सहकारी बैंक बिलासपुर के प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसमें सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्रीय सहकारी बैंक का काम सुचारू रूप से संचालित हो इसके लिए बड़ी जिम्मेदारी नवनियुक्त अध्यक्ष नायक को मिली है। उन्होंने कहा कि सहकारिता अधिनियम में अनेक संशोधन कर अधिनियम का सरलीकरण किया गया है, जिससे सहकारिता आंदोलन से ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें। सहकारी बैंकों से किसानों को खाद, बीज का वितरण किया जाता है। अब राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, लघु वनोपज खरीदी आदि भी सहकारिता का हिस्सा है। ज्यादा से ज्यादा लोगों का जुड़ाव सहकारिता से हो यह प्रयास करना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित के लिए अभिनव योजनाएं बनाई गई हैं। इस मामले में छत्तीसगढ़ मॉडल राज्य बन रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन किसानों के लिए जरूरी है। छत्तीसगढ़ सरकार ने त्रिस्तरीय सहकारी बैंक की व्यवस्था कर सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने का कार्य किया है।

# बिसाहू दास महंत की 43वीं पुण्यतिथि पर सीएम बघेल ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया

## छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्न दृष्टा बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर डॉ. चरणदास महंत ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया स्मरण




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेशभर में माटी पुत्र व लोक नायक स्व.बिसाहूदास महंत की 43वीं पुण्यतिथि मनायी जा रही है। छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं ।

अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं मध्यप्रदेश के प्रथम मंत्रिमंडल में मंत्री, छत्तीसगढ़ महतारी के सपूत, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, मानवता के पुजारी बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष ( पुत्र ) डॉ चरणदास महंत ने उन्हें अपनी ओर से स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, ईश्वर से यही प्रार्थना है कि, हर जन्म मुझे बिसाहू दास की तरह पिता प्राप्त हो। छत्तीसगढ़ के विकास और आपके आदर्शों के अनुरूप अधूरे कार्यों को पूरा करने हम सब संकल्पबध्द हैं।

पुत्रवधु कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने श्रद्धेय बिसाहू दास महंत के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की है, साथ ही रायपुर राजीव भवन में कांग्रेसजनों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की है। जांजगीर, बीडी महंत उद्यान में बिसाहू दास महंत के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, बिलासपुर विधायक शैलेश पांडे, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राम सुंदर दास, बिलासपुर महापौर रामशरण यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित है ।

बता दें कि स्व. बिसाहू दास महंत मध्य प्रदेश के लिए एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे। वे राज्य में कांग्रेस द्वारा निर्मित सबसे सफ ल विधायक थे और उन्होंने बाराद्वार का प्रतिनिधित्व किया, जिन्हें अब निर्वाण क्षेत्रों के लिए क्रमशः एक, दो और तीन शब्दों के लिए नया बाराद्वार, नवागढ़ और चांपा के रूप में जाना जाता है। कृषि के क्षेत्र में सिंचाई के लिए नहरों का ताना-बाना बुनने में स्वर्गीय बिसाहू दास महंत का बड़ा योगदान रहा है, साथ ही कोसा एवं बुनकर व्यवसाय को प्रदेश से लेकर विदेशों तक जो ख्याति प्राप्त है उनमें स्वर्गीय बिसाहू दास का अतुलनीय योगदान रहा है।

# क्या आरपीओ की दरों में बढ़ोत्तरी से बढ़ जाएंगी बिजली की दरें

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार ने हाल ही में नवीकरणीय खरीद प्रतिज्ञापत्र (आर.पी.ओ.) पर नई दरों का एलान किया है। यह दरें लगभग 22 फीसदी के आसपास है। आर.पी.ओ. का संबंध देश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने से है। चूंकि आर.पी.ओ. समवर्ती सूची का मसला है इसलिए केंद्र ने नई दरों के एलान के साथ ही राज्य सरकारों के विवेक पर यह छोड़ दिया है कि वे राज्य में उत्पादित होने वाली नवीकरणीय ऊर्जा के अनुपात में आर.पी.ओ. की दरें तय करें।

केंद्र की नई दरों के बाद छत्तीसगढ़ ने आर.पी.ओ. की ठीक वहीं दरें जस की तस निर्धारित कर दी हैं जो दरें केंद्र की थीं। यानी राज्य सरकार का कहना है कि प्रदेश के कैप्टिव ऊर्जा संयंत्रों को 21.8 फीसदी की दर से नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आर.ई.सी.) खरीद करना होगा।

आर.ई.सी. की खरीद राज्य सरकारों की ओर से इसलिए अनिवार्य की जाती है ताकि वे अपने राज्य को हरित राज्य बनाने के मानकों पर तैयार कर सकें। यह भी तथ्य है कि इस पूरे प्रकरण में ज्यादातर राज्यों को कोई राजस्व नहीं मिलता। छत्तीसगढ़ राज्य का लगभग 50 फीसदी क्षेत्रफल घने जंगलों से घिरा है। ऐसे में ही इस राज्य में नवीकरणीय विद्युत के उत्पादन की संभावनाएं पहले ही कम हैं। राज्य के शेष क्षेत्रफल में नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की स्थापना की संभावित क्षमता का जो आंकलन है वह लगभग 1.8 फीसदी बैठता है।

पड़ोसी राज्य ओडीशा की स्थिति को देखें तो वहां नवीकरणीय ऊर्जा की संभावित क्षमता का आंकलन 2.69 प्रतिशत के आसपास है जबकि ओडीशा ने अपने यहां कैप्टिव ऊर्जा संयंत्रों के लिए आर.पी.ओ. की दरें 3 फीसदी के आसपास निर्धारित की है। निवेशकों की दृष्टि से आर.पी.ओ. की यह दरें अत्यंत आकर्षक हैं और राज्य में निवेश के लिए प्रोत्साहित करती हैं। तार्किक दृष्टि से देखें तो यदि छत्तीसगढ़ में किसी कैप्टिव ऊर्जा संयंत्र को अपनी उत्पादन क्षमता के अनुपात में नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र की खरीद करनी है तो वह 1.8 फीसदी के अनुपातिक दर पर या अधिक से अधिक इसके दोगुने दर पर खरीद करे तो कैप्टिव ऊर्जा संयंत्र इसके वित्तीय परिणामों को आसानी से झेल जाएंगे। जबकि 21.8 फीसदी के अतार्किक दर से यदि आर.ई.सी. की खरीद की जाए तो न सिर्फ राज्य से बड़ा राजस्व दूसरे प्रदेशों को चला जाएगा बल्कि राज्य में बिजली की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाएगी।

छत्तीसगढ़ राज्य में आर.पी.ओ. की दरों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी से यह आशंका है कि सी.पी.पी. तालाबंदी की स्थिति में पहुंच जाएंगे। इससे ऊर्जा संयंत्रों में नियोजित हजारों लोगों के समक्ष रोजगार का संकट उत्पन्न हो सकता है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में ऊर्जा संयंत्र पहले ही विद्युत शुल्क, जल शुल्क, निगम शुल्क सहित राज्य के अन्य करों के रूप में बड़ी राशि राजस्व के रूप में योगदान करते हैं। 21.8 फीसदी का आर.पी.ओ. का अतिरिक्त बोझ कैप्टिव ऊर्जा संयंत्रों की कमर तोड़ देगा। भारत ने वर्ष 2022 तक 175 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही अनेक नीतियां क्रियान्वित की गई हैं जिससे अर्थव्यवस्था में इस नवीकरणीय ऊर्जा की मांग पैदा करने का वातावरण विकसित किया जा सके। एक महत्वपूर्ण मानक के रूप में, बिजली अधिनियम 2003 में यह स्थापित किया गया है कि विद्युत आधारित उद्योग, जिनमें ऐसे उद्योग भी शामिल हैं जिनके पास स्वयं का कैप्टिव विद्युत संयंत्र है, वे नवीकरणीय खरीद प्रतिज्ञापत्र (आर.पी.ओ.) से बंधे होंगे। उद्योग के लिए या तो निर्दिष्ट नवीकरणीय ऊर्जा (आर.ई.) स्त्रोत से बिजली खरीदना जरूरी है या फिर उन्हें बाजार से नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आर.ई.सी.) क्रय करना आवश्यक है।

# वरिष्ठ पत्रकार राजा दास के निधन पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

द हितवाद के वरिष्ठ पत्रकार राजा दास के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि ईश्वर इस दुख की घड़ी में परिवारजनों को सहनशक्ति एवं मृत आत्मा को शांति प्रदान करे।



वरिष्ठ पत्रकार राजा दास के निधन पर प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, महामंत्री प्रशासन रवि घोष, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, राजेंद्र तिवारी सदस्य, रमेश वर्ल्यानी सदस्य, आर.पी. सिंह सदस्य, सुरेंद्र शर्मा सदस्य, सुशील आनंद शुक्ला सदस्य, विकास दुबे सदस्य, संदीप साहू सदस्य, नितिन भंसाली सदस्य, अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव सदस्य ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

वरिष्ठ पत्रकार राजा दास के निधन पर प्रदेश प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी, धनंजय ठाकुर, विकास तिवारी, मोहम्मद असलम, एडवोकेट सुरेंद्र वर्मा, एम.ए. इकबाल, वंदना राजपूत, आलोक दुबे जगदलपुर, अभय नारायण राय बिलासपुर, जनार्दन त्रिपाठी सरगुजा, कमलजीत पिंटू राजनांदगांव, कृष्णकुमार मरकाम धमतरी, विकास विजय बजाज, अजय गंगवानी, प्रकाशमणि वैष्णव, अशुंल मिश्रा ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अनुकंपा नियुक्ति के लिए भटक रहीं शिक्षकों की पत्नियां, रायपुर की सड़कों पर बीत रही रातें

## बोलीं- चुनाव से पहले वादा, सरकार बनी तो भूले, जैसी योग्यता, वैसी नौकरी दें



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

विधवा महिलाएं सरकार से नौकरी मांग रहीं हैं। 'जब पति जिंदा थे, बच्चों की हर ख्वाहिश पूरी करते थे। आज मैं उन्हें पढ़ने तक नहीं भेज पा रही। कमाने वाला कोई नहीं है। मजदूरी करके बस खाने के लिए राशन ही खरीद पाते हैं। हमें अनुकम्पा नियुक्ति दी जानी थी, लेकिन अब तक नहीं मिली। कम से कम नौकरी मिल जाती तो कुछ सहारा मिलता। हमारी कोई सुन नहीं रहा...।'

यह तकलीफ भैरमगढ़ से आई उमा नेताम की है। अपनी जिंदगी का सच बताते हुए उमा का गला भर आया। उमा जैसी ही कई विधवा महिलाएं दो दिनों से रायपुर में धरना दे रही हैं। यही खुले आसमान के नीचे, कीचड़, गंदगी और बदबू में रात बिता रही हैं।

इन सभी महिलाओं के पति प्रदेश के अलग-अलग जिलों में पंचायत शिक्षक थे। पंचायतों के स्कूल में बच्चों को पढ़ाते थे। किसी की बीमारी तो किसी की हादसे में मौत हो गई। अब पिछले 3-4 सालों से ये महिलाएं पति की मौत के बाद अनुकंपा नियुक्ति की मांग लेकर दर-दर भटक रही हैं। चुनाव से पहले कांग्रेस नेताओं ने इनकी मांग पूरी करने का वादा किया था। ढाई साल बीत गए अब भी इनकी मांग नहीं मानी गई। इसलिए अब रायपुर में धरना स्थल के पेड़ के नीचे धरना देने की मजबूरी है।

# राज्यपाल से छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल अनुसुईया उइके से राजभवन में छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल बरड़िया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार द्वारा ज्वेलरी व्यवसाय में हॉलमार्किंग यूनिक आईडी (एचयूआईडी) नियम लागू किए जाने की अनिर्वायता से इस व्यवसाय से जुड़े लाखों छोटे एवं मध्यम वर्ग के व्यापारियों एवं कारीगरों को होने वाली समस्याओं की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बरड़िया, कोषाध्यक्ष सुरेश भंसाली, सह सचिव जितेन्द्र गोलछा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# कोरोना से बचाव के लिए अब तक 1.16 करोड़ टीके लगाए गए

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com


कोरोना से बचाव के लिए प्रदेश में अब तक (22 जुलाई तक) एक करोड़ 15 लाख 73 हजार 458 टीके लगाए गए हैं। प्रदेश के 94 लाख दस हजार 415 लोगों को इसका पहला टीका और 21 लाख 63 हजार 043 को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। प्रदेश में तीन लाख नौ हजार 094 स्वास्थ्य कर्मियों, तीन लाख 16 हजार 717 फ्रंटलाइन वर्कर्स, 45 वर्ष से अधिक के 50 लाख 59 हजार 784 और 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 37 लाख 24 हजार 820 नागरिकों को कोरोना से बचाव का पहला टीका लगाया जा चुका है। वहीं दो लाख 43 हजार 880 स्वास्थ्य कर्मियों, दो लाख 23 हजार 659 फ्रंटलाइन वर्कर्स, 45 वर्ष से अधिक के 15 लाख 95 हजार 478 तथा 18 से 44 आयु वर्ग के एक लाख 026 लोगों को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। प्रदेश में 91 प्रतिशत स्वास्थ्य कर्मियों, शत-प्रतिशत फ्रंटलाइन वर्कर्स, 45 वर्ष से अधिक के 86 प्रतिशत नागरिकों और 18 से 44 आयु वर्ग के 28 प्रतिशत युवाओं ने कोरोना से बचाव का पहला टीका लगवा लिया है।

वहीं 72 प्रतिशत स्वास्थ्य कर्मियों, 76 प्रतिशत फ्रंटलाइन वर्कर्स और 45 वर्ष से अधिक के 27 प्रतिशत लोगों ने दोनों टीके लगवा लिए हैं। कोरोना सक्रंमण से बचाव के लिए बालोद जिले में अब तक चार लाख दस हजार 627, बलौदाबाजार-भाटापारा में चार लाख आठ हजार 732, बलरामपुर-रामानुजगंज में दो लाख 34 हजार 710, बस्तर में तीन लाख 49 हजार 787, बेमेतरा में दो लाख सात हजार 784, बीजापुर में एक लाख नौ हजार 223, बिलासपुर में सात लाख 30 हजार 484, दंतेवाड़ा में एक लाख 46 हजार 896, धमतरी में तीन लाख 87 हजार 289, दुर्ग में आठ लाख 41 हजार 252, गरियाबंद में एक लाख 96 हजार 858, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में एक लाख 50 हजार 525, जांजगीर-चांपा में पांच लाख 44 हजार 916 और जशपुर में तीन लाख 19 हजार 852 टीके लगाए जा चुके हैं।

# नगर निगम की सामान्य सभा में जनता के मुद्दों को छोड़ कुर्सी पर ही होने लगी बहस

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कुर्सी को लेकर नगर निगम की सामान्य सभा में शुक्रवार को खूब हंगामा हुआ। पीछे कुर्सी मिलने से नाराज दो पार्षद सभापति के सामने जमीन पर बैठ गये। करीब 7 महीने बाद हो रही सामान्य सभा की बैठक में जनता के मुद्दों पर चर्चा होनी थी, लेकिन सदन में हंगामा कुर्सी को लेकर छिड़ गया। सभापति प्रमोद दुबे और महापौर एजाज ढेबर ने दोनों पार्षदों को अपनी सीट पर जाने का अनुरोध किया, लेकिन वो जाने को तैयार नहीं हुए। काफी देर तक इस मामले में हंगामा होता रहा। दरअसल आज रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक हो रही थी। इस दौरान दो पार्षद अमर बंसल और गोपेश साहू को सामने की सीट नहीं मिल पायी। जिससे दोनों पार्षद हंगामा करने लगे।



इस मामले तो भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने सभापति की व्यवस्था पर ही सवाल उठा दिया। वहीं नेता प्रतिपक्ष मिनल चौबे ने भी सीटिंग अरजमेंट को लेकर बातें कही। मृत्युंजय दुबे ने सभापति से कहा कि वो उनसे पहले से चुनाव जीतकर इस सदन में आये हैं, उन्हें नियम का ज्ञान हैं, पार्षदों की बैठने की सीट निर्धारित होनी चाहिये।

# एंटी करप्शन ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई, शिक्षा विभाग के सहायक संचालक और लेखापाल को घूस लेते किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर ने बड़ी कार्रवाई की है। रिश्वत लेते रंगे हाथों दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एन के अग्रवाल सहायक संचालक लोक शिक्षण, शिक्षा विभाग रायपुर को 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। पदांकन परिवर्तित करने के एवज में उन्होंने पैसों की मांग की थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसीबी में की थी। वहीं बलौदाबाजार जिले के बिलाईगढ़ में लेखापाल (सहायक ग्रेड-02) रतराम बंजारे को भी रिश्वत लेते पकड़ा गया है। एसीबी की टीम ने 15 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। लेखापाल बीईओ कार्यालय में पदस्थ है। प्रार्थी के पिता से जीपीएफ, जीआईएस, ग्रेजुटी और मेडिकल क्लेम निकालने के एवज में 2 लाख 35 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। बेटे ने एसीबी से शिकायत की, जिसके बाद छापेमार कार्रवाई कर 15 हजार नगद रिश्वत लेते पकड़ा गया। एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) की टीम ने दोनों आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। इनके खिलाफ आगे की कार्रवाई जारी है। ईओडब्ल्यू/एसीबी के निदेशक आरिफ एच. शेख के निर्देशन में और पंकज चंद्रा, पुलिस अधीक्षक, ईओडब्ल्यू/एसीबी के नेतृत्व एवं अमृता सोरी ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसीबी के हमराह में एसीबी यूनिट रायपुर, की टीम ने यह कार्रवाई की है।



## मछली पालन से जुड़े दो लाख से अधिक मत्स्य कृषकों और मछुआरों को मिलेंगी कई तरह की सहूलियतें

# छत्तीसगढ़ में मछली पालन को कृषि का दर्जा : 2 लाख 20 हजार लोगों के जीवन में आएगा बदलाव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कैबिनेट द्वारा बीते 20 जुलाई को राज्य में मछली पालन को कृषि का दर्जा देने का फैसला सराहनीय है। सरकार के इस फैसले से मछुआरों को मत्स्य पालन के लिए किसानों के समान ब्याज रहित ऋण सुविधा मिलने के साथ ही जलकर और विद्युत शुल्क में भी छूट का लाभ मिलेगा। इससे राज्य में मछली पालन को बढ़ावा मिलने के साथ ही इससे जुड़े 2 लाख 20 हजार लोगों की स्थिति में सकारात्मक बदलाव आएगा। छत्तीसगढ़ राज्य में बीते ढाई सालों में छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों से मछली पालन के क्षेत्र में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। राज्य में ढाई सालों में मत्स्य बीज उत्पादन के मामले में 13 प्रतिशत और मत्स्य उत्पादन में 9 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। कृषि का दर्जा मिलने से मत्स्य पालन के क्षेत्र में राज्य अब और तेजी से आगे बढ़ेगा, यह संभावना प्रबल हो गई है। छत्तीसगढ़ राज्य में मत्स्य पालन के लिए अभी मछुआरों को एक प्रतिशत ब्याज पर एक लाख तक तथा 3 प्रतिशत ब्याज पर अधिकतम 3 लाख रुपए तक ऋण मिलता था। इस क्षेत्र को कृषि का दर्जा मिलने से अब मत्स्य पालन से जुड़े लोग सहकारी समितियों से अब अपनी जरूरत के अनुसार शून्य प्रतिशत ब्याज पर सहजता से ऋण प्राप्त कर सकेंगे।



किसानों की भांति अब मत्स्य पालकों एवं मछुआरों को क्रेडिट कार्ड की सुविधा मिलेगी। राज्य में मछली पालन के लिए 30 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई बांधों एवं जलाशयों से नहर के माध्यम से जलापूर्ति आवश्यकता पड़ती थी, जिसके लिए मत्स्य कृषकों एवं मछुआरों को प्रति 10 हजार घन फीट पानी के बदले 4 रूपए का शुल्क अदा करना पड़ता था, जो अब उन्हें फ्री में मिलेगा। मत्स्य पालक कृषकों एवं मछुआरों को प्रति यूनिट 4.40 रुपए की दर से विद्युत शुल्क भी अदा नहीं करना होगा। सरकार के इस फैसले से मत्स्य उत्पादन की लागत में प्रति किलो लगभग 10 रुपए की कमी आएगी, जिसका सीधा लाभ मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़े लोगों को मिलेगा। इससे उनकी आमदनी में इजाफा होगा और उनकी माली हालत बेहतर होगी।

# थल सेना भर्ती की लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए 24 को निःशुल्क वाहन की व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय थल सेना की दुर्ग में आयोजित भर्ती रैली में शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों की लिखित परीक्षा 25 जुलाई रविवार को कलिंगा युनिवर्सिटी कोटनी नया रायपुर में निर्धारित की गई है।

उप संचालक रोजगार ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले आवेदक जिला रोजगार कार्यालय, रायपुर से 24 जुलाई दोपहर 2 बजे से रात्रि 11 बजे तक परीक्षा स्थल तक पहुंचने की निःशुल्क सुविधा प्राप्त कर सकते है। जिला रोजगार कार्यालय रायपुर से आवेदकों को परीक्षा स्थल तक ले जाने के लिये अंतिम बस रात्रि 11 बजे प्रस्थान करेगी। अतः आवेदक निर्धारित समय के भीतर अपनी उपस्थिति रोजगार कार्यालय रायपुर में प्रवेश पत्र के साथ देना सुनिश्चित करें। आवेदक यदि स्वयं की व्यवस्था से परीक्षा स्थल तक पहुंचते है तो उनके अल्पसमय के विश्राम की व्यवस्था शासकीय एवं प्राथमिक माध्यमिक शाला कुहेरा में की गई है।

## जिले के दो शिक्षक राज्यपाल सम्मान से हुए सम्मानित

# राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा विडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से शिक्षकों का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित एवं पुरस्कृत करने की परपंरा के तहत राज्य शिक्षक समारोह 2020 वर्चुअल रूप से आयोजित किया गया था। जिसमें राज्यपाल अनुसुईया उईके और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश के कुल 48 शिक्षकों को राज्यस्तरीय सम्मान दिया गया। जिसमें जिले के दो शिक्षक प्राचार्य नरेन्द्र कुमार नायक शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव एवं सहायक शिक्षक पवन कुमार साहू शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा भी शामिल रहे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने शिक्षकों को छात्र जीवन जीने की कला, नैतिकता एवं मूल्य आधारित शिक्षा के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व का निमार्ता बताते हुए कोरोना काल में भी बच्चों की शिक्षा की डोर थामकर उन्हें सही राह दिखाने के लिए शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी शिक्षा को लोक कल्याण का सबसे बड़ा माध्यम निरूपित किया और कहा कि विद्यार्थियों के कोमल मनः मस्तिष्क को शिक्षा में ढालकर ठोस नींव रखने का महान कार्य शिक्षकों द्वारा किया जाता है ताकि छात्र समाज के जिम्मेदार नागरिक बन सके। इस प्रकार मानव समाज के लिए आवश्यक सभी व्यवसायों के ज्ञान के मूलभूत निमार्ता शिक्षक है इसके साथ ही उनके द्वारा कोरोना काल में बच्चों को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन शिक्षा द्वारा अध्यापन कराने एवं लोगों में कोरोना के प्रति जागरूकता लाने के लिए किये गये शिक्षकों के प्रयासों की सराहना भी की गयी।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कार्यालय से स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, कृषि मंत्री रविन्द्र चैबे, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह वर्चुअल रूप से शामिल हुए तथा जिले में कलेक्ट्रेट भवन से कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, जिला मिशन समन्वय महेन्द्र पाण्डे, वेणु गोपाल राव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर ने दोनो शिक्षकों को 21 हजार रूपए, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार नायक द्वारा स्कूल में सुविधाओं के विकास हेतु स्टॉफ एवं एसएनडीसी की सहायता से स्कूल में मूलभूत सुविधाओं, एडुसेड कक्ष एवं सायकल स्टैण्ड निर्माण करवाया गया साथ ही विद्यार्थियों को स्थानीय बैंकों एवं फॉर्मो की सहायता से व्यवसायिक कोर्स को पढ़ाने की व्यवस्था की गयी। इसके अलावा शिक्षा को रूचिकर बनाने के लिए इन्होंने प्रोजेक्टर एवं नवीन चित्रात्मक तथा अंकीय सहायक सामग्री द्वारा अध्यापन के लिए शिक्षकों को प्रेरित करते हुए निःसहाय कमजोर बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें, युनिफॉर्म एवं बोर्ड परीक्षा का शुल्क भी प्रदान किया गया। श्री नायक ने छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल हेतु पुस्तक लेखन में भी सहयोग दिया और इनके नेतृत्व में शाला के विद्यार्थियों द्वारा सफलता के कई आयाम प्राप्त किये गये।

# पहली बारिश में पुल के एप्रोच रोड में पड़ी दरारें

## मिट्टी मुरुम डाल कर छुपायी जा रही लापरवाही



पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

मरोड़ा मार्ग में कोडोली के पास नदी पर 7 माह पहले बने पुल का एप्रोच मार्ग पहले बरसात में ही धंस गया है। उस पर कई बड़ी बड़ी दरारें उभर आयी हैं, जिससे इन दिनों बड़ी दुर्घटना से इंकार नही किया जा सकता, पीडब्ल्यूडी विभाग के लापरवाही के चलते ठेकेदारों के द्वारा अनियमितता पूर्वक कराए गए कार्यो के चलते ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। विधानसभा प्रश्नकाल के दौरान ऐसे घटिया सड़क व पुल पुलिया के हो रहे निर्माण कार्यो के लिए स्थानीय विधायक के द्वारा विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान प्रश्न भी उठाए गए थे, एवं जांच के आदेश दिए गए थे परंतु विभाग के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा है यह चिंता का विषय है।

पुल और एप्रोच मार्ग बनाने के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च तो किए गए परंतु ऐसे निम्न स्तर के कार्य करने वाले ठेकेदारों पर नकेल कसना तो दूर बल्कि दरारों के ऊपर मिट्टी और मुरुम डाल कर भ्रष्टाचार को छुपाया जा रहा है। और इस दिशा में कुछ प्रयास तक संबंधित विभाग की ओर से नहीं हो रहें है और फि लहाल दुघर्टनाओं का सबब बने इन गड्ढों से मार्ग में गुजरने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। एप्रोच रोड दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा है। अगर इस और प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया गया तो किसी भी बड़ी घटना के होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

# वर्तमान परिदृश्य में सामाजिक समरसता बढ़ाने में साहित्य की भूमिका पर संगोष्ठी

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



गुरुपूर्णिमा की पूर्व संध्या पर हिंदी साहित्य भारती जिला इकाई कोण्डागांव द्वारा सामाजिक समरसता में साहित्य की भूमिका पर एक परिचर्चा सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदी साहित्य भारती के प्रांत प्रमुख डॉ बलदाऊ राम साहू ने हिंदी साहित्य भारती के अंतरराष्ट्रीय स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता बढ़ाने वाले साहित्य सृजन को बढ़ावा देने की बात कही। साहित्यकार ब्रजेश तिवारी ने घटती सामाजिक समरसता के तत्वों पर विचार रखे। हिंदी साहित्य भारती के जिलाध्यक्ष व व्यंग विधा के चर्चित हस्ताक्षर उमेश मंडावी ने युवा साहित्यकारों के सृजन को बढ़वा देने हेतु कार्य शाला आयोजित करने पर विचार रखे। चर्चित कवियत्री व उद्घोषक मधु तिवारी ने राष्ट्र वन्दन अतीत के अभिनंदन पर वक्तव्य देते हुए बच्चों में देशभक्ति का जंबा पैदा करने पर बल दिया।इस दौरान अपनी चर्चित कृति समर्थ साहित्यकार व कलाकार सुरेंद्र रावल की प्रति मुख्य अतिथि को सम्मान स्वरूप भेंट की गई।युवा साहित्यकार विश्वनाथ देवांगन ने सामाजिक समरसता में स्थानीय बोलियों के महत्व को प्रतिपादित किया। हिंदी साहित्य भारती जिला कोंडागांव के सभी उपस्थित साहित्यकारों ने हिंदी साहित्य भारती के केंद्रीय व वैदेशिक कार्यकारिणी में छत्तीसगढ़ से सदस्य के रूप में चुने पर डॉक्टर बलदाऊ राम साहू व डॉक्टर सुनीता मिश्रा को बधाई दी। आयोजित संगोष्ठी में कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुए साहित्यकार उपस्थित हुए।

## नपा अध्यक्ष से बीटीओए के सदस्यों ने किया मुलाकात



**किरंदुल।** बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के सैकड़ो सदस्य ने किरन्दुल नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय से उनके घर जाकर मुलाकात की।जिसमें यूनियन में 14 चक्का ना चलने हेतु अध्यक्ष से समर्थन मांगा गया। अध्यक्ष मृणाल राय ने कहा की बीटीओए यूनियन 10 चक्का का यूनियन है और किसी भी हालत में 14 चक्का चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।इस दौरान आकाश गोयल,सोनू साहू,नरेश यादव,तपन दास, ए अनिल, गोरांग साहा, अशीस सिन्हा, आनंद सिंह, सोनू गुप्ता, ज्ञान सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजू रेड्डी तथा सैकड़ो सदस्य मौजूद थे।

# खाद, बिजली, पानी और किसानों की समस्याओं पर भाजपा बोलेगी हल्ला

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



प्रदेश में खाद, बिजली, पानी व किसानों की विभिन्न समस्या को लेकर भाजपा 26 जुलाई को विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन करेगी। इस संबंध में भाजपा जिला कोंडागांव की विशेष बैठक भाजपा जिला कार्यालय अटल सदन में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी, जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जैन, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन साहू सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारीयों की मौजूदगी मे हुई जहां किसानों की आवाज बनकर भारतीय जनता पार्टी ने धरना आंदोलन की विस्तृत रूपरेखा बनाई।

गौरतलब है की प्रदेश के किसानों को खाद की कमी के संकट से जूझना पड़ रहा है। एक ओर सोसाइटियो मे खाद नहीं मिल रही है, वहीं दूसरी ओर खुले बाजार मे खाद ऊंचे दाम पर लेने को किसान विवश है। किसानों की इन विभिन्न समस्याओं जिसमे खाद बीज के संकट के अलावा बिजली पानी की किल्लत के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी आगामी 26 जुलाई को विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। किसान मोर्चा के बैनर तले यह धरना प्रदर्शन प्रदेश की 90 विधानसभा मे होना है। मानसून सत्र के दौरान सदन के अंदर 14 विधायकों के साथ साथ सदन के बाहर सड़क पर पूरी ताकत के साथ भाजपा किसान भाईयो की आवाज बुलंद करेगी। बैठक के दौरान ओम प्रकाश टावरी, जासकेतू उसेंडी, दयाराम पटेल, रौनक दीवान, प्रतोष त्रिपाठी, छोटू सलाम, बंटी नाग, इना श्रीवास्तव, रेखा साहू, लक्ष्मी ध्रुव, जैनेंद्र सिंह ठाकुर, कुलवंत सिंह, संतोष पात्र, सुनील कोर्राम, सुभाष पाठक, सुरेश देवांगन, शनील भंसाली, बालकुवर प्रधान, मंतुराम नेताम, दयाशंकर दीवान, दिलीप दीवान, महेंद्र पांडे, ऋषभ देवांगन, अनिल अग्रवाल, कृष्ण पोयाम, संजू पोयाम, संजू ग्वाल, मनोज साहू, नागेश देवांगन, गामा जायसवाल, विकास दुआ, बिट्टू पाणिग्रही सहित प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या मौजूद रहे।

# दूध नदी में रिटेनिंग वॉल हेतु 2696.92 लाख की स्वीकृत : शिशुपाल शोरी

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



कांकेर नगर के लम्बे अरसों से बाढ़ नियंत्रण हेतु रिटेनिंग वॉल की मांग की जा रही थी जिसे संसदीय सचिव छ.ग. शासन शिशुपाल शोरी ने गंभीरता से लेते हुए स्वीकृति करायी। व्यापारियों एवं नगर के लोग जो बाढ़ की चपेट में आने से प्रतिवर्ष बारिश के मौसम में काफी नुकसान उठाते थे तथा दूध नदी का पानी शहर के बसाहट में आ जाता था जिससे आम नागरिक एवं आस पास के मौहल्ले में रहने वाले लोगों के घर के अन्दर, दुकान में पानी घुस जाने के कारण हमेशा परेशानी बनी रहती थी बाढ़ के साथ गंदे पानी में कई प्रकार के जीव जन्तु भी घरों और दुकानों के अन्दर घुस जाते थे जिससे हमेशा भय वातावरण बना रहता था तथा गंदे पानी के नगरीय बसाहट में आ जाने के कारण कई प्रकार की बिमारिया फैलने लगती थी अब उक्त रिटनिंग वॉल निर्माण होने से इन सब समस्याओं से लोगों को निजात मिलेगी। उक्त कार्य छ.ग. शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के द्वारा दिनांक-20.07.2021 को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। शहर से गंदे पानी नालियों के माध्यम से दूध नदी में अभी तक बहायी जाती रही है जिससे दूध नदी का जल दुषित हो जाता है दूध नदी के आस पास विचरण करने वाले पशु-पक्षी उक्त गंदे पानी को पीने से रोग ग्रस्त होकर मृत्यु तक हो जाता था अब नगर से निकलने वाले नालियों के माध्यम से गंदे पानी को एक बड़े नाली के माध्यम से सिवरेज ट्रिटमेन्ट प्लांट के माध्यम से पानी को साफ करके दूध नदी में बहाया जायेगा जिससे दूध नदी में स्वच्छ जल की धारा प्रवाहित होगी, जिसके संसदीय सचिव एवं विधायक शिशुपाल शोरी के द्वारा 22 करोड़ रूपये की स्वीकृति दिलवायी गई है।

# शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं द्वारा किया जा रहा है टीकाकरण का सर्वे



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल नगरपालिका क्षेत्र में शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्ताओं द्वारा कोरोना टीकाकरण का सर्वे किया जा रहा है।जिसके तहत शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 04 धर्मपुर कैंप बंगाली कैंप के 164 घरों में डोर टू डोर जाकर 18+,45+ एवं 60+ आयुवर्ग के कितने लोगों को प्रथम डोज़ दूसरा डोज़ लग चुकी है इसके बारे में जानकारी ली गई इसके साथ ही टीकाकरण के लिए शेष बचे है और किन कारणों से लोग अब तक वैक्सीन नहीं लगवाएं है इस विषय में चर्चा की गई।इस कार्य में कालिन्द्री ठाकुर,झरना मंडल और शहनाज़ का सहयोग रहा।

# दो दिन की बारिश से किसानों के चेहरें खिले

- अच्छी फसल के लिए किसान जुटे कृषि कार्य में

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले में पिछले 15 दिनों से बारिश नही होने से किसानो को अपनी फसल खराब होने की चिंता सताने लगी थी। किसानों के चेहरों पर जो चिंता की लकीरे नजर आ रही थी वो दो दिनों से हुई झमाझम बारिश ने कुछ हद तक राहत पहुचाई है और किसान फिर खेतो में कृषि कार्य मे जोर शोर से जुट गए है। किसान खेतो में रोपा लगाते हुए दिखाई दे रहे है वही कई किसान खेतो में हल जोतते नजर आए। किसानों का कहना है कि दो दिनों की बारिश ने कुछ राहत तो दी है लेकिन बारिश अभी और होनी चाहिए जिससे फसल अच्छी होगी। जिले में अब तक 509.3 मिलीमीटर औसत वर्षा जिले में चालू मानसून के दौरान एक जून से अब तक 509.3 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गयी है। नारायणपुर विकासखंड में पिछले 24 घंटों में 19.6 मिलीमीटर और ओरछा विकासखण्ड में 30.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है।

## तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय में हुई बैठक

# किसानों की समस्याओं को लेकर 26 को भाजपा करेगी विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com




खाद की कमी से जूझ रहे प्रदेश के किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी आगामी 26 जुलाई को पूरे प्रदेश में विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। भाजपा किसान मोर्चा के बैनर तले यह विशाल धरना प्रदर्शन राज्य के सभी 90 विधानसभाओं में एक साथ किया जायेगा। जिसकी तैयारियों के संबंध में आज भाजपा जिला कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक जिला संगठन प्रभारी भाजपा भरत मटियारा,भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक ठाकुर,भाजपा किसान मोर्चा जिला प्रभारी प्रवीर बदेशा,भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन,किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंगडू नूरेटी,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्षद्वय रुपसाय सलाम,नारायण मरकाम,जिलामंत्री मरण शील,वरिष्ठ भाजपा नेता जागेश्वर सिंह ठाकुर के आतिथ्य मे सम्पन हुई। बैठक को आलोक ठाकुर,भरत मटियारा,प्रवीर बदेशा,बृजमोहन देवांगन,नारायण मरकाम,जागेश्वर सिंह ठाकुर ने संबोधित करते हुये कहा कि प्रदेश के किसानों को खाद की कमी से जूझना पड़ रहा है,एक ओर सोसायटी में खाद नहीं मिल रही है और दूसरी ओर खुले बाज़ार मे खाद की ऊँचे दामों में बिक्री हो रही है। यह सब कांग्रेस सरकार की गलत नीति व नीयत की वजह से हो रहा है। किसानों की आवाज़ बन कर भारतीय जनता पार्टी ने धरना आंदोलन की रुपरेखा बनायी है।जिसमें भाजपा के समस्त मोर्चा,प्रकोष्ठ,मंडल व जिले के पदाधिकारी,कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में धरना की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक का संचालन भाजपा महामंत्री संजय नंदी व आभार प्रदर्शन किसान मोर्चा महामंत्री बिन्देश महावीर ने किया।

इस अवसर पर रतन दुबे,रतन सलाम, प्रभूनाथ देवांगन, प्रताप मंडावी, संतनाथ उसेंडी,जयप्रकाश शर्मा, संजय तिवारी,रजमन कौर्राम, टीएल साहू, प्रशांत सिंह, सुदीप झा, जैकी कश्यप, अभिषेक झा,सचिन जैन, राकेश कावडे, पंकज जैंन, घनश्याम नेवरिया, प्रभूलाल दुग्गा, प्रेम उसेंडी, सुखमन कचलाम, प्रवीण जैन, रवि साहू, शैलेश साहू, राजेन्द्र प्रजापति, बिट्टू अंगीरा, रीता मंडल, प्रमिला प्रधान,केसर निषाद, अनिता कुरेटी,पुष्पलता मांझी, राजबती दुग्गा, नीलू नाग सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

सूचना

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल, मोवा, रायपुर में **एक्सरे-टेक्निशियन** कोर्स करने हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं जल्द से जल्द संपर्क करें। चयनित छात्र के फीस का 50% प्रतिशत स्कॉलरशिप श्री बालाजी मेडीकल फाउंडेशन द्वारा वहन किया जावेगा। **स्थान सीमित है।**

संपर्क 7471130598

# राज्य सरकार के खिलाफ महिला मोर्चा को आगे आना पड़ेगा : शालिनी राजपूत

## भाजपा महिला मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक में हुआ कई मुद्दों पर चर्चा

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक गुरुवार को साहू समाज भवन में सम्पन्न हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि अभी से महिला मोर्चा की कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं और बूथ स्तर पर महिलाओं को जोड़ें। उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार की विफलताओं को उजागर करने के लिए महिला मोर्चा की कार्यकताओं को गांव-गांव जाना पड़ेगा। मुद्दे अनेक हैं, शराबबंदी की घोषणा की गई थी, लेकिन शराबबंदी नही हो पाई है। छत्तीसगढ़ में अत्याचार और दुष्कर्म के मामले में वृद्धि हुई है, जिसे रोकने में कांग्रेस की सरकार विफल है। प्रदेश में महिलाएं असुरक्षित हैं। महिला मोर्चा राज्य सरकार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम करेगी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजू नायक ने की। इस दौरान एथलीट में तलवारबाजी खेल में अपनी प्रतिभा दिखाने वाली छात्रा वैदिका खुशी रावना को सम्मानित किया गया। राजपूत ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन अब महिलाओं को संगठित करने के लिए खादी को प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं मोर्चा द्वारा रक्षाबंधन, हरियाली, तीज और सावन उत्सव मनाया जाएगा। महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार महिलाओं को अपमानित करने में लगी हुई है। अब समय आ गया है कि राज्य सरकार के खिलाफ महिलाओं को आगे आना होगा। भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में महिलाएं अब कांग्रेस सरकार के विरोध में सड़क पर उतरेगी। जिला महिला मोर्चा संगठन प्रभारी आशा दुबे ने संगठन के कार्यक्रमों की समीक्षा की। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री पिंकी शाह ने कहा कि महिला हर क्षेत्र में कार्य कर रही है। भाजपा में ही महिलाओं का सम्मान है। आव्हान किया कि राज्य सरकार के खिलाफ महिला मोर्चा विरोध में उतरे। जिला अध्यक्ष नायक ने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकताएँ संगठित होकर कार्य करेंगी। वहीं बूथ स्तर तक भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ता तैयार किए जाएंगे। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्वेता शर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के छत्तीसगढ़ प्रभारी संदीप शर्मा, रामकुमार साहू, भाजपा जिला महांमत्री अनिल चंद्राकर, कोषाध्यक्ष राहुल सेन, देवसिर सिन्हा, मोर्चा जिला महामंत्री बिंदु सिन्हा, शीतला पांडेय, मिलेश्वरी साहू, पुष्पा साहू, रेणुका साहू, मंडल अध्यक्ष खि़रमनी हरपाल, महामंत्री सीमा जांगड़े, जनपद अध्यक्ष गरियाबंद लालिमा ठाकुर, तोकेश्वरी मांझी, नेहा सिंघल, तनु साहू, संतोषी श्रीवास्तव, गुलेश्वरी ठाकुर, भाजयुमो जिला अध्यक्ष डॉ. योगीराज कश्यप, सोमप्रकाश साहू, कमल सिन्हा, लालाराम साहू, गुरुनारायण तिवारी, मंजुलता गुप्ता, अनिता यादव, श्रुति धुरवा, चित्ररेखा ध्रुव, तारिणी ध्रुव, पदमा यदु, सुनीता झारिया, सरला उइके, प्राची कुटारे, शांति कोसरे, कुमारी पटेल, अहिल्या मांझी, हेमलता ध्रुव सहित जिले के महिला नेत्री उपस्थित थे।

# अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया ने तालाब से जलकुंभी को हटवाया

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



तिल्दा-नेवरा का तालाब जलकुंभी से भर गया है जिसकी जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया ने त्वरित कार्यवाही करते हुए स्वयं अपने सामने सफाई करवाना प्रारम्भ करवा दिया सफाई का कार्य मछली पालन करने वाले समूह के द्वारा किया जा रहा है तथा कचरा को फेकने के लिए पालिका के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है तालाब की सफाई होते देख वार्ड वासियों में खुशी की लहर व्याप्त है लोगो ने अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया को धन्यवाद दिया और उनके इस कार्य की सराहना किया इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया ने कहा की भूजल स्तर बचाने के लिए सभी को आना होगा आगे : तालाब हमारे लिए जल श्रोत प्रमुख आधार है। सदियों से हमारे देश में वर्षा के जल का संचय होता आया है। हमारे देश में वर्षाजल का संग्रह और भविष्य की जरूरतों के लिये उनके संरक्षण पर सदियों से अमल किया जाता रहा है। वर्तमान में सभी परंपरागत जल स्त्रोत के प्रति लोगों में नकारात्मक सोच में बदलाव लाना होगा। दिनों-दिन जल संकट के भयावह रूप धारण कर लेने से अब जल प्रबंधन प्रणाली में सुधार करने और पानी की परम्परागत प्रणाली को पुनर्जीवित करने की जरूरत महसूस की जाने लगी है। तालाब एवं कुएं की साफ सफाई कर जल संरक्षण किया जा सकता है। आज के दौर में तेजी से बढ़ते फर्श के कंक्रिट ने प्रकृति को बेबस कर दिया। अब शहर तो शहर गाँव भी इससे अछूते नहीं रहे। एल्डर मेन स्वेजा परवीन ने कहा कि निजी कुएं व तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए स्थानीय लोगों को आगे आना होगा। पानी के बिना जीवन असंभव है। लेकिन दुख इस बात का है मानव के अस्तित्व के लिये जरूरी जल को वही मानव सुरक्षित नहीं रख सका।

# राहुल राव का एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया

**तिल्दा नेवरा।** युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल राव एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को रायपुर पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। राहुल राव युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के कार्यकर्ताओं का साक्षात्कार करने राजीव भवन पहुंचे। उन्होंने प्रेस वार्ता कर मीडिया से संवाद किया और सभी कार्यकर्ताओं का साक्षात्कार कर उन्हें नई जिम्मेदारी प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस मीडिया विभाग प्रमुख निखिल द्विवेदी ने चयनित कार्यकर्ताओं को युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल राव के साथ साक्षात्कार कराये प्रदेश में मचे विवाद के बीच राहुल राव ने नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची को ट्वीट किया और सभी को बधाई भी दी। इस सूची को आईवाईसी मीडिया छत्तीसगढ़ के ट्विटर हैंडल से पोस्ट किया गया है। इस सूची में 13 स्टेट कोआर्डिनेटर और सभी जिलों में चेयरमैन की घोषणा की गई है।

# रामनारायण ने मुख्यमंत्री को उनकी तस्वीर भेंट कर ज्ञापित किया धन्यवाद



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम.आर. निषाद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भवन में नवनिर्वाचित मछुआ कल्याण बोर्ड के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सरायपाली शहर कांग्रेस के अध्यक्ष आर एन. आदित्य अधिवक्ता छत्तीसगढ़ प्रदेश मछुआ कल्याण बोर्ड के नवनिर्वाचित सदस्य के द्वारा मुख्यमंत्री को उनकी तस्वीर भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया, इस अवसर पर राजेंद्र धीवर उपाध्यक्ष, दिनेश फुटान , अमृता निषाद ,प्रभु देव , विजय धीवर दिलीप लहरिया , प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# भूपेश सरकार के द्वारा किसानों के साथ किए जा रहे विश्वासघात को लेकर भाजपा 26 को करेगी धरना प्रदर्शन : शिवरतन

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com




प्रदेश कांग्रेस की भूपेश सरकार के द्वारा किसानों के साथ किए जा रहे विश्वासघात को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 26 जुलाई को प्रदेश स्तरीय होने वाले आंदोलन के तहत भाटापारा में भी विधायक शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में कृषि मंडी के सामने दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यालय में चारों मंडलों के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक रखी गई थी जिसे संबोधित करते हुए विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि 15 साल से सत्ता के लिए तड़प रही कांग्रेश किसानों को झूठे सब्जबाग दिखाकर सत्ता तो प्राप्त कर ली लेकिन सत्ता पाते ही इन्होंने अपना असली रूप दिखाना शुरू कर दिया है आज इस भूपेश सरकार में अगर सबसे ज्यादा कोई ठगा गया है तो वह तो छत्तीसगढ़ का किसान ही है पहले तो इस सरकार ने 25 ?100 प्रति कुंटल धान खरीदने की बात कह कर किसानों को किस्तों में पैसे देकर रुला दिया और अब जब खरीफ फसल के लिए किसानों को खाद की सख्त आवश्यकता है तो इस सरकार के राज में किसान यूरिया खाद के लिए भटक रहे हैं और किसानों को सोसायटी ओं में किसानों से ही ?2 किलो में खरीदा गया गोबर कंपोज के नाम पर ?10 किलो में जबरदस्ती दिया जा रहा है और किसानों को प्रमाणित बीज की जगह मूसे वाला एवं कचरे वाला धान दिया जा रहा है जिसके बीज में अंकुरण नाम की कोई चीज ही नहीं रह गई है इसीलिए भारतीय जनता पार्टी ने इस भूपेश सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है आप लोगों को 26 जुलाई को अधिक से अधिक अपने यहां से किसानों को लेकर आना है। वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडे ने कहा कि इस सरकार के राज में चारों तरफ अत्याचार और आतंक का माहौल है पूरे प्रदेश में शराब की नदियां बह रही हैं अभी हमने शिमला में ही 400 पेटी शराब बिना बिल के पकड़ा जब सरकार ही खुलेआम अवैध शराब बेच रही हो तो समझा जा सकता है कि यह सरकार हमारी नौजवान पीढ़ी को कहां तक लेकर जाएगी हमें सब मिलजुल कर इस सरकार की दमनकारी नीतियों का मुकाबला करना है इसके लिए हमें संगठित होकर माकूल जवाब देना होगा। किसान मोर्चा के महामंत्री हेमं सिंह चौहान, सिमगा जनपद के पूर्व अध्यक्ष आनंद यादव ने भी कार्यकर्ताओं से अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक लोगों को लाने की अपील की बैठक का संचालन पूर्व जनपद उपाध्यक्ष देवांगन ने किया आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष मनिंदर सिंह ने किया इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी, सिमगा मंडल अध्यक्ष केजू बघेल, जिला मंत्री महाबल बघेल, पूर्व पालिका अध्यक्ष डॉ मोहन बांधे वरिष्ठ भाजपा नेता सलीम खान महिला मोर्चा की अध्यक्ष नीरा देवी साहू, चंद्रकला साय, फूलबाई धृतलहरे सविता मानिकपुरी, महामंत्री चंद्र मणि तिवारी गोपाल देवांगन योगेश अनंत रामकुमार साहू पुरुषोत्तम यदु, देवेंद्र साहू, गोविंद पटेल खगेंद्र यादव, उमाशंकर वर्मा चंद्र प्रकाश साहू कमल तिवारी कमलेश साहू, मोहन धिकरे, पवन वर्मा रोशन साहू, राजा काम नानी, नंदकिशोर अग्रवाल सतीश सोनी आशीष टोडर अविनाश शर्मा संतोष साहू रवि आडिल अश्वनी चंद्राकर, दुष्कर्म वैष्णव अजीत निषाद ईश्वरी मारकंडे राजेश साहू आशीष जायसवाल शेखर ठाकुर, शिव वर्मा कुंज राम कोसले, रवि पांडे, राजा शर्मा, राकेश मांधान, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया आत्माराम का श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित

पायनियर संवाददाता < पिथौरा
www.dailypioneer.com



कोरोना काल मे नगरवासियों को दी गई उत्कृष्ट सेवाओं एवं आपदा के दौर में भी विकास कार्यों को अनवरत जारी रखने के लिए जिला कलेक्टर डोमन सिंग ठाकुर ने नगरपंचायत पिथौरा की जमकर तारीफ की तथा इसके लिए नगरपंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी समेत खंड चिकित्सा अधिकारी तारा अग्रवाल को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने कोरोना की संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा भी की। नगर के विकाश कार्यों व आगामी सभी कार्यों की समीक्षा की, कलेक्टर ने कहा की पिथौरा नगरी क्षेत्र सभी कार्यक्रमों मे बेहद सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है टीकाकरण 136 प्रतिशत सर्वप्रथम भी नगर मे ही किया गया, आगामी दिनों मे तीसरी लहर की आशंका है जिसकी पूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिए.

कोरोना की पहली लहर में नरसेवा नरायण सेवा समिति के माध्यम से निर्धन जनो में अनाज वितरण, दूसरी लहर में अध्यक्ष के अथक प्रयासों से पिथौरा नगर में कोविड सेंटर का शुभारंभ और जन सहयोग से आवश्यक संसाधनों की पूर्ति , एवं शत ।प्रतिशत कोविड टीकाकरण के लिए नगर के वार्डो एवं गलियों में घूम घूमकर टीकाकरण के लक्षय प्राप्ति में जिले में अव्वल रहने वाले नगरपंचायत पिथौरा की सक्रिय भूमिका से प्रभावित होकर महासमुंद जिला कलेक्टर डोमन सिंह आज औचक ही पिथौरा के नगरपंचायत कार्यलय पहुंचे और उन्होंने सेवाभावी कार्यो में अग्रणी भूमिका निभाने वाले युवा नगर अध्यक्ष आत्माराम यादव को सम्मानित किया। उन्होंने नगर अध्यक्ष के टीम की सराहना करते हुए कहा कि कोरोना आपदा प्रबंधन के अलावा कठिन दौर में नगरपंचायत पिथौरा विकास कर्यो में भी अव्वल रहा है। कलेक्टर सिंह ने कोरोना के संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए पूरी तरह सजग और तैयार रहने की अपील की।

नगरपंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव ने अभिनन्दन से अभिभूत होकर कहा कि यह पूरे नगर का सम्मान है। नगरवासियों एवं वार्ड पार्षदों व मेरे समस्त नगरपंचायत कर्मियों के निरंतर सहयोग से ही यह सब सम्भव हो सका है। कठिन दौर में सामंजस्य ,एकजुटता आवर समन्वय पिथौरा वासियो की हमेशा से खासियत रही है। हमारे प्रयासों को जनता का भरपूर सहयोग और आशीर्वाद मिला। जिले के प्रशासनिक प्रमुख के द्वारा हमारे कार्यों का मूल्यांकन किया गया , यह हमारे लिए खुसी की बात है। मैं नगरवासियों की ओर से जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापन करता हूं।

उक्त सम्मान कार्यक्रम में जिला सीओ नगरपंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव उपाध्यक्ष दिलप्रीत खानुजा , समस्त पार्षद गण एल्डरमेन ,विधायक प्रतिनिधि एसडीम बी एस मारकम पिथौरा महेन्द्र गुप्ता नगरपंचायत पिथौरा बीएमओ तारा अग्रवाल समेत अन्य शासकीय कर्मचारी मौजूद थे।

# ओलिंपिक खेलों के प्रति बच्चों को जागरूक करने चीयर फॉर इंडिया मुहिम का हुआ रंगारंग शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com




जिला ओलिंपिक संघ बलोदाबाजार भाटापारा के बैनर तले भारतीय खिलाड़ी का दल जो टोक्यो ओलंपिक्स 2020 के लिए रवाना हो चुका है उनके प्रोत्साहन हेतु चीयर फ़ॉर इंडिया मुहिम के तहत सेल्फी पॉइंट का शुभारंभ जय स्तम्ब चौक भाटापारा वरिष्ठ खिलाड़ियों, खेल संघ के प्रतिनिधि एवं खिलाड़ियों के द्वारा किया गया जिसमे प्रमुख रूप से जिला ओलिंपिक संघ सचिव हृदानन्द साहू जिला बास्केटबॉल संघ संघ अध्यक्ष राजकुमार मल, वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी अजयकांत शुक्ला, जिला कराते संघ सचिव अजय यादव, जिला जूडो संघ सचिव सुरेश राव, छत्तीसगढ़ कुराश संघ सचिव आदित्य सिंह, जिला नेटबाल सचिव अमित तिवारी व्यायाम शिक्षक आलोक गुप्ता, गोपी देवांगन, वर्षा मिरी, गोपाल साहू, निर्मल जांगड़े, रामबिहारी ठाकुर, राहुल रजक आदि ने अपना सहयोग प्रदान कर चीयर फ़ॉर इंडिया मुहिम की शुरुवात की।

## आहार की गर्मी ने बढ़ाया अंडा-चिकन का भाव

# उपभोक्ता की तलाश में होलसेल और रिटेल मार्केट

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



पहले लॉकडाउन ने मारा। अब कुक्कुट आहार में आई तेजी मार रही है। सीजन करीब आ चुका है लेकिन शुरुआत के दौर में जैसा उठाव होना चाहिए, वैसा होता दिखाई नहीं दे रहा है क्योंकि आहार की गर्मी से उत्पादन की कीमत भी बढ़ चुकी है। जैसे आसार बने हुए हैं, उसे देखते हुए अंडा-चिकन में भाव कम होने की संभावना नहीं है।

कोरोना और लॉकडाउन ने इस बाजार की गति पर जो ब्रेक लगाया, वह अब हटाया जा चुका है लेकिन इसने अब भी वैसी स्पीड नहीं ली है, जैसी होनी चाहिए। फार्म संचालकों के अनुसार इसके पीछे कुक्कुट आहार की बढ़ती कीमत, बड़ी वजह बन रही है। खरीदी तो हो रही है लेकिन मात्रा बेहद कम है क्योंकि कीमत बढ़ चुकी है। जबकि उत्पादन की गति सामान्य बनाए रखने के लिए आहार की खरीदी बराबर करनी पड़ रही है। लिहाजा संकट का दौर बरकरार है।

**कुक्कुट आहार में गर्मी :** मक्का, सोयाबीन और बाजरा जैसे कुक्कुट आहार की कीमत लगातार बढ़त ले रही है। इन सभी सामग्रियों की कीमत में 50 से 60 फ़ीसदी की तेजी के बाद फार्म तक पहुंच महंगे में पड़ रही है। ऐसे में अंडा, चिकन और दूसरे पोल्ट्री उत्पादन की कीमत में इजाफा करना मजबूरी माना जा रहा है। बढ़त का असर उठाव पर सीधे पड़ने से एक बात सही साबित हो रही है कि संकट का दौर अभी भी खत्म नहीं हुआ है।

**सीजन की निकल रही मांग :** पोल्ट्री फॉर्म के लिए चालू माह को सीजन का शुरुआती माह माना जाता है लेकिन यह दौर जैसा बना हुआ है, उसे आने वाले दिनों के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा रहा है। खरीदी तो हो रही है लेकिन मात्रा आधी से भी कम है। होलसेल और रिटेल मार्केट अब भी कीमत कम होने की राह देख रहा है।

**अंडा हो रहा गर्म :** होलसेल मार्केट में अंडा 550 से 570 रुपए सैकड़ा पर मिल रहा है, तो रिटेल काउंटर तक पहुंचते-पहुंचते यह 700 से 720 रुपए तक हो जा रहा है। चिकन को किचन तक पहुंचने में भी यही दिक्कत आ रही है। होलसेल काउंटर में 100 से 150 रुपए किलो पर मिल रहे चिकन को किचन तक पहुंचने के लिए 250 रुपए किलो के रास्ते का सहारा लेना पड़ रहा है।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 सितम्बर को

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निदेर्शानुसार कोरोना काल को देखते हुए 11 सितम्बर को लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस अदालत में न्यायालय के लंबित मामलों के साथ ही प्री लिटिगेशन मामलों को राजीनामा के आधार पर विडियो कान्फ्रेंसिंग एवं भौतिक उपस्थिति के जरिये निराकरण किया जायेगा। वर्चुअल अथवा फिजिकल मोड के तहत आयोजित नेशनल लोक अदालत का प्रमुख लाभ यह है कि लोक अदालत के दिन संबंधित पक्षकारों को न्यायालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। वे किसी भी स्थान से अपने मोबाईल के माध्यम से अदालत में विडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़ कर अपने प्रकरण का निराकरण करा सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार, की सचिव, सुश्री मयूरा गुप्ता के द्वारा बताया गया है कि वर्चुअल अथवा फिजिकल मोड के तहत आयोजित नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार, रजनीश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले के न्यायालय में प्रमुख रूप से मोटर दावा दुर्घटना व चेकबाउंस तथा अपराधिक प्रकृति लंबित प्रकरणों को टेलिफोन से संबंधित प्री-लिटिगेशन से अधिक से अधिक मामलों का निराकरण का प्रयास कर आम जनता को लाभ दिलाया जायेगा।

# कसडोल विकास योजना के प्रारूप पर 29 को सुनवाई

**बलौदाबाजार।** कसडोल विकास योजना के संबंध में प्रकाशित प्रारूप पर आम जनता से मिले दावा एवं सुझावों की सुनवाई के लिए 29 जुलाई को सवेरे 11 बजे यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। सभी आपत्ति कर्ता एवं सुझावकर्ता उक्त तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने कहा गया है। अनुपस्थित आवेदक की आपत्ति एवं सुझावों पर किसी भी प्रकार की सुनवाई अथवा चर्चा नहीं होगी। गौरतलब है कि कसडोल विकास योजना 2031 के प्रारूप का प्रकाशन पिछले साल 5 दिसम्बर 2020 को किया जाकर इस पर आम जनता से सुझाव मंगाये गये थे। छत्तीसगढ़ के राजपत्र में 24 दिसम्बर 2020 को इसका प्रकाशन भी किया गया था।

# वर्षों से लंबित मुआवजा मिलने से खुश हुए किसान

## मुख्यमंत्री ने जांजगीर चाम्पा जिले के कलमा बैराज के प्रभावित किसानों को 22.78 करोड़ की भू-अर्जन मुआवजा राशि का किया वितरण

- **कोई आधुनिक खेती में उपयोग करेंगे तो कोई घर की जरूरत, बच्चो के व्यवसाय में लगाएंगे राशि**

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com







मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कलमा बैराज से प्रभावित जांजगीर-चांपा जिले के चन्द्रपुर इलाके के 314 किसानों को भू-अर्जन मुआवजा के रूप में 22.78 करोड़ रूपए की राशि के चेक का वितरण करते हुए सभी किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुआवजा वितरण का यह वर्चुअल कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित हुआ,चंद्रपुर के अग्रसेन भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि के रूप में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास मंत्री और जांजगीर-चांपा जिले के प्रभारी मंत्री श्री जय सिंह अग्रवाल के करकमलों द्वारा भूस्वामियों को मुआवजा राशि के धनादेश का वितरण किया गया,कलमा बैराज से प्रभावित किसान ग्राम गोपालपुर निवासी श्री रामानंद को सर्वाधिक 1 करोड़ 3 लाख 13 हजार 171 रुपये के मुआवजा राशि का चेक प्रदान गया। श्री रामानंद ने बताया कि 1.558 हेक्टेयर रकबा कलमा बैराज के लिए अधिग्रहित किया गया है। उन्हें मुआवजा राशि का बहुत दिनो से इंतजार था। उनका परिवार पूरी तरह खेती किसानी पर निर्भर है। वे जल्द ही आस-पास खेती भूमि खरीद कर अपने किसानी काम को आधुनिक तरीके से करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की संवेदनशील पहल और जिला प्रशासन के सहयोग से आज यह राशि प्राप्त हो गई है। मुआवजा राशि मिलने से उनकी उम्मीद बढ़ी है,कार्यक्रम में ग्राम सिरौली निवासी श्री टीकमसिंह को 1 लाख 71 हजार 456 रुपये का मुआवजा राशि प्राप्त हुई। उनकी 0.032 हेक्टेयर रकबा बैराज निर्माण के लिए अधिग्रहित किया गया है। उन्होंने विलंब होने के कारण मुआवजा मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी। पर राज्य सरकार के विशेष पहल से आज मुआवजा राशि मिल गई है। वे इस पैसे का उपयोग बच्चे की पढ़ाई लिखाई और व्यवसाय में करेंगे।

इसी गांव की श्रीमती सतरूपा पटेल का भी 0.032 हेक्टेयर रकबा बैराज निर्माण के लिए अधिग्रहित होने पर 1 लाख 71 हजार 456 रुपये का मुआवजा प्राप्त हुआ । उन्होंने कहा कि यह पैसा बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उपयोग करेंगे,ग्राम गोपालपुर के श्री संतराम को 69 लाख 63 हजार 707 रुपये का मुआवजा प्राप्त हुआ। वे इस पैसे से खेती किसानी का के लिए उपयोग करेंगे। इसी गांव के शांता बाई 31 लाख 2 हजार 301 रुपये का मुआवजा प्राप्त हुआ। वे इस पैसे से खेती की जमीन खरीदने के लिए उपयोग करेंगे।

# सटटा खिलाने वाले सटोरियो के खिलाफ थाना सरसीवा पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी

- **सटोरिया के कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी अनेक अंक लिखा हुआ, एक डाटपेन एवं नकदी रकम 1590 रू. को जप्त किया गया**

पायनियर संवाददाता < सरसींवा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक आई.के. एलिसेला बलौदाबाजार द्वारा अवैध शराब बिक्री,जुआ, सटटा खिलाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश दिये गये थे । इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बिलाईगढ़ के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सरसींवा राजेश साहू के कुशल नेतृत्व में सटटा खिलाने वाले 01 सटोरिया को किया गया गिरफ्तार ।

पुलिस टीम पेट्रोलिंग के लिए रवाना हुये थे की मुखबीर सूचना पर ग्राम मधाईभाठा सतनामी पारा में किराना दुकान के पास एक व्यक्ति को सट्टा पट्टी लिखते पकड़े जिसका नाम पूछने पर अपना नाम भुनेश्वर प्रसाद रात्रे पिता गोविंद राम रात्रे उम्र 36 साल साकिन मधाईभाठा का रहने वाला बताये जिसके कब्जे से 01. एक नग सट्टा पट्टी अनेक अंक लिखा हुआ 02. एक डाटपेन 03. नकदी जप्ती रकम 1590 रू. को समक्ष गवाह के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपी का कृत्य अपराध धारा 4 क जुआ एक्ट का घटित करना पाये जाने से अपराध कायम कर आरोपी भुनेश्वर प्रसाद रात्रे पिता गोविंद राम रात्रे उम्र 36 साल साकिन मधाईभाठा थाना सरसीवां को मौके पर गिरफ्तार कर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया । सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक राजेश साहू, आर. मोहन मेश्राम, कैलाश जांगड़े का विशेष योगदान रहा है ।

# प्रदेश अध्यक्ष गगन कुंभकार के नेतृत्व में छ. ग. अभिकर्ता उपभोक्ता सेवा संघ का बैठक सम्पन्न



- **संघ की ओर से पत्र लिख कर मुख्यमंत्री को मिलने का मांगा समय**

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छ.ग.अभिकर्ता उपभोक्ता सेवा संघ का बैठक रायपुर में सम्पन्न हुआ, चिटफंड कम्पनी में फंसे निवेशकों की पैसा वापसी को लेकर चर्चा परिचर्चा किया गया, माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी से मुलाकात करने के लिए सिएम आपिस में पदाधिकारियों ने जा के मुलाकात हेतु आवेदन पत्र दिया, तथा पत्र में चिटफंड की पैसा वापसी को ले कर निवेदन किया कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के जन घोसना पत्र में किए वादे, चिटफंड कंपनी में फंसे पैसा वापसी की मांग छत्तीसगढ़ अभिकर्ता उपभोक्ता सेवा संघ लगातार सासन प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से प्रति जिला, विधानसभा स्तर में देते आ रहे है।

छत्तीसगढ़ के एक लाख पांच हजार अभिकर्ता व बिस लाख निवेशक परिवार जिनका पैसा चिटफंड कम्पनियो में लगभग दस हजार करोड़ रुपए फंसे हुए है जिन पैसा वापसी की लड़ाई संघ दुवारा सन 2015 से आज दिनांक तक सरकार को आवेदन ज्ञापन धरना आन्दोल के माध्यम से सरकार तक आवज को पहुचाने का काम किये, विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने जन घोषणा पत्र क्रमांक 34 में कहा कि छतीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनती है तो चिटफंड कम्पनी में फंसे निवेशकों का पैसा वापस दिलाई जाएगी, व भाजपा कार्यकाल में संघ दुवारा किया गया आंदोलन धरना में कांग्रेस ने हमेशा साथ दिए, और कांग्रेस ने कहा था कि छतीसगढ़ में जिस दिन कांग्रेस की सरकार बनेगी तो सब निवेशकों का पैसा वापस की जाएगी, जिस पर विश्वास कर के कम्पनियो में फंसे निवेशक अभिकर्ताओं ने कांग्रेस को ओट दे कर छतीसगढ़ में सरकार बनाने में सहयोग किये, कांग्रेस की सरकार बने लगभग ढाई वर्ष बीत चुके है लेकिन निवेशक की पैसा वापस नही हुए है, जिस विषय को लेकर छतीसगढ़ अभिकर्ता उपभोक्ता सेवा संघ के पदाधिकारी माननीय मुख्यमंत्री जी से मुलाकात करने हेतु आग्रह किया।

# महामाया मंदिर में जुडावान कार्यक्रम सम्पन्न



**बेमेतरा।** मां महामाया सेवा समिति के तत्वावधान में वार्ड नं. 2 मानपुर पारा महामाया मंदिर में गुप्त नवरात्रि की आराधना के बाद माता जुड़वास कार्यक्रम विधि विधान के साथ मनाया गया। जिसमें पूजा अर्चना कर, दही चना दाल,कच्ची हल्दी एवं गंगा जल से माता जी को स्नान करा कर, हवन पूजन, महा आरती कर महा प्रसाद वितरण किया गया ।इस अवसर पर मांदर, ढोलक, झांझ मंजीरा के वाद्य यंत्र से माताजी की स्तुति आराधना व भजन प्रस्तुत किया गया और सभी ने मंत्रमुग्ध होकर भजन कीर्तन का आनंद लिया व माताजी से सभी ने मनोकामना मनौती किया कि हमारे जीवन एवं घर में माताजी जुड़वास व सुख शांति लाएं।

इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, वार्ड नं.1के वरिष्ठ नागरिक अनिल रजक, मुख्य जजमान कोमल यादव, सुमित्रा यादव ,अशोक साहू, महेश सिन्हा, सुखी राम साहू, बनवाली साहू, उमाशंकर साहू, संजय साहू,तारण वर्मा, धरमू वर्मा, योगेश साहू, सागर साहू,प्रियंक वर्मा,सतीश साहू एवं भरत साहू सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# राजस्व मंत्री जयसिंह का पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल के निवास शांतम में हुआ स्वागत

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं जांजगीर-चांपा जिला खनिज न्यास निधि के सदस्य श्यामसुंदर अग्रवाल एवं नगरपालिका शक्ति की उपाध्यक्ष श्रीमती नेहा अग्रवाल के निवास शांतम में 22 जुलाई को पहुंचे छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व पुनर्वास मंत्री एवं जांजगीर-चांपा जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल का जिंदल परिवार की ओर से आत्मीय स्वागत किया गया, इस दौरान प्रभारी मंत्री के साथ चंद्रपुर के विधायक रामकुमार यादव भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

जिंदल परिवार की ओर से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नेहा अग्रवाल एवं उनके सुपुत्र प्रतीक जिंदल तथा प्रशांत जिंदल ने जयसिंह अग्रवाल को उनके प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके कुशल मार्गदर्शन में जांजगीर-चांपा जिले के विकास को नई दिशा मिलने की बात कही, साथ ही इस अवसर पर जिंदल परिवार की ओर से आत्मीय पूर्ण ढंग से प्रभारी मंत्री एवं चंद्रपुर विधायक का स्वागत किया गया, तथा इस अवसर पर प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने भी सभी का कुशल क्षेम पूछते हुए क्षेत्र के विकास के लिए सभी कांग्रेस नेताओं को तत्परता के साथ कार्य करने की बात कही, एवं शक्ति नगर पालिका क्षेत्र के विकास कार्यों तथा अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी जानकारी ली, तथा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने शक्ति शहर विकास को लेकर भी विभिन्न योजनाओं के संबंध में प्रभारी मंत्री से चर्चा करते हुए शीघ्र ही इन योजनाओं को मूर्त रूप देने हेतु शासन स्तर पर सकारात्मक पहल करने का भी आग्रह किया, साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से आम नागरिकों में भी काफी प्रसन्नता व्याप्त होने की बात कही, इस अवसर पर शक्ति शहर के अन्य कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता गण भी मौजूद थे।

# हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय के आदेश को किया खारिज, विभागीय जांच को बताया असंवैधानिक

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने जिला न्यायाधीश के आदेश खारिज कर आरक्षक के खिलाफविभागीय जांच के आदेश को असंवैधानिक बताया है। हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को बिना सुने विभागीय जांच का आदेश दिया जाना गलत है। हाईकोर्ट अधिवक्ता संदीप दुबे ने बताया कि चंदन सिंह ने उर्गा पुलिस स्टेशन कोरबा में पदस्थी के दौरान अवैध शराब की जप्ती कर दो अभियुक्तों के खिलाफ धारा 34 35 आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की। दोनो अभियुक्तों ने जिला न्यायालय कोरबा में जमानत आवेदन प्रस्तुत किया। अभियुक्तों ने कोर्ट को बताया कि प्रधान आरक्षक को धारा 54 और 55 आबकारी अधिनियम के तहत शराब जप्ती का अधिकार नहीं है। अभियुक्तों की फरियाद पर सुनवाई करते हुए जिला न्यायालय कोरबा ने दोनो को जमानत दिया। साथ ही जिला न्यायालय के न्यायधीश ने जिक्र किया कि प्रधान आरक्षक ने अवैधानिक कार्यवाही की है। इसके चलते आवेदकों को जमानत प्राप्तः करने का अधिकार है। कोर्ट ने आदेश पत्र की प्रतिलिपि पुलिस अधिक्षक कोरबा और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को प्रधान आरक्षक के लिये विभागीय कार्यवाही के लिए भेजा।

# निमंत्रण न मिलने पर पार्षदों ने किया सभा का बहिष्कार

पायनियर संवाददाता < थान खमरिया
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 17 क(1) के अंतर्गत थान खमरिया निवेश क्षेत्र जिला बेमेतरा में विकास योजना तैयार करने हेतु नगर पंचायत के सभाकक्ष में आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमें नगर निवेश के अधिकारियों के रूप में सूर्यभान सिंह ठाकुर, राजेश डूमरे अनुरेखक, प्रतीक दीक्षित, संदीप पटेल, वर्षा दीवान सीनियर रिसर्च ऑफिसर उपस्थित थे इन लोगों के द्वारा इस विकास योजना समिति गठन के संबंध में नगर पंचायत के पार्षदों, एल्डरमैन, पत्रकारों तथा नगर के गणमान्य नागरिकों को किसी तरह कोई सूचना नहीं दी गई, चूंकि नगर पंचायत के सभाकक्ष में बैठक आहूत कर नगर के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को इस पर सभी जनप्रतिनिधियों ने कहा कि एक तरफ आप कह रहे हैं कि जरूरी लोगों को आपके द्वारा सूचना दे दी गई थी, ने कहा कि आप लोगों की दोहरी बात शंका को जन्म दे रही है और किसी बड़ी गड़बड़ी की ओर आशंकित कर रही है, जिन ग्रामों में नगर निवेश की कार्य योजना बनानी थी उन ग्रामो के सरपंच व उनके प्रतिनिधि के द्वारा जब सभा का बहिष्कार कर दिया गया फिर भी नगर निवेश के अधिकारियों द्वारा घंटों सभाकक्ष में बैठकर कार्यवाही करते रहे, ग्राम पंचायत कोपेडबरी, कुरदा, गातापर के सरपंच, ग्राम पंचायत टिपनी के सरपंच, ग्राम पंचायत उमरॉनगर के सरपंच, ग्राम पंचायत करमु के सरपंच व सरपंच प्रतिनिधियों के द्वारा तुरंत मीटिंग का बहिष्कार यह कहते हुए किया कि जब नगर पंचायत कार्यालय के जनप्रतिनिधियों को ही नहीं बुलाया तो हम मीटिंग में रहकर क्या करेंगे। उसके बावजूद भी नगर निवेश के अधिकारी बैठक करते रहे जो काफी सारी शंकाओं को जन्म देता है।

# सारंगढ़ बायपास पर ब्रिज में स्लैब ढलाई का काम पूरा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 216 नया क्रमांक (153)रायगढ़-सारंगढ़-सराईपाली मार्ग कुल स्वीकृत लंबाई 81 कि.मी.में 2 लेन चौड़ीकरण एवं उन्नतिकरण का कार्य किया जा रहा है। कार्य प्रगति पर है। इसमें से 63.10 कि.मी.कांक्रीट रोड है। जिसमें 45 कि.मी.पूर्ण किया जा चुका है। शेष 18 कि.मी.का बचा है। जिसमें 13 कि.मी.महासमुंद जिले का तथा 5 कि.मी.सड़क रायगढ़-जांजगीर जिले में आती है। इसी प्रकार इस मार्ग में 16.5 कि.मी.सड़क डामरीकृत (बी.टी.) कर तैयार किया जाना था। जिसमें से 15.75 कि.मी.पूर्ण किया जा चुका है। शेष लगभग आधा कि.मी.कलगीडीपा से सरायपाली तक कार्य प्रगति पर है। सारंगढ़ बायपास में 1 माइनर ब्रिज व 1 कल्वर्ट (छोटा पुलिया)बनाया जाना था। जिसका काम तेजी से चल रहा है। माइनर ब्रिज की स्लैब ढलाई पूरी हो चुकी। छोटा पुलिया का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इस मार्ग में ब्रिज का निर्माण पूर्ण होने के क्यूरिंग पीरियड खत्म होने के पश्चात तत्काल अप्रोच रोड का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अप्रोच रोड बनने के बाद बायपास यातायात के लिए प्रारंभ हो जाएगा। इसी प्रकार चंद्रपुर बायपास जिसकी लंबाई 5.56 कि.मी. है। इस पर मेजर ब्रिज का कार्य प्रगतिरत है। तात्कालिक व्यवस्था के लिए चंद्रपुर से मार्ग होकर गुजरता है। जिसका आवश्यकतानुसार सुधार कार्य किया जाता है। सारंगढ़ बायपास एवं चंद्रपुर बायपास कार्य प्रगति पर होने के कारण आवागमन विद्यमान मार्ग से हो रहा है।

## निधन

### श्रीमती जसबीर कौर सलूजा



**सक्ती।** प्रेस क्लब चाम्पा के महासचिव, वरिष्ठ पत्रकार श्री कुलवंत सिंह सलूजा,श्री परमजीत सिंह सलूजा,श्री हरजीत सिंह सलूजा की पूज्य माताजी श्रीमती जसबीर कौर सलूजा जी का दिनांक- 22 जुलाई 2021 दिन-बुधवार को सुबह 4:00 बजे मिशन हॉस्पिटल चांपा में निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार मंझली तालाब चाम्पा स्थित मुक्तिधाम में किया गया, अंतिम संस्कार यात्रा में शहर वासियों ने उपस्थित होकर अपनी श्रद्धांजलि दी, तो वही प्रेस क्लब चांपा सहित विभिन्न संगठनों ने भी श्रीमती सलूजा के निधन पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर ने जारी किया आदेश, पढ़ई तुंहर दुआर को सफल बनाने पूरे जिले में होगा नवाचार

- **नवाचार कार्यक्रम स्वीकृति के माध्यम से आनलाईन/ आफलाईन कक्षाओं को मिलेगा बढ़ावा**

पायनियर संवाददाता < जांजगीर
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले में सत्र 2021-22 में बच्चों की पढ़ाई निरंतर जारी रखते हुए पूर्व वर्ष की भांति आनलाईन व आफ्लाईन कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इन कक्षाओं को पूरे जिले में व्यापक स्तर पर लागू करने जिला कलेक्टर जांजगीर-चांपा ने आदेश जारी कर डाइट के सहायक प्राध्यापक यू.के.रस्तोगी को समन्वयक नियुक्त किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में पढ़ई तुंहर दुआर का सुचारू क्रियान्वयन नवाचार ÷स्वीकृति÷ के माध्यम से संचालित करने हेतु यू.के.रस्तोगी सहायक प्राध्यापक को जिला जांजगीर-चांपा तथा शैक्षणिक जिला सक्ती के लिए समन्वयक नियुक्त किया जाता है। प्रमुख समन्वयक इस कार्यक्रम को प्राचार्य डाइट के निर्देशन में पूरे जिले के सभी 9 विकासखण्डों में संचालित करेंगे। इसी तारतम्य में आज नवागढ़ ब्लाक के सभी 42 संकुल प्राचार्यो व वरिष्ठ व्याख्याताओं का एक दिवसीय कार्यशाला आहूत किया गया। जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान डाईट जांजगीर में आहूत कार्यशाला में कार्यक्रम की रूपरेखा पर व्यापक चर्चा की गयी। कार्यक्रम को प्राचार्य डाइट श्रीमती सविता राजपूत, एबीईओ श्री शर्मा, ओपी शर्मा, श्रीमती लता राठौर, श्री रत्नाकर आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के समन्वयक यू.के.रस्तोगी ने बताया कि ÷स्वीकृति÷ नाम से आरंभ की जा रही नवाचार जिले के स्कूलों में व्यावहारिक रूप से सक्षमता के साथ कार्य करने के लिए तत्पर एवं प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को उसकी कक्षा व पाठ्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान करायेंगे। इसमें प्राचार्यो जो कि संकुल प्रभारी है द्वारा एक सक्रिय व्याख्याता का चयन कर संकुल शैक्षिक समन्वयक की मदद से संबंधित संकुल में अधिकतम स्कूलों का चयन करेंगे और आनलाईन / आफ्लाईन कक्षाओं को प्रोत्साहित करेंगे। श्री रस्तोगी ने बताया कि इसके लिए जिला स्तर पर तथा ब्लाक स्तर पर टीम का गठन किया जायेगा जिसके माध्यम से पूरे कार्यक्रम की मानिटरिंग की जायेगी और जिला कलेक्टर को प्रतिवेदन सौंपा जायेगा। उन्होंने कहा कि पूरा कार्यक्रम जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में संपन्न होगा।

गौरतलब हो कि पढ़ई तुंहर दुआर के तहत पारा मोहल्ला कक्षाओं को जिले भर के विद्यालयों में नवाचार कार्यक्रम ÷स्वीकृति÷ के माध्यम से लागू करने जिला कलेक्टर जांजगीर-चांपा द्वारा आदेश जारी किया गया है। इस नवाचार कार्यक्रम को ÷स्वीकृति÷ नाम दिया गया है। आज 22 जुलाई को इस संबंध में नवागढ़ ब्लाक का पहला कार्यशाला आहूत किया गया। कार्यशाला में डाइट प्राचार्य श्रीमती सविता राजपूत, नवाचार कार्यक्रम के समन्वयक यू.के.रस्तोगी सहा.प्राध्यापक, एबीईओ राजीव नयन शर्मा, इन्द्रमणि सिंह, व्याख्याता डाइट संजय शर्मा, श्रीमती रमा गोस्वामी, नवाचारी शिक्षक राजेश कुमार सूर्यवंशी आदि मंचस्थ रहे। कार्यशाला में नवाचार पर प्रकाश डाला गया तथा प्राचार्यो से सुझाव आमंत्रित किये गये। आहूत कार्यशाला में प्राचार्य श्रीमती ए.खाखा, श्रीमती दुर्गा भगत, वेदराम रत्नाकर, डा. सुभाषिनी शर्मा, बसंत देवांगन, ओमप्रकाश शर्मा, कीर्तिविलास शर्मा सहित नवागढ़ विकासखण्ड के सभी 42 संकुलों अमोदा, बोड़सरा, गौशाला नैला, बनारी धाराशिव (खोखरा), धनेली, बुड़ेना, अवरीद, धुरकोट, कन्या जांजगीर, खोखसा, खोखरा, गौद, कचंदा, घुठिया, कटौद, केरा, कुटरा, महंत, जांजगीर क्र. 02, कुरियारी, रिंगनी, मुड़पार, मिसदा, नवागढ़, किरीत, पीथमपुर, सिवनी, सरखों, तेंदूभाठा, सदर जांजगीर, सुकली, रोगदा, उदयभाठा, सेमरा, सलखन, सिंघुल, तुलसी, शिवरीनारायण, तुस्मा व धाराशिव (रोगदा) के सभी संकुल प्राचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवाचारी शिक्षक राजेश कुमार सूर्यवंशी ने तथा आभार प्रदर्शन व्याख्याता संजय शर्मा ने किया।

संपादकीय

## टीकाकरण का असर

### भ्रामक स्थिति

**क्या** पूर्ण टीकाकरण किए व्यक्ति की प्रतिरक्षण क्षमता तथा कोविड संक्रमण से ठीक हुए व्यक्ति में एंटीबाडी मिलना समान स्थिति है? भारत में कोविड-19 की स्थिति पहले की तरह भ्रामक बनी हुई है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-आईसीएमआर ने कहा है कि 6 साल से ऊपर की दो तिहाई भारतीय जनसंख्या को सार्स-कोव-2 संक्रमण हो चुका है और उसने वायरस के खिलाफ एंटीबाडी विकसित कर ली हैं। 45-60 वर्ष आयुवर्ग में 77.6 प्रतिशत का सर्वोच्च सीरो पाया गया है। 6-9 वर्ष आयुवर्ग में इसका प्रतिशत सबसे कम 57.2 प्रतिशत है। आईसीएमआर ने कहा था कि ये परिणाम कोविड-19 वैश्विक महामारी की तीसरी लहर की भयावह आशंका के बीच आशा की किरण हैं। इस खबर के साथ ही देश को इस खबर से भी उम्मीद बंधी है कि अभी दैनिक पाजिटिविटी मामलों में वृद्धि नहीं हुई है। दैनिक मामलों में नवीनतम आंकड़ा 41,279 है जिसमें से 26,000 असाधारण रूप से केरल और महाराष्ट्र से हैं। इन दो राज्यों को छोड़ कर समग्र स्थिति अभी चिन्ताजनक नहीं है। तीसरा, भारत चरणबद्ध ढंग से लाकडाउन नियंत्रण हटा रहा है। आमतौर से शिकायत है कि लोगों तथा राज्यों का व्यवहार सुरक्षा प्रोटोकालों के मामले में लापरवाही भरा है। इसके बावजूद राज्यों में बढ़ती जागरूकता के कोई संकेत नहीं हैं और अदालतों को पर्यटक स्थलों तथा धार्मिक आयोजनों में ज्यादा लोगों की भीड़ को रोकने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ता है। हजारों पर्यटकों को पहाड़ी स्थलों से वापस करना पड़ा है तथा चारधाम यात्रा व कांवर यात्रा जैसे संभावित सुपर-स्प्रेडर आयोजनों को टाला गया है। क्या इन सब आयामों का अर्थ है कि तीसरी लहर अपरिहार्य नहीं है? यदि आईसीएमआर सर्वेक्षण के अनुसार देश के 66 प्रतिशत से अधिक लोगों में एंटीबाडी हैं तो क्या हमें जल्दी से यह नतीजा निकाल लेना चाहिए कि देश हर्ड इम्युनिटी प्राप्त करने के निकट है? क्या यह एक वैज्ञानिक व तार्किक अनुमान है कि पूर्ण टीकाकृत व्यक्ति की इम्युनिटी तथा संक्रमण से ठीक हो चुके व्यक्ति में एंटीबाडी का अर्थ भावी संक्रमणों से लड़ने में समान क्षमता की प्राप्ति है? राज्यों या लोगों के जल्दी से नतीजे पर पहुंचने तथा लापरवाही बरतने से पहले इन सवालों के जवाब मिलने जरूरी हैं। आईसीएमआर को सीरो सर्वेक्षणों के विस्तृत विवरणों का खुलासा करने के समय इसे स्पष्ट करना चाहिए था। किसी भी समय किसी के दिमाग में यह संदेह नहीं होना चाहिए कि एंटीबाडी वैक्सीन का विकल्प हैं। खूराकों की कमी के कारण धीमे पड़ चुके टीकाकरण अभियान को और धीमा नहीं होने देना चाहिए। वास्तव में सबको बार-बार यह समझाने के लिए एक राष्ट्रीय अभियान की जरूरत है कि संपूर्ण टीकाकरण का कोई विकल्प नहीं है। अमेरिका से कम टीकाकृत क्षेत्रों से संक्रमण के नए दौर की खबरें आ रही हैं। भारतीय कोविड टास्क फोर्स अधिकारियों ने चार चीजों की ओर संकेत किया है जिनके कारण संभवित तीसरी लहर आ सकती है। इनमें पहली दो लहरों से कमजोर हो चुका इम्युनिटी स्तर, प्राप्त इम्युनिटी को अनदेखा करने वाले वायरस के नए रूप की संभावना, जनसंख्या में नए रूप के तेजी से फैलने की आशंका तथा समय से पहले कोविड-19 नियंत्रणों में रियायतें शामिल हैं। ऐसे में यह याद रखना जरूरी है कि जिन 400 मिलियन भारतीयों में अभी एंटीबाडी नहीं हैं वे जोखिम का शिकार हैं तथा जनसंख्या के केवल 6.3 प्रतिशत का ही पूर्ण टीकाकरण हो सका है।

# क्या केवल ईमानदारी ही पर्याप्त है?

## केवल-ईमानदार बने रहने वाले अधिकारी इस तथ्य को भूल जाते हैं कि उन्हें वेतन न केवल ईमानदार रहने के लिए बल्कि बेहतर निष्पादन करने के लिए भी दिया जाता है।



**अनिल स्वरूप**
(लेखक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं)



**जैसा** कि पिछले लेख शीर्षक ''नौकरशाहों के लिए फलदायी ईमानदारी'' में उल्लेख किया गया है, (17 जुलाई, 2021 को प्रकाशित) नौकरशाही की दुनिया भर में निंदा, आलोचना, निंदा और उपहास किया जा सकता है, लेकिन यह दूर नहीं हुआ है। वास्तव में, इसने शासन के व्यवसाय को चलाने के लिए एक आवश्यक उपकरण के रूप में अपने महत्व को बरकरार रखा है। हालांकि, जैसा कि मैंने पिछले साल जारी अपनी पुस्तक, 'एथिकल डिलेमास ऑफ ए सिविल सर्वेंट' में बताया है, इसे प्रभावी ढंग से करने के लिए, नौकरशाही को न केवल जीवित रहना है, बल्कि देश और उसके लोगों के हित में भी विकसित होना है। लेकिन केवल ईमानदारी के दम पर ऐसा नहीं हो सकता। ईमानदारी आवश्यक है लेकिन लोगों के कल्याण के लिए पर्याप्त शर्त नहीं है।

एक सिविल सेवक को प्रदर्शन करने, देने के लिए भुगतान किया जाता है। विडंबना यह है कि, हालांकि, उभरते सामाजिक-राजनीतिक माहौल के कारण, यह प्रदर्शन हमेशा जनता की भलाई के लिए अपेक्षित नहीं है। यह भी अफ़सोस की बात है कि, अवसरों पर, सिविल सेवक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह कुछ चुनिंदा लोगों के हितों को बनाए रखना सुनिश्चित करे। दुर्भाग्य से, ऐसे अवसर दिन पर दिन बढ़ते जा रहे हैं और जो सिविल सेवकों के अनुरूप नहीं हैं, उन्हें न केवल दरवाजा दिखाया जाता है बल्कि अनिवार्य रूप से परेशान भी किया जाता है। इससे भी अधिक भयावह बात यह है कि अच्छे प्रदर्शन को मान्यता देना तो दूर, अधिकारियों को उस काम के लिए दंडित किए जाने के उदाहरण हैं जो उन्होंने करने की शपथ ली थी। कहने की जरूरत नहीं है कि ऐसे संकेत न तो व्यवस्था के लिए और न ही समाज के लिए शुभ संकेत हैं। वैसे, सबकुछ नष्ट नहीं हुआ है। अभी भी एक बड़ा क्षेत्र है जहां इस तरह के दबाव मौजूद नहीं हैं या यदि वे होते हैं, तो उन्हें चतुराई से प्रबंधित किया जा सकता है। हालांकि, यह मान लेना भी गलत होगा कि सभी ईमानदार अधिकारी एक ही श्रेणी में आते हैं। ईमानदार अधिकारी हैं जो सोचते हैं कि उनके आसपास की पूरी दुनिया बिखर रही है। वे फिर व्यवस्था को साफ करने का काम अपने ऊपर लेते हैं। उनमें क्रूसेडर उनमें से बेहतर हो जाता है और मीडिया का ध्यान आग में घी डालता है। जिन्हें वे बेईमान समझते हैं उनके खिलाफ अभियान चलाया जाता है। ईमानदारी अपने आप में एक अंत बन जाती है। ऐसे केवल-ईमानदारी पर केंद्रित अधिकारी इस तथ्य को भूल जाते हैं कि उन्हें न केवल ईमानदार रहने के लिए बल्कि प्रदर्शन करने के लिए भी भुगतान किया जाता है। वे अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन उन दंडात्मक कार्रवाइयों के संदर्भ में करते हैं जो वे दूसरों के खिलाफ करते हैं, यानी जितने लोग या संस्थान वे उजागर करते हैं (सर्वोत्कृष्ट व्हिसल-ब्लोअर बनना, एक भूमिका जो उन्हें नाम और प्रसिद्धि दिलाती है), की संख्या उनके द्वारा शुरू की जाने वाली अनुशासनात्मक कार्यवाही और उनके द्वारा दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) की संख्या। वास्तव में, अंतिम विश्लेषण में, इन योद्धाओं द्वारा इस तरह की तेज कार्रवाई समाज को शुद्ध करने के उनके घोषित लक्ष्य की पूर्ति भी नहीं करती है। बुरे लोगों का शिकार करने के अपने उत्साह में, वे ऐसी प्रणालियों को विकसित करने की दिशा में कोई प्रयास नहीं करते हैं जो भ्रष्ट प्रथाओं की घटनाओं को कम कर सकते हैं, यदि समाप्त नहीं कर सकते हैं। आखिरकार, विकसित होने वाली प्रणाली एक समय लेने वाली प्रक्रिया है और प्रचार के लिए तत्काल चारा उपलब्ध नहीं करा सकती है।

योजनाओं और कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने के लिए राज्य के पास उपलब्ध प्रमुख साधन होने के नाते ईमानदार-केवल सिविल सेवक बंद हो जाता है। उसे हर फाइल में एक चूहे की गंध आती है। इसलिए, वह निष्पादन को पीसने के पड़ाव पर लाता है। यहां तक कि जिन परियोजनाओं को वितरित किया जाता है, उनके लिए वांछित प्रभाव प्राप्त करने में आमतौर पर बहुत देर हो जाती है। अधिक बार नहीं, इन स्थितियों के परिणामस्वरूप विश्लेषणों का पक्षाघात होता है। उसके लिए, ईमानदारी भुगतान करती है क्योंकि वह एक ईमानदार अधिकारी के रूप में एक सम्मानजनक जीवन व्यतीत करता है। वह कई लोगों द्वारा बेईमानी के खिलाफ एक योद्धा के रूप में पहचाने जाने में आनंदित होता है, उसकी पेशेवर उपलब्धियां उसके धर्मयुद्ध के पीड़ितों की ट्राफियां हैं। इस तरह, वह अपने मुख्य जिम्मेदारी क्षेत्र, यानी राष्ट्र और उसके लोगों की सेवा के लिए एक बड़ी हानि करता है। इसके अलावा, वह पहल को प्रोत्साहित करने या अपने साथ काम करने वालों के बीच प्रेरणा पैदा करने के लिए बहुत कम कीमती काम करता है।

एक सिविल सेवक को, विशेष रूप से उच्च क्षेत्रों में, एक नेता के रूप में विकसित होना होता है और ऐसे नेतृत्व गुणों को विकसित करना होता है जो भय या भय को नहीं बल्कि सम्मान को प्रेरित करते हैं। यह उदाहरण के द्वारा नेतृत्व के माध्यम से किया जाता है, फोकस, निष्पक्षता, स्थिरता, सहानुभूति, कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता, और एक वास्तविक अंतर बनाने की हमेशा जलती हुई इच्छा के साथ। ये सभी आवश्यक गुण हैं जो बेईमानी के खिलाफ धर्मयुद्ध में जरूरी नहीं हैं। इन गुणों का उपयोग बेहतर प्रणाली विकसित करने और सहकर्मियों को प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करने के लिए किया जाना चाहिए। सौभाग्य से, ऐसे कई सिविल सेवक हैं जो ईमानदार और कुशल हैं। वे उन लोगों के रूप में दिखाई नहीं दे सकते हैं जो बेईमान के पीछे हाथ धोकर पड़ जाते हैं। वे क्रूसेडर नहीं हैं। वे कर्ता हैं।

इकबाल सिंह चहल जैसे प्रतिबद्ध और कुशल अधिकारियों का हालिया उदाहरण लें, जिन्होंने मुंबई में वास्तव में अनुकरणीय तरीके से कोविड -19 महामारी को संभाला, जैसा कि देश के अन्य हिस्सों में कई अन्य अधिकारियों ने किया। इसी तरह, इस युवा कलेक्टर डॉ. राजेंद्र भारूद ने यह सुनिश्चित किया कि महाराष्ट्र के सुदूर जिले नंदुरबार में महामारी की लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी न हो। अतीत में भी कई मामले सामने आए हैं। रेलवे बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अश्विनी लोहानी द्वारा रेलवे में दक्षता और अखंडता पर जोर देने के परिणाम सामने आए। रेलवे के कामकाज में उनके द्वारा लाए गए बदलावों का असर देखा जा सकता है। जो कुछ उसने किया था उसे लेकर वह शहर नहीं गया था।लेकिन परिणाम सबके सामने थे। डाक सेवा से संध्या रानी ने शिक्षा आयुक्त के रूप में अपनी क्षमता में आंध्र प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और स्कूली शिक्षा को कई तरह से बदल दिया। इंदु भूषण और दिनेश अरोड़ा की टीम, जिसने शुरुआत में आयुष्मान भारत (अब तक का सबसे बड़ा स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम) के एक हिस्से के रूप में प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के सफल कार्यान्वयन का नेतृत्व किया, ईमानदार और कुशल काम करने का एक और उदाहरण प्रदान करता है। मेट्रो रेल क्रांति में एक टेक्नोक्रेट ई श्रीधरन ने हमारे लिए जो किया वह पौराणिक है। जूलियो रिबेरो और प्रकाश सिंह जैसे व्यक्ति पुलिस अधिकारियों के लिए रोल मॉडल हैं। ऐसे अधिकारियों की एक लंबी सूची है जो ईमानदार, कुशल और उस उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध थे जिसके लिए उन्हें सरकारी खजाने से भुगतान किया गया था। उन्होंने पेशेवरों के रूप में अपने कार्यों का प्रदर्शन किया। बदलने की उनकी इच्छा उन्हें सौंपे गए कार्यों के प्रति निर्देशित थी। हालांकि, दुर्भाग्य से, समान संख्या में नौकरशाह हैं जो सिर्फ ईमानदार होने पर रोक लगाते हैं।

# ऊर्जा क्षेत्र के विकास का यूपी मॉडल

> योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने विद्युतीकरण के द्वारा लोगों के घरों में उजाला करके विकास के नए प्रतिमान गढ़े हैं।



**हरीशचंद्र श्रीवास्तव**
(लेखक भाजपा प्रवक्ता हैं)

जनसंख्या की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य और आज के साढ़े चार वर्ष पहले तक डेढ़ करोड़ घर अंधेरे में हों, तो विकास के दावों को दर्पण दिखाने की आवश्यकता पड़ती है। पिछले चार वर्षों में राज्य सरकार द्वारा दिये गये विद्युत कनेक्शन के आंकड़े पिछली सरकारों के विकास के दावों की पोल खोलते हैं। उत्तर प्रदेश बिजली विभाग ने पिछले साढ़े चार वर्षों में 1.40 करोड़ घरों में बिजली कनेक्शन दिये हैं।

लगभग 25 करोड़ की जनसंख्या वाले उत्तर प्रदेश में ऊर्जा की उपलब्धता और निर्बाध आपूर्ति किसी भी प्रदेश की उन्नति की प्राथमिक शर्त होती है। पिछली सरकारों में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था की स्थिति कैसी थी, इसका नमूना यह था कि राजधानी सहित पूरे प्रदेश में 8:10 घंटे ही बिजली आपूर्ति हो पाती थी। बिजली कटौती और अंधेरे को ही प्रदेशवासियों ने अपनी नियति मान ली थी। यद्यपि 2017 के बाद से यह चित्र बदलना प्रारंभ हुआ। विभाग के अद्यतन आंकड़े के अनुसार आज गांवों को पिछली सरकारों की तुलना में 54 प्रतिशत अधिक बिजली मिल रही है। जिला मुख्यालय पर 24 घंटे तहसील मुख्यालय पर 21:30 घंटे व गांवों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति का रोस्टर निर्धारित है तथा विद्युत आपूर्ति की जा रही है। सूर्यास्त के बाद ग्रामीण क्षेत्र कटौती मुक्त हैं। इसके अतिरिक्त पिछले साढ़े चार वर्ष में प्रदेश के 1.30 लाख मजरों के हर घर को बिजली का कनेक्शन दिया गया। 61.94 लाख घरों को निःशुल्क कनेक्शन दिया गया है। 47,337 लोगों को सोलर पावर पैक भी दिये गये। अलग हुए कृषि फीडरों पर सुबह 7 से शाम को 5 बजे तक निर्बाध 10 घंटे की आपूर्ति हो रही है। 11983 सर्किट किलोमीटर नयी वितरण लाइनों का निर्माण किया गया है। अप्रैल 2017 से अबतक कुल 8.30 लाख शिकायतें ट्रांसफार्मरों के खराब होने की मिली हैं। इनमें कुल 99.94त्त ट्रांसफार्मर समय में ठीक किये जा चुके हैं या बदले जा चुके हैं। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी व प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा जी की बड़ी उपलब्धि कही जाएगी, पिछली सरकारों के समय प्रदेश की जनता ने अंधेरे में रहते हुए समस्या समाधान की आस छोड़ दिया था, उसी राज्य में योगी जी की भाजपा सरकार आने पर 1912 टॉल फ्री नंबर पर आई कुल 14.19 लाख शिकायतों में 14.13 लाख कुल 99.59 प्रतिशत शिकायतों का समाधान समय पर हुआ। राज्य की विद्युत व्यवस्था की अच्छी हुई स्थिति का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि गत वर्ष की 23,867 मेगावाट की पीक मांग के सापेक्ष मौजूदा वित्तीय वर्ष में में 24926 मेगावाट तक मांग की आपूर्ति की गई। पूर्व की सरकार में यह मात्र 16500 मेगावाट था। योगी सरकार बनने बनने से अब तक 45 हजार 85 सर्किट किलोमीटर नयी पारेषण लाइन भी बनाई गई है। प्रदेश में सभी विधाओं की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 26,937 मेगावाट है जो कि 3 वर्ष पूर्व की क्षमता से लगभग 4000 मेगावाट अधिक है। 2024 तक इसमें 8262 मेगावाट की वृद्धि होगी अर्थात प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता पिछली सरकार की तुलना में लगभग दोगुनी बढ़ जाएगी। उत्तर प्रदेश की विद्युत वितरण व्यवस्था व



उत्पादन क्षमता बढ़ने का सकारात्मक प्रभाव प्रदेश की औद्योगिक प्रगति व कृषि क्षेत्र की प्रगति पर पड़ा। आज प्रदेश देश में निवेश आकर्षित करने वाला सबसे अधिक वरीयता वाला राज्य बना है, तो इसमें पिछले साढ़े चार वर्षों में अच्छी कानून-व्यवस्था, ढांचागत विकास और ऊर्जा की पर्याप्त व निर्बाध आपूर्ति का बड़ा योगदान है। कृषि क्षेत्र में सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था करने के लिये पिछले तीन वर्षों में 136775 ट्यूबवेल लगे। प्रत्येक वर्ष 35882 ट्यूबवेल लगाने का लक्ष्य निर्धारित था। प्रतिवर्ष औसत रूप से 45592 ट्यूबवेल कनेक्शन दिए गए, जबकि पूर्व की सरकारों ने 19880 ट्यूबवेल कनेक्शन ही प्रतिवर्ष दिए हैं। वर्तमान योगी सरकार किसानों को सामान्य योजना में 68 हजार रुपये की छूट देती है। जबकि 5 हॉर्स पावर के सोलर पंप पर कुल 2.40 लाख की लागत आती है, जिसमें से 60 प्रतिशत अर्थात 1.40 लाख रुपये की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। राज्य सरकार लघु एवं सीमांत किसानों को सामान्य जमा योजना के लाभार्थी के रूप में सम्मिलित करने पर विचार कर रही है। कृषि क्षेत्र को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश में 2,227 कृषि फीडरों को पृथक किया गया। इसके अतिरिक्त 1,857 करोड़ रुपये से 1,649 कृषि पोषकों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता एवं निर्बाध आपूर्ति की ओर अग्रसर होना प्रदेश के विकास के लिये अच्छा संकेत है। राज्य में जिस प्रकार पिछले चार वर्षों में औद्योगिक विकास में तीव्रता आयी है, उसके लिये ऊर्जा क्षेत्र की यह उपलब्धि और सकरात्मक परिणाम देगी। इसके अतिरिक्त ऊर्जा की उपलब्धता के कारण नागरिकों व ग्रामीणों का जीवन स्तर एवं आर्थिक गतिविधियां दोनों में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। विकास की गति व लय को बनाये रखने के लिये इन प्रयासों में निरंतर वृद्धि की जानी चाहिये और प्रगति पथ पर गति और तेज की जानी चाहिये। वर्तमान योगी सरकार के प्रयासों व उपलब्धियों को देखते हुए यह कहना कठिन नहीं है कि विकास व प्रगति के पथ पर उत्तर प्रदेश तीव्रता से अग्रसर है।

## फरमाया



**कोविड** से हुई मौतों की सरकार द्वारा बताई गई संख्या सही नहीं है। सरकार गलत आंकड़े जारी कर रही है। इसका पर्दाफाश किया जाना चाहिए।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे**
कांग्रेस नेता



**हमारे** विशेषज्ञों का मामना है तथा आंकड़े बताते हैं कि जो बढ़ते दाम हमने देखें हैं वे प्रत्याशित थे और उम्मीद है कि वे अस्थायी होंगे।

**- जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**विपक्ष** पिगासस को लेकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहा है और यह उसकी व्याधिग्रस्त मनोदशा का परिचायक है।

**-योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

### संसद की गरिमा

**देश** में संसद व संसद की गरिमा की अनदेखी कर संसदीय कार्यवाहियों में सांसदों का शोर शराबा , करना अनुशासन हीनता के साथ साथ शर्मनाक व विचारणीय लगता है कि इन सफेदपोश नेताओं को क्यों ध्यान नही रहता कि संसद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। सम्मान करना चाहिए। बड़े दुख की बात है विश्व पटल पर भारत अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराता है। वही विसंगतियों से भरा मानसून सत्र संसद की गरिमा को धूमिल करता नजर आता है। मानसून सत्र में पहले दिन संसद में विरोधी दलों के हंगामे के चलते प्रधानमंत्री जी मंत्रियों का संसद में परिचय नही करा पाए। चूंकि स्पीकर ने विपक्ष को फटकार भी लगाई और कहा कि आप सदन की मर्यादा को गिरा रहे। मर्यादा का उलंघन कर रहे। अब समझ से परे यह लगता है कि संसदीय कार्यवाही व गतिविधियों में लाखों रुपए खर्च होते है। परन्तु संसद में इस तरह की घटनाक्रम सोचने पर मजबूर करती है। जनता के चुने सांसद जनप्रतिनिधियों के इस तरह से अनुशासन हीनता भरा दृश्य जनमानस देखता होगा तो क्या संदेश मिलता होगा? वैसे यह पहला मौका नही विगत वर्षों से सांसदों ,पक्ष-विपक्ष के बीच संसद की गरिमा को धक्का पहुंचा है।

**- योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

### जरूरत नवीन स्वास्थ्य प्रणाली की

**कोविड-19** महामारी ने एक बार फिर सदृढ़ सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के महत्व को प्रकट किया है। यह भी प्रकट हुआ है कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले निजी क्षेत्र केवल सहायक की भूमिका ही निभा रहे हैं। भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की बाधाओं को दूर करने और इसमें सुधार लाने की आवश्यकता है जो न केवल कोविड-19 से बेहतर तरीके से निपटने की क्षमता प्रदान करेगी बल्कि इस आपात स्थिति के आगे भी इसका व्यापक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। वर्तमान में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की बहुत सारी समस्याएं हैं जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का अभाव, आपूर्ति पक्ष की कमियां, अपर्याप्त वित्तपोषण और उप इष्टतम सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली है। यह कोड 19वां मारी जैसे नए और उभरते खतरों के लिए पूर्व तैयारी और प्रभावी प्रबंधन की क्षमता को सीमित करता है। ऐसे में एक वृहत कार्यक्रम की आवश्यकता है जिसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पर तत्काल ध्यान देना होगा। कोविड-19 महामारी के दौरान जिस एक अन्य प्राथमिक विषय पर ध्यान पड़ा है वह है निजी क्षेत्र में स्वास्थ्य देखभाल की दरों और मानकों को विनियमित करने की आवश्यकता।

**- सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल

### सतर्कता आवश्यक

**कोरोना** महामारी से हमारी लड़ाई अभी बदस्तूर जारी है। इसी के चलते दूसरी जानलेवा बीमारियां जोर पकड़ रही हैं। मिलते-जुलते लक्षणों के कारण पता ही नहीं चल पा रहा है कि मूल बीमारी क्या है ? ऐसे में वर्तमान परिस्थितियों में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को अधिक सतर्कता बरतनी होगी अन्यथा रूप बदलती बीमारियों से बच पाना हमारे बस में नहीं होगा। दूसरी लहर का कहर कोरोना के नए नए स्वरूप सामने आ रहे हैं जो न केवल संक्रामक अपितु जान के लिए घातक भी है। टीकाकरण की राह ने लोगों में विश्वास जगाया जरूर है मगर इस समय कोरोना से मिलते जुलते लक्षणों वाली बीमारियां डेंगू, जीका वायरस के मरीज भी देश में नजर आने लगे हैं। डेल्टा पहले से ही हमारी परेशानी की वजह बन रहा है। इन हालातों में बेहद सतर्कता जरूरी है। मामूली से लक्षणों की जांच में कोताही महामारी के फैलाव की वजह बन सकती है। दूसरी लहर से लोगों ने सबक अवश्य ली होगी और यही नसीहत तीसरी लहर के लिए ढाल साबित हो सकती है।

**- अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

## क्विक न्यूज

### वैधता समाप्त हो चुके प्रमाण पत्र भी होंगे आजीवन वैध

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रमाण-पत्र (टीईटी) की वैधता अब आजीवन रहेगी। जिन अभ्यर्थियों के शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी हैं, वे सभी प्रमाण पत्र भी आजीवन वैध माने जाएंगे। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उक्त आशय का आदेश जारी किया गया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के संबंध में वर्ष 2011 की मार्गदर्शिका में एक बार परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी के लिए प्रमाण पत्र की वैधता अवधि अधिकतम 7 वर्षों तक के लिए निर्धारित थी, जिसे अब शिक्षा विभाग ने विलोपित कर दिया है।

### दीवाल लेखन कर युवाओं ने वैक्सिनेशन के लिए लोगो को किया जागरूक

**कवर्धा।** नेहरू युवा कें, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान मे बोडला ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम डंगनिया के राष्ट्रीय स्वयंसेवक मोहन साहू के द्वारा विभिन्न जगहो पर दीवाल लेखन कर लोगों को वैंक्सिनेशन के प्रति संदेश देकर जागरूक किया।

# बैट्री चलित ट्रायसायकल से 40-50 किमी तक का सफर आसानी से कर सकते है तय : अकबर

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान शुक्रवार को विश्राम भवन में 19 हितग्राहियों को बैट्री चलित मोटराईज्ड ट्रायसायकल वितरण किया गया। मोटराईज्ड ट्राईसिकल मिलने से हितग्राहियों ने वन मंत्री अकबर और सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि निःशक्त होने के कारण अब उन्हें आने-जाने में सहुलियत होगी। इस अवसर पर नीलकंठ चंद्रवंशी, कलीम खान, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, तुकाराम चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जमील खान, सभापति प्रमोद लूनिया, चुनवा खान, अशोक सिंह, मोहित माहेश्वरी, सुनील साहू, एल्डरमेन दलजीत पाहुजा, कौशल कौशिक, जाकिर चौहान, होरी साहू, सुधीर केशरवानी, आकाश केशरवानी, लेखा राजपूत, विकास केशरी, प्रशांत परिहार, लक्की कादरी, नदीम अंसारी, कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के., डीएफओ दिलराज प्रभाकर सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। हितग्राहियो ने बताया कि मोटराइज्ड ट्रायसिकल मिलने के बाद उनकी समस्याएं दूर हो जाएगी। बस बैटरी चार्ज करना पड़ेगा, फिर बटन दबाते ही 40 से 50 किलोमीटर तक का सफर आसानी से कर सकतें है। हितग्राहियों ने बताया कि अब वह शहर से गांव तक की दूरी तय कर सकते है। हितग्राहियों ने शासन द्वारा दिव्यांगों को निःशुल्क में प्रदान किये जा रहे मोटराइज्ड ट्रायसिकल की सराहना करते हुए कहा कि शासन ने दिव्यांगों की जिंदगी के कठिन सफर को बहुत आसान बना दिया है।

### इन्हें मिला बैट्री चलित ट्रायसायकल

कैबिनेट मंत्री अकबर ने विश्राम भवन में राम प्रसाद साहू, सेवती साहू, निर्मला साहू, राजकुमार बघेल, नेम सिंह साहू, गोवर्धन ठाकुर, रामाधार पटेल, यशवंत, मुकेश कुमार ध्रुव, परमेश्वर सिंह टेकाम, रामप्रसाद पटेल, गंभीर श्रीवास, अशोक बारले, लालदास भास्कर, शरीफा खान, शत्रुहन निषाद, शेख सलामत, नरेन्द्र सारथी और नारदराम कौशिक को बैट्री चलित मोटराईज्ड ट्रायसायकल का वितरण किया गया। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के हाथों बैट्री चलित ट्रायसायकल पाने के बाद हितग्राहियों के चेहरे में खुशी आ गई।

# खेल पुरस्कार के लिए आवेदन 7 अगस्त तक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों, को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता हैं।

यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को प्रदाय किये जाते हैं। राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जायेगा जो राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेलों में कोई भी पदक प्राप्त किया गया हो या कोई अधिकृत प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो। इसी प्रकार जुनियर वर्ग में उन खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जायेगा जिनके द्वारा जुनिसर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो। ऐसे खिलाड़ी जिन्होने विगत 5 वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला, पुरूष खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता हैं। प्रशिक्षकों, निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अनंकृत किया जायेगा।

खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक उम्र के ऐसे खिलाड़ी जो अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या संबंधित ने ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो, जिसके आधार पर उन्हें सम्मानित किये जाने हेतु विचार किया जाये, उन्हें शहीद विनोद चैबे सम्मान से अलंकृत किया जावेगा। इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्राफी प्रदान की जाती हैं। पुरस्कार के नियम राजपत्र में प्रकाशित किये गये हैं, नियमों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले आवेदकों के पुरस्कार के लिए प्रावीण्यता के आधार पर चयन किया जाएगा।

# तिलक, आजाद और महंत की जयंती मनाई



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के निर्देशानुसार तथा केबिनेट मंत्री व विधायक अनिला भेंडिया के मार्गदर्शन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा द्वारा दिनांक 23 जुलाई को को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बिसाहू दास महंत जी की पुण्यतिथि मनाई गयी। सर्वप्रथम तीनों महापुरुषों के तैलचित्र पर तिलक लगाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया और 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर ,मंत्री मीडिया प्रभारी विवेक मसीह, जिला महामंत्री रतिराम कोसमा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष काशीराम निषाद, जिला सचिव द्वय के. ईश्वर राव, रवि जायसवाल, ब्लॉक उपाध्यक्ष जीवन लाल साहू, ब्लॉक महामंत्री राधे मंडावी, श्रीनिवास राव, हरीश खस, प्रवक्ता जेबा कुरैशी, कोषाध्यक्ष नवीन कथूरिया, संयुक्त महामंत्री योगेश यादव, जागेश्वर गन्धर्व, सुरेश कुमार ठाकुर, सचिव फ्रांसिस कोलीन, नीतेश बाम्बेश्वर,ममता मंडावी,सयुक्त सचिव विल्सन मैथ्यू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जुलाई



पायनियर संवाददाता ◄ थान खमरिया
www.dailypioneer.com

विकास खंड शिक्षा अधिकारी सहसपुर लोहारा संतोष कुमार भास्कर ने बताया कि सहसपुर लोहारा नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय (2021-22) में प्रवेश हेतु शेष बचे हुए सीटों के लिए आज दिनांक 22.07.2021 को समय 2.00 बजे शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय सहसपुर लोहारा में तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं संस्था के प्राचार्य की उपस्थिति में दूसरी बार लॉटरी निकाला गया इससे पहले 14.06.2021 को पहला लॉटरी निकाला गया था एवं चयनित बच्चों को 30.06 2021 तक प्रवेश लेना था। प्रवेश नहीं लेने के कारण रिक्त सीटों के लिए दूसरी बार लॉटरी निकाला गया । दूसरी लॉटरी में चयनित कुल 41 बच्चों का चयन अलग-अलग कक्षा के लिए हुआ जिन्हें 30.07 2021 तक विद्यालय में अनिवार्य रूप से प्रवेश लेना होगा अन्यथा उनका चयन स्वमेव निरस्त माने जावेगा। कक्षा वार चयनित बच्चे कक्षा 1ली-1 , 2री-5, 3री-4, 4थी-6, 6वी-11, 7वी-5 एवम 8वी में 9 है।

# बोल बम पदयात्रियों के लिए बना सर्वसुविधा युक्त सामुदायिक भवन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने अपने विधायक निधि मद से कबीरधाम जिले में सावन मास के अवसर पर दूर-दराज से आने वाले बोल बंम पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं के विश्राम के लिए कवर्धा शहर में सर्व सुविधा युक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कराया है। वन मंत्री अकबर ने आज शुक्रवार को अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण कर बोल बंम समिति को इसकी चाबी सौंपी। सामुदायिक भवन का निर्माण कवर्धा शहर के प्राचीनतम स्वयंभू पंचमुखी बुढ़ामहादेव मंदिर के समीप बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष सावन मास में पंचमुखी बुढ़ामहादेव मंदिर में जिले और पड़ोसी जिलों से हजारों की संख्या में यहां पदयात्रि पहुंचते है और श्रद्धालुओं के द्वारा यहां जलाभिषेक भी किया जाता है। मंदिर के समीप पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं के लिए सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन की सुविधा नहीं होने से श्रद्धालुओं को काफी परेशानियां होती थी। लोकार्पण करते हुए कैबिनेट मंत्री अकबर ने कहा कि सामुदायिक भवन की सुविधा मिलने से हजारों श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। इस अवसर पर राधा माधव गौ सेवा समिति के संस्थापक अर्जून प्रसाद शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, नीलकंठ चंद्रवंशी, कलीम खान, तुकाराम चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जमील खान, सभापति प्रमोद लूनिया, चुनवा खान, अशोक सिंह, मोहित माहेश्वरी, पवन जायसवाल सुनील साहू, एल्डरमेन दलजीत पाहुजा, कौशल कौशिक, जाकिर चौहान, होरी साहू, राजेश माखीजानी, सुधीर केशरवानी, आकाश केशरवानी, लेखा राजपूत, विकास केशरी, प्रशांत परिहार, लक्की कादरी, नदीम अंसारी, सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# दोस्त ने ही मामूली विवाद पर की हत्या

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



थान खमरिया तसहील क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम टिपनी से बनरांका मुख्य मार्ग पर बीते 22 जुलाई की रात्रि करीब 10 बजे मामूली विवाद पर एक युवक ने अपने ही दोस्त की ताबडतोड चाकू से वार कर हत्या कर दी,घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक फरार हो गया था।आज सुबह राहगीरो ने सडक पर युवक की लाश को देखा और पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर थाना प्रभारी नासीर खान तत्काल घटना स्थल पहुंचकर युवक की हत्या और उसके विभिन्न पहलूओ की छानबीन शुरू कर दी, इसके पश्चात उच्च अधिकारी को हत्या की घटना की जानकारी दी तत्पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस दलबल सहित मौका मनाने में पहुंच गए ! दूसरी ओर इसी रात को मारो थाना मे एक युवक की चाकू के साथ गिरफ्तार होने की सूचना पहले से थान खम्हरिया पुलिस को थी तो सीधे तौर पर पुलिस को कनेक्शन जोडते समय नही लगा इसके पश्चात उच्च अधिकारी को हत्या की घटना की जानकारी दी तत्पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस दलबल सहित मौका स्थल पर पहुंच गए ! सुबह इस हत्या के संबंध मे मारो पुलिस ने आरोपी से गहन पुछताछ की तो हत्या का खुलासा हो गया। पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु साजा भेज दिया पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ भादवि की धारा 302 कायम कर विवेचना मे लिया है। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 22 जुलाई रात मृतक सुरेश पिता बल्देव साहू उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम चिखली तथा आरोपी युवक सरजू पिता परदेशी गंधर्व दोनो एक साथ बैठकर शराब का सेवन किया और करीब रात 10 बजे दोनो दोस्त अलग अलग दोपहिया वाहन से घर लौट रहे थे चूकि दोनो थान खम्हरिया मे वाहन चालक का काम करते थे इसलिए प्रतिदिन काम निपटाकर रात को घर लौटते थे घटना दिनांक को भी शराब पीकर दोनो साथ घर लौट रहे थे तभी आधी रास्ते मे ग्राम बनरांका के समीप दोनो मे मामूदी विवाद हो गया और जोश मे आकर आरोपी युवक ने चाकू से दोस्त के पेट मे संघातिक वार कर दिया तथा गला को भी चाकू से रेत दिया जिससे मृतक सुरेश वही ढेर हो गया। हत्या कर आरोपी फरार हो गया था तथा पुलिस गस्त के दौरान रात मे ही मारो पूलिस के हत्थे चढ गया था।आरोपी सरजू गंधर्व व मृतक सुरेश एक ही गांव चिखली का रहने वाले है तथा दोनो वाहन चालक है और एक साथ रात मे घर लौटा करते थे। संभवतः शराब के नशे मे बीच रास्ते पर दोनो के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और संगीन घटना को अंजाम दे दिया।पुलिस आरोपी युवक को मारो से थान खम्हरिया लाकर जरूरी पूछताछ किया जिसमे आरोपी ने जुर्म कुबुल लिया और घटना मे प्रयुक्त चाकू को भी बरामद किया,इधर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शाम को शव परिजनों को शौप दिया गया आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 302 कायम किया गया है।

# 25 से 31 जुलाई तक ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 25 से 31 जुलाई के मध्य विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 'मेरी पंचायत मेरा अधिकार-जनसेवाएं हमारे द्वारा अभियान'' अंतर्गत पंचायतों से संबंधित नागरिक घोषणा पत्र को ग्रामसभा में अनुमोदित किया जाना है। कलेक्टर ने ग्रामसभा का व्यापक प्रचार-प्रचार कराने तथा उसकी जानकारी ग्राम पंचायत के प्रत्येक सरपंच तथा पंचों को देने के लिए जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवासरत व्यक्तियों को भूमि स्वामी हक प्रदान किए जाने हेतु ''स्वामित्व योजना'' प्रारंभ की गई है। ''स्वामित्व'' सर्वे ऑफ इण्डिया के द्वारा ड्रोन के माध्यम से आबादी भूमि का सर्वे कर भूमि स्वामी को अधिकार अभिलेख प्रदान किए जाने की योजना है, जिसके लिए राजस्व विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। योजना का क्रियान्वयन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संयुक्त समन्वय से किया जाएगा। स्वामित्व योजना से ग्रामवासियों को नियमानुसार लाभ होंगे-ग्रामीण सम्पत्तियों का अधिकार अभिलेख निर्माण, प्रत्येक सम्पत्तिधारक को उसके सम्पत्ति का स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा।


## कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 27–बीकेसी, सी–27, जी ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई–400051, कार्पोरेट कार्यालय : कोटक इनफिनिटी, जोन–II, चतुर्थ तल, बिल्डिंग नंबर 21, इनफिनिटी पार्क, ऑफ डब्ल्यू.ई. हाईवे, गोरेगांव, मुंबई –400097
आंचलिक कार्यालय : 5वां तल, मेट्रो टावर, ए.बी. रोड, निकट विजय नगर स्क्वायर, इंदौर–452010 (मध्य प्रदेश)
शाखा कार्यालय : ब्लॉक बी1, तृतीय तल, पुजारी चैम्बर्स, पचपेडी नाका, रायपुर–492001 (छत्तीसगढ़)

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी सह सार्वजनिक सूचना**

(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के तहत)

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका सांकेतिक कब्जा कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल)/प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत निम्नवर्णित तिथि को यहां नीचे वर्णित कर्जदार तथा गारंटर(रों) की तरफ कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल)/प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि और वसूली की तिथि तक ब्याज एवं अनय खर्चों की वसूली के लिए "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अचल सम्पत्ति, जिसका विवरण नीचे दिया गया है, की बिक्री के लिए हमारे ई–नीलामी सर्विस पार्टनर, मैसर्स नेक्स जेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड (नेक्स जेन) के वेबपोर्टल नामतः https://DisposalHub.com के माध्यम से ऑनलाइन ऑफर आमंत्रित की जाती हैं :–

| कर्जदारों/सह–कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं का नाम | कर्जदारों का नाम, 13(2) मांग सूचना की तिथि एवं राशि |
|---|---|
| 1) मैसर्स मां अम्बे इलेक्ट्रॉनिक्स टेलीकॉम, एसबीआई के बगल में, फाफाडीह वार्ड नंबर 22, राजीव गांधी के के प्लाजा, रायपुर–492001<br>2) श्री कमल किशोर केशरवानी, पुत्र किशन लाल केशरवानी पार्टनर/सह–कर्जदार/गारंटर<br>3) नंद किशोर केशरवानी, पुत्र किशन लाल केशरवानी पार्टनर/सह–कर्जदार/गारंटर<br>4) श्रीमती सुनीता केशरवानी पत्नी श्री कमल किशोर केशरवानी पार्टनर/सह–कर्जदार/गारंटर<br>5) श्री राज किशोर केशरवानी, पुत्र किशन लाल केशरवानी पार्टनर/सह–कर्जदार/गारंटर<br>6) मैसर्स न्यू भवानी सुपर बाजार सभी पार्टनर/सह–कर्जदार/गारंटर का पता : केशरवानी विला 1223, रूपरेला गली कालोनी रमन मंदिर, वार्ड फाफाडीह, रायपुर–492001 | 1) मांग सूचना तिथि : 25–09–2020 मैसर्स मां अम्बे इलेक्ट्रॉनिक्स टेलीकॉम, ऋण खाता सं. : एलएपी17759158 दिनांक 25–09–2020 तक कुल राशि रू. 43, 44, 574.74 (रूपए तेतालीस लाख चौवालीस हजार पांच सौ चौहत्तर तथा पैसे चौहत्तर मात्र)<br>2) मांग सूचना तिथि : 25–09–2020 मैसर्स मां अम्बे इलेक्ट्रॉनिक्स टेलीकॉम, ऋण खाता सं. : एलएपी17614560 दिनांक 25–09–2020 तक कुल राशि रू. 40,36,110.97 (रूपए चालीस लाख छत्तीस हजार एक सौ दस तथा पैसे सत्तानवे मात्र)<br>3) मांग सूचना तिथि : 25–09–2020 मैसर्स मां अम्बे इलेक्ट्रॉनिक्स टेलीकॉम, ऋण खाता सं. : एलएपी17606825 कुल राशि रू. 81,45,571.01 (रूपए इक्यासी लाख पैंतालीस हजार पांच सौ इकहत्तर तथा पैसे एक मात्र)<br>4) मांग सूचना तिथि : 25–09–2020 मैसर्स मां अम्बे इलेक्ट्रॉनिक्स टेलीकॉम, ऋण खाता सं. : एलएपी17996701 दिनांक 25–09–2020 तक कुल राशि रू. 45,01,914.04 (रूपए पैंतालीस लाख एक हजार नौ सौ चौदह तथा पैसे चार मात्र)<br>5) मांग सूचना तिथि : 16–07–2020 मैसर्स मां अम्बे इलेक्ट्रॉनिक्स टेलीकॉम, ऋण खाता सं. : एचएफ37601721 दिनांक 16–07–2020 तक कुल राशि रू. 74,59,358.16 (रूपए चौहत्तर लाख उनसठ हजार तीन सौ अठ्ठावन तथा पैसे सोलह मात्र)<br>6) मांग सूचना तिथि : 16–07–2020 मैसर्स मां अम्बे इलेक्ट्रॉनिक्स टेलीकॉम, ऋण खाता सं. : एचएफओडी8611948377 दिनांक 16–07–2020 तक कुल राशि रू. 16,72,684.00 (रूपए सोलह लाख बहत्तर हजार छह सौ चौरासी मात्र)<br>7) मांग सूचना तिथि : 16–07–2020 श्री कमल किशोर केशरवानी, ऋण खाता सं. : एचएफ37602238 दिनांक 16–07–2020 तक कुल राशि रू. 2,13,446.80 (रूपए दो लाख तेरह हजार चार सौ छियालीस तथा पैसे अस्सी मात्र)<br>8) मांग सूचना तिथि : 16–07–2020 श्री कमल किशोर केशरवानी, ऋण खाता सं. : एचएफ37584794 दिनांक 16–07–2020 तक कुल राशि रू. 21,09,542.28 (रूपए इक्कीस लाख नौ हजार पांच सौ बयालीस तथा पैसे अठ्ठाईस मात्र) |

| कब्जा की तिथि एवं कब्जा का प्रकार | सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य (रू.में) / ईएमडी (रू.में) / बोली वृद्धि राशि (रू.में) |
|---|---|---|
| 20–01–2021 सांकेतिक कब्जा | निम्नलिखित सम्पत्तियों पर वाणिज्यिक बंधक, ऋण खाता सं.: एलएपी17606825, एलएपी17614560, एलएपी17759158, एलएपी17996701 सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : डायवर्टिड प्लॉट नंबर 6/6, डायवर्टिड सर्वे नंबर 258/1 का हिस्सा, शीट नंबर 6, खाता नंबर 151, खसरा नंबर 258/1., पीएच नंबर 108, आरएनएम रायपुर–1, वार्ड नंबर 22, राजीव गांधी वार्ड, मौजा – फाफाडीह, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़–492001, उसके ऊपर निर्माण सहित, कुल क्षेत्रफल 1462 वर्ग फीट चौहद्दी : पूरब : गली, पश्चिम : रायपुर बिलासपुर रोड, दक्षिण : मिंटू शर्मा का कॉम्प्लेक्स, उत्तर : इन्द्रचन्द्र जैन का कॉम्प्लेक्स | रू. 2,65,65,090/– (रूपए दो करोड़ पैंसठ लाख पैंसठ हजार नब्बे मात्र)<br>रू. 26,56,509/– (रूपए छब्बीस लाख छप्पन हजार पांच सौ नौ मात्र)<br>रू. 10,000/– |
| 20–10–2020 सांकेतिक कब्जा | आवासीय सम्पत्ति पर बंधक, ऋण खाता सं. : एलएपी17996701 (एचएफ37584794, एचएफ37602238), (एचएफओडी8611948377, एचएफ37601721) सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 50/11, खसरा नंबर 41/1 (पार्ट), पुराना मकान नंबर 12/1223, नया मकान नंबर 12/1223 1–2–3–4, पीएच नंबर 108/38, वार्ड नंबर 21, रमन मंदिर वार्ड, आरएनएम रायपुर–1, मौजा – फाफाडीह, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़–492001. | रू. 1,96,39,625/– (रूपए एक करोड़ छियानवे लाख उन्तालीस हजार छह सौ पच्चीस मात्र)<br>रू. 19,63,962.50/– (रूपए उन्नीस लाख तिरेसठ हजार नौ सौ बासठ तथा पैसे पचास मात्र)<br>रू. 10,000/– |

| ई–नीलामी की तिथि एवं समय | निविदा/ऑफर प्राप्त करने हेतु अंतिम तिथि | सम्पत्ति निरीक्षण तिथि |
|---|---|---|
| 7 सितम्बर, 2021, समयः पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 6 सितम्बर, 2021, अप. 04.00 बजे तक | 16 अगस्त, 2021, पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक |

नीलामी के नियम एवं शर्तों के बारे में अन्य सभी जानकारी हमारी बैंक वेबसाइट https://www.kotakbank.com/en/bank-auction.html तथा ई–नीलामी सर्विस पार्टनर, मैसर्स नेक्स जेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड (नेक्स जेन) के वेबपोर्टल नामतः https://DisposalHub.com वेबसाइट https://DisposalHub.com/KOTAK पर उपलब्ध है। किसी अन्य जानकारी के लिए कृपया प्राधिकृत अधिकारी, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, श्री प्रवीण शर्मा (मोबाइलः +91–07714908533) तथा श्री रवीन्द्र द्विवेदी (मोबाइल : +91–7208051081) अथवा ई–नीलामी के स्थानीय प्रतिनिधि श्री मृत्युंजय सिंह (मोबाइलः +91–8130249933) एवं ई–मेल : csd@disposalhub.com पर सम्पर्क करें।

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

स्थान : रायपुर
तिथि : 23–07–2021


# नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा थानखम्हरिया के विकास प्रारूप का प्रकाशन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

थानखम्हरिया विकास योजना 2031 (प्रारूप) का प्रकाशन छ.ग. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 18 (1) के तहत् नगर पंचायत थानखम्हरिया के मिटिंग हॉल में, छ.ग. शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के आदेश द्वारा छ.ग. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 17-क (1) के तहत् गठित समिति के सदस्य व नगर पंचायत अध्यक्ष उषा राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में कल दोपहर 1.00 बजे बैठक आयोजित किया गया। संयोजक सूर्यभान सिंह ठाकुर, उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश राजनांदगांव (छ.ग.) के द्वारा थानखम्हरिया निवेश क्षेत्र में शामिल ग्रामों क्रमशः टिपनी, कोपेडबरी, गातापार, उमराव नगर, कुरदा, गुवारा, करमू, दर्री एवं थानखम्हरिया नगर पंचायत क्षेत्र एवं प्रकाशित विकास योजना के संबंध में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की तथा प्रकाशित मानचित्रों का अवलोकन 17-क (1) के तहत् गठित समिति के उपस्थित सदस्यों को कराया गया। प्रकाशित विकास योजना के संबंध में आगामी 30 दिवस के भीतर जनसामान्य से आपत्ति एवं सुझाव कलेक्टोरेट कार्यालय जिला बेमेतरा, स्थानीय नगर पंचायत थानखम्हरिया, कार्यालय संभागायुक्त, दुर्ग तथा नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग में प्राप्त किया जावेगा। विकास योजना प्रकाशन में विमल बगवैया प्र0 संयुक्त संचालक, प्रतीक दीक्षित सहायक संचालक, वर्षा दीवान मिश्रा वरिष्ठ शोध सहायक, जामिन छत्रपाल सहायक ग्रेड-3 एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

नि.सू.क्र./26/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड/2021 कोण्डागांव, दिनांक 13.07.2021

**-: मैन्यूअल पद्धति निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनअुल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01. **विवरण** :-विभागीय जिला स्तरीय प्रयोगशाला कोण्डागांव भवन में सेल्फ हेतु आर.सी.सी. सलेब निर्माण तथा पूर्व में स्थापित कमरों को एल्यूमिनीयम सेक्शन से विभाजन का कार्य व उससे संबंधित समस्त कार्य आदि।

| समूह क्र. | कार्यस्थल का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु. लाख में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | कोण्डागांव | 5.656 | 02.08.2021 |

02. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
कोण्डागांव (छ.ग.)

जी-62246/2

## क्विक न्यूज

### प्रसव पीड़िता को राईनो पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल



**रायगढ़।** प्रदेश में आपातकालीन सेवा डायल 112 एक्सीडेंट, फायर और मेडिकल इमरजेंसी के समय बड़ी ही कारगर साबित हो रही है। आमजन इमरजेंसी नम्बर 112 पर कॉल कर सहायता की मांग करने पर डायल 112 के रायपुर कन्ट्रोल रूम द्वारा संबंधित थाने के डायल 112 को इवेंट देकर मदद पहुंचाती है। ताजा मामले में इसी डायल नंबर की मदद से प्रसव पीडा से तड़प रही महिला को अस्पताल पहुंचाकर राहत दिलाई गई। कल दोपहर थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत गोपालपुर में रहने वाली श्रीमती तुलसी बाई रात्रे पति पप्पू रात्रे 32 वर्ष की प्रसव पीड़ा अचानक बढने पर घरवालों ने डायल 112 को काल कर मदद की मांग की गई। डायल 112 के कंट्रोल रूम रायपुर से चक्रधरनगर राइनो को मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट देने पर चक्रधरनगर राइनो की ईआरव्ही वाहन में कुछ ही समय में चक्रधरनगर थाने के आरक्षक सन्त्री मालाकार एवं ईआरव्ही चालक जय महिलाने गोपालपुर पहुंचे, जहां से श्रीमती तुलसी बाई रात्रे और उनके परिवार की एक महिला को साथ लेकर केजीएच लाया, जहां महिला का प्रसव हुआ।

### दो शिक्षकों को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार




**मुंगेली।** जिलें के व्याख्याता एल बी. पवन कुमार मिरे एवं रामनाथ कुलमित्र सहायक शिक्षक एल बी. को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2020 से नवाजा गया है। राज्यपाल अनुसुईया उइके एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में दोनों शिक्षकों के सम्मान की घोषणा की। कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला कलेक्टोरेट स्थित स्वान सभा कक्ष में दोंनो शिक्षकों को शाल, श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### संभागीय बूथ स्तरीय प्रबंधन समिति का गठन



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने आने वाले मिशन 2023 के लिये कमर कसनी शुरू कर दी है,, विगत कुछ समय से लगातार संगठन की मजबूती पर जोर देने की कवायद में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जा रही हैं इसी तारतम्य में संभागीय बूथ स्तरीय प्रबंधन समिति का गठन करते हुए सदस्यों को विधानसभावार जिम्मेदारी दी गयी है. जिसमे पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय को बिलासपुर संभाग की जिम्मेदारी सौपी गई है , जिसमे मरवाही अनुसूचित जन जाती, मुंगेली अनुसूचित जाति एवं लोरमी सामान्य के प्रभारी के तौर पर नियुक्त किया गया हैं।

# नगरपालिका में हुए फर्जीवाड़े पर सभी दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ने नगरपालिका में हुए फर्जी वाड़े पर सभी दोषियों के खिलाफ एफ आई आर करने का आदेश जारी कर दिया है वही अब इस बात को लेकर भी सुगबुगाहट सामने आने लगी है, कि अनुविभागिय अधिकारी मुंगेली को जांच प्रभारी बनाया गया था, इससे पूर्व भी नगरपालिका में हुए बंदरबाट की जांच में तकनीकि अधिकारियों की टीम बना कर जांच की गई थी, किंतु इस बार इतने बडे मामले में किसी भी तकनिकी सदस्य के बिना ही जांच करा ली गई, कही यह जांच महज औपचारिकता ही तो नही । वही नाली निर्माण की जांच के लिए अनुविभागिय अधिकारी को जांच अधिकारी बनाया गया था, और थाने में एफ आई आर दर्ज करने के लिए सीएमओ को अधिकृत किया गया है। कही बाकी मामलो के समान इसे भी दबाने का प्रयास तो नही किया जा रहा ये एक बडा विषय है। नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत कराये गये कार्यो में लगातार भ्रस्टाचार की षिकायते सामने आने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर ने अनुविभागिय अधिकारी को जांच टीम गठित कर जांच का आदेष जारी किया था, जिसके उपरांत अनुविभागिय अधिकारी द्वारा मौके का स्थल निरिक्षण कर रिर्पोट जिला कलेक्टर को सौपा, जिस पर कलेक्टर अजित वसंत ने संबंधित व्यक्तियों को शोकाज नोटिस जारी कर 7 दिनो के अंदर स्पष्टिकरण देने का निर्देष दिया है, समयावधि पर जवाब प्रस्तुत नही करने पर एकतरफा कार्यवाही की जायेगी । जिस पर संतोष प्रद जवाब न मिलने के कारण कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सभी व्यक्तियों पर एफ आई आर करने के आदेष जारी किये । ज्ञात हो कि स्वतंत्र मिश्रा अध्यक्ष, शहर कांग्रेस कमेटी मुंगेली एवं जनप्रतिनिधियो द्वारा शिकायत करते हुए कहा गया था मुंगेली नगर पालिका परिषद द्वारा परमहंस वार्ड में होरीलाल शर्मा के घर के पास 17 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य होना था, जिसका निर्माण कार्य ठेकेदार सोफिया कंस्ट्रकशन द्वारा कराया जाना था, जिसका सत्यापन, प्रभारी उप अभियंता जोयस तिग्गा द्वारा किया गया था, जिस पर बिना नाली निर्माण हुए तत्कालीन प्रभारी सी.एम.ओ. विकास पाटले एवं नगर पालिका परिषद मुंगेली के अध्यक्ष संतूलाल सोनकर के संयुक्त हस्ताक्षर से दिनांक 19.02.2021 को 1312818 रूपये का भुगतान षड़यंत्र कर किया गया जिस पर जिला कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए संबंधितो को कारण बताओं नोटिस जारी स्पस्टिकरण मांगा है एवं समय पर स्पस्टिकरण नही देने पर एकतरफा कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई थी। किंतु प्रशासन द्वारा जारी निर्देशो के बाद भी खबर लिखे जाने तक एफ आई आर की पुष्टि प्राप्त नही हो पाई है, मिली जानकारी के अनुसार लगभग दो दिन पूर्व जारी आदेश पर एफ आई आर न हो पाना कहि दोषयों पर कोई प्रशासनिक मेहरबानी तो नही की जा रही हैं,, बाकी मामलो की तरह इस मामले को भी कागजो तक ही सीमित न कर दिया जाए ।

जांच टीम के द्वारा प्रस्तुत किये गए जाच रिपोर्ट के आधार पर मौके में नाली निर्माण नही होना पाया गया है,, और न ही शोकाज नोटिस का सन्तोष जनक जवाब मिला, जिसके बाद सी एम ओ को एफ आई आर करने के निर्देश दिए गए हैं ।

**अजित वसंत कलेक्टर मुंगेली**

कलेक्टर द्वारा जारी निर्देश की कापी मिल गई है,, निर्देश अनुसार कार्य किया जाएगा ।

**मनीष वारे सीएमओ**
**नगर पालिका मुंगेली**

# जिले में संचालित समस्त सोनोग्राफी सेंटरों का होगा निरीक्षण

■ पीसीपीएनडीटी की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय के सभा कक्ष में विगत दिनों पीसीपीएनडीटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा की गई। जिसमें बताया गया कि सुखनंदन सोनोग्राफी सेंटर के लाईसेंस नवीनिकरण हेतु संचालक द्वारा विगत दिनों ऑनलाईन एवं ऑफलाईन आवेदन प्रस्तुत की गई थी। कोविड-19 संक्रमण की स्थिति को देखते हुये उन्हे सोनोग्राफी सेंटर संचालित करने की अनुमति प्रदान की गई है। इसी तरह सभी सोनोग्राफी सेंटरों में पीने का पानी. बैठने में समुचित व्यवस्था, सुलभ शौचालय की नियमित साफ-सफाई के संबंध में निर्देश दिये गये। बैठक में बताया गया कि सभी सोनोग्राफी सेंटर में एक्टीवट्रेकर मशीन लगा हुआ है। जिला समिति के द्वारा समस्त सोनोग्राफी सेंटरों का निरीक्षण करने निर्देशित किया गया है। जिला स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्य डॉ0 प्रमिला दाउ. स्त्री रोग विशेषज्ञ लोरमी के स्थान पर अन्य चिकित्सक को रखने पर भी चर्चा की गई। माह मई-जून में समस्त सोनोग्राफी सेंटरों का निरीक्षण किया गया है। जिन सेंटरों में निरीक्षण के दौरान कमियां पायी गई है उन्हे 15 दिवस के भीतर पूर्ण करने का समय दिया गया है। पीसीपीएनडीटी गाईडलाईन के तहत् समस्त सोनोग्राफी सेंटरों में फार्म एफ के साथ स्वयं या अन्य चिकित्सक का रिफरल स्लिप होना अनिवार्य है तथा सोनोग्राफी करने वाले चिकित्सक यदि बाहर जाते है तो इस कार्यालय को सूचना देना अनिवार्य है। लिंग परीक्षण करना एक दण्डनीय अपराध है। प्रसव पूर्व लिंग परीक्षण नहीं किये जाने हेतु समिति के द्वारा चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. त्रिलोकीनाथ महिंग्लेश्वर, जिला नोडल अधिकारी डॉ सुदेश रोत्रे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ0 आनंद सिंग मांझी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ0 कमलेश खैरवार, डॉ0 प्रमिला दाउ, स्त्री रोग विशेषज्ञ लोरमी, पब्लिक प्रासिक्यूटर मनीष चैबे, सामाजिक कार्यकर्ता विकास जैन, उपस्थित थे।

## स्व. बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि मनाई गई

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सागर सिंह एवम शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा के द्वारा शुक्रवार को कांग्रेस भवन मुंगेली में स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती तथा प्रदेश के वरिष्ठ नेता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि मनाई गई ,, साथ ही जिले प्रभारी मंत्री एवं छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री गुरु कुमार जी का जन्म दिवस के उपलक्ष पर जिला अस्पताल में फल वितरण किया गया । इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सागर सिंह बैस, आत्मा सिंह क्षत्रिय मुंगेली बूथ सम्भाग प्रभारी, दिलीप बंजारा अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल, मंजू शर्मा शहर प्रभारी, अभिलाष सिंह जिला उपाध्यक्ष, सोम वर्मा शहर प्रभारी, रूपलाल कोसरे, विनय चोपड़ा , एजाज खोखर, शोभा कश्यप, नरेश पाटले, कलीम तंवर, रोहित शुक्ला पार्षद, बिधानद चंद्राकर, देवेंद्र पात्रे, नागेश गुप्ता, मकबूल खान, रवि शुक्ला, अजय साहू अध्यक्ष युवा कांग्रेस अशोक जायसवाल, नीरज यादव, सूरज यादव, ताराचंद साहू, संजय दुबे, दिनेश, जी. पी. पहारे, खुलन चंदेल, धनन्जय गर्ग, रवि अजय खांडेकर, मंजीत रात्रे, चूड़ामणि साहू उपस्थित रहे।

# धरमजयगढ़ क्षेत्र में 64 हाथी कर रहे विचरण

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



धरमजयगढ़ वनमंडल के अलग-अलग वन परिक्षेत्रों में 64 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे है। जिसमें लैलूंगा परिक्षेत्र अंतर्गत चिंगारी परिसर में ग्राम भकुर्रा एवं फुटहामुड़ा के वन क्षेत्रों में 11 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। जिसकी निगरानी परिसर रक्षक, हाथी सचेतक दल एवं हाथी मित्र दल द्वारा किया जा रहा है एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रचार-प्रसार के माध्यम से मुनादी कराया जा रहा है। 9 हाथियों का दल कापू परिक्षेत्र एवं सरगुजा वनमंडल के वन क्षेत्रों में विचरण कर रहा है जो वर्तमान में कापू परिक्षेत्र के अलोला परिसर में विचरण कर रहे है। इन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षा के उपाए सुझाने और उनसे दूरी रखने की समझाईश देने का वन मंडल ने दावा किया है। धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत जंगली हाथियों के रहवास हेतु अनुकूल वातावरण होने के कारण प्रतिवर्ष दूसरे वनमंडल की अपेक्षा धरमजयगढ़ वनमंडल में अधिकतम मात्रा में हाथियों का आवागमन या विचरण बना रहता है। धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत हाथियों के लिये आवश्यक जल एवं भोजन की व्यवस्था होने के कारण हाथियों का रहवास वर्ष भर रहता है। धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत वनक्षेत्रों से लगे ग्रामों हाथियों के विचरण करने पर फसल मकान एवं अन्य सपंत्ति क्षति होता है तो छ.ग.शासन के निर्देशानुसार वन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा क्षतिग्रस्त क्षेत्र का मौका निरीक्षण क्षति का आंकलन कर पीड़ित कृषकों को क्षति का क्षतिपूर्ति मुआवजा भुगतान दिया जाता है। धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत हाथी प्रभावित क्षेत्रों में वन क्षेत्रों से होकर गुजरने वाले रास्तों में स्लोगन प्लेट लगाकर राहगीरों को सचेत किया जाता है एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वन प्रबंधन समिति के माध्यम से बैठक एवं प्रचार-प्रसार कर हाथियों की विचरण एवं गतिविधियों की जानकारी दिया जाता है। साथ ही गजराज वाहन एवं चलचित्र के माध्यम से ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षा के संबंध में बताया जाता है।

## बोकरामुडा में खुडखुडिया जुआ खेला रहे दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोतरा रोड़ क्षेत्र के बोकरामुड़ा में खुडखुडिया जुआ खिलाने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर दो लोगों को पकड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक चमन सिन्हा को ग्राम बोकरामुडा में स्कूल के सामने मैदान तालाब के पास कुछ व्यक्ति खुडखुडिया पट्टी पर जुआ खेलाने की सूचना मिला। सूचना पर थाना प्रभारी थाने की पेट्रोलिंग के साथ थाने से अतिरिक्त बल रवाना कर कार्रवाई का निर्देश दिये। पुलिस की घेराबंदी देख जुआ खेलने वाले भाग गए। दो स्थानों पर आरोपी शौकीलाल चौहान उम्र 46 वर्ष सा0 कोतरा स्कूल पारा थाना कोतरा रोड रायगढ़ एवं शिवचरण साहु उर्फ भउ उम्र 45 वर्ष सा0 कुरमापाली थाना कोतरा रोड रायगढ़ को खुडखुडिया गोटी पर जुआ खेलाते पकड़ा गया। आरोपियों से नकदी रकम कुल 2,490 एवं खुडखुडिया गोटी, पटटी बांस की टोकरी वजह सबूत जप्त किया गया है। दोनों आरोपियों पर थाना कोतरारोड़ में पृथक-पृथक धारा 4(क) जुआ एक्ट की कार्रवाई किया गया है।

# जेवरात चोरी का आरोपी पकड़ाया

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



खरसिया पुलिस को संदिग्धों की पतासाजी दौरान लगातार दूसरे दिन एक चोर को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। कल खरसिया पुलिस द्वारा बाइक चोर एवं सोने-चांदी, बर्तन को चमकाने वाला पाऊडर बिक्री कर चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। गुरूवार को खरसिया पुलिस पिछले साल जुलाई माह में ग्राम खोरसीपाली में हुई नकबजनी के आरोपी को पकड़ा गया है, जिससे चोरी की चांदी का लच्छा एवं सोने की पीपलपत्ती माला बरामद किया गया है। आरोपी को खरसिया पुलिस द्वारा नकबजनी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार एसडीओपी खरसिया एएसपी पीतांबर पटेल के सुपरविजन पर थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक एस.आर. साहू चोरी नकबजनी की घटनाओं के आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। थाना प्रभारी व स्टाफ द्वारा उनके मुखबीरों द्वारा दी गई हर सूचना को बारीकी से तस्दीक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 22 जुलाई को थाना प्रभारी खरसिया को उनके मुखबिर द्वारा ग्राम खोरसीपाली के दुष्यंत पटैल की भूमिका पर संदेह व्यक्त कर नकबजनी की घटना में शामिल होने का संदेह व्यक्त किया। जिस पर थाना प्रभारी के निर्देशन पर थाने से प्रधान आरक्षक राजेश दर्जन व आरक्षक अशोक कंवर ग्राम खोरसीपाली जाकर संदेही को तलब कर कड़ी पूछताछ किये। संदेही दुष्यंत पटैल खोरसीपाली में प्रेमलाल पटैल के घर से पिछ्ले साल ( 16-17 जुलाई की दरम्यानी रात) घर अंदर के आलमारी से 07 मासा सोने का पीपल पत्ती माला, 20 तोला चांदी का पैर का लच्छा, नगदी 5,000- चोरी करना कबूल किया। आरोपी दुष्यंत पटैल चोरी में मिले 5,000 रूपये को खर्च हो जाना तथा पकड़े जाने के डर से चांदी का पैर का लच्छा व सोने का पीपल पत्ती माला को घर में छिपाकर रखना बताया। आरोपी दुष्यंत पटैल उम्र 24 वर्ष निवासी चारभाटा खोरसीपाली बोतल्दा थाना खरसिया के निंशानदेही पर चांदी का लच्छा, 7 नग सोने की पीपलपत्ती माला कीमती 28,000 रूपये का बरामद किया गया है। आरोपी दुष्यंत पटैल को खोरसीपाली के प्रेमलाल पटैल के घर के दर्ज अपराध धारा 457, 380 में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# पटवारी से मोबाइल, नकदी लूटपाट का आरोपी आया पुलिस के हाथ

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ-उडिसा मुख्य मार्ग में ग्राम दर्रामुडा के पास पटवारी से हुई लूटपाट के आरोपी को लूट की मशरूका तथा लूट में प्रयुक्त बाइक के साथ पकड़ने में सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार कृष्णवाटिका चक्रधरनगर में रहने वाली तरूणा साहू ( 42 वर्ष) जो पटवारी हल्का नम्बर 10 ग्राम डुमरमुडा की पटवारी हैं, प्रतिदिन की भांति दिनांक 19.07.2021 को अपने एक्टिवा स्कूटी में ग्राम डुमरमुडा जा रही थी, श्रीमती तरूणा साहू दोपहर करीब 12ः30 बजे ग्राम दर्रामुडा के पास पहुंची थी, उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति लाल कलर के मोटर सायकल में आया और डराते धमकाते हुए पर्स को लूट कर भाग गया, तरूणा साहू लूटरे का पीछा करने का प्रयास की पर वह तेज गति से बाइक चलाता भाग गया, उनके पर्स में 4,000 रूपये नकदी, मोबाईल फोन, एटीएम कार्ड, कार्यालय का सिल एवं अन्य शासकीय दस्तावेज था । चौकी जूटमिल ( थाना कोतवाली ) में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 1026/2021 धारा 392 भादवि का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है । रायगढ-उडिसा मुख्य मार्ग में घटित लूट की वारदात को गंभीरता से लेते हुए एसपी श्री मीणा द्वारा एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा एवं सीएसपी अविनाश सिंह ठाकुर को शीघ्र माल मुल्जिम की पतासाजी कराने निर्देशित किये जिस पर जूटमिल पुलिस के साथ साइबर सेल की टीम को भी अज्ञात आरोपी की पतासाजी में लगाया गया । जूटमिल पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में संदेही नीतेश दास महंत निवासी बोकरामुड़ा थाना छाल को जूटमिल पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया । पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नीतेश कुछ दिनों से जूटमिल क्षेत्र में घूमते देखा गया है जो नशे करने का आदी है । पुलिस की कड़ी पूछताछ में नीतेश महंत लूटपाट की घटना को स्वीकार किया है, नीतेश बताया कि जूटमिल क्षेत्र में उसके परिचित रहे हैं जिनके पास आना जाना था । महिला पटवारी को अकेले पुसौर आते-जाते कई बार देखा था, तब उसे लूटपाट करने की अकेले प्लानिंग कर लूट किया था । आरोपी के मेमोरंडम कथन निंशादेही पर नकदी रकम ?710/-, एक सैमसंग का मोबाइल, ञ्ररू कार्ड, 2 सिम कार्ड, घटना में प्रयुक्त प्लेटिना बाइक छ्त्र 13 ह्-9660 तथा एक काला रंग का गमछा बरामद किया गया है । आरोपी नीतेश दास महंत पिता पदुम दास महंत उम्र 20 वर्ष निवासी बोकरामुड़ा थाना छाल की आज पीड़िता श्रीमती तरूणा साहू से पहचान आदि की कार्रवई कराकर आरोपी को ज्यूडिसियल रिमांड पर भेजा गया है । अज्ञात आरोपी की पतासाजी लूट की मशरूका बरामदगी में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक आरएस नेताम, प्रधान आरक्षक शम्भू पाण्डेय, आरक्षक सत्या यादव, प्रताप बेहरा, बनारसी सिदार चौकी जूटमिल तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, आरक्षक धनंजय कश्यप, प्रशांत पंडा, महिला आरक्षक मेनका चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# सीनियर क्रिकेट टीम की घोषणा 20-20 खेलेगी राजधानी में

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला क्रिकेट संघ द्वारा टी 20 के सीनियर टीम की घोषणा कर दी गई है जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचंद्र शर्मा ने बताया कि राजधानी में होने वाले टी 20 टूर्नामेंट के लिए है जो इस प्रकार है। 1रवि सिंह कप्तान,2 सचिन3 अमित कुंवर4 सुरज आचार्या5 करण महेश6 राहुल सिदार 7 आसिफ खान उप कप्तान8अभिजीत साहू 9 कपिल दास10 नीलेश तिवारी 11चंद्रकांत 12कृतिक शर्मा13 लव्यम राजपूत 14 विनय साहू15 चिराग सिंह। साथ ही स्टैंड बाय के लिए खिलाड़ी चयन किया गया है उसमें अजहरुल,राहुल नायक,अनुराग पटेल,विकास द्विवेदी,देवेंद्र भोजवानी।सभी चयनित खिलाडियों को संघ के अध्यक्ष सन्तोष पांडेय, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, उपाध्यक्ष किशोर पटनायक, वरिष्ठ खिलाड़ी पंकज बोहिदार, जफरुल्लाह सिद्दीकी, महेंद्र साव, महेश्वर मिश्रा, सन्तोष मिश्रा, निक्की गुप्ता, राजा गोरख, महेश दधीचि, चंद्रेश यादव, सानू भयानि, स्टेट अंपायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, प्रवीण सराफ, आदि ने बधाई देते हुए शुभकामनायें दी है।

### हुए 10 अभ्यास मैच, मिला पूरा मौका

सचिव रामचंद्र शर्मा ने बताया कि सीनियर टीम के ट्रायल पश्चात 30 करीब खिलाडियों को लिया गया था जिनको टीम चयन पूर्व 10 अभ्यास मैच करवाए गए जिसके कारण सभी को पर्याप्त मौका मिला। उसमें प्रर्दशन के आधार पर टीम का चयन किया गया है। सभी ने उम्मीद जताई है कि टीम इस बार अच्छा प्रदर्शन करेगी।

# जिले में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी पाण्डेय ने किया स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी सतीश पाण्डेय ने कार्यभार ग्रहण करते ही जिला मुख्यालय के दाउपारा में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होने नवनिर्मित शाला भवन का एक-एक कक्ष घूमते हुए सभी क्लास रूम, स्मार्ट क्लास, एम.डी.एम. हॉल, स्टाफ रूम, बायोलाजी, फिजिक्स, रसायन, गणित एवं कम्प्यूटर लैब, ग्रंथालय आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होने निर्माण कार्य की सराहना करते हुए जिला मुख्यालय के दाउपारा में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय को राज्य के लिए बडी उपलब्धि बताया। उन्होने सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की बैठक लेकर परिचय प्राप्त करते हुए विद्यालय में उनके पदांकन एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शाला विजन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की जिम्मेदारी लेने वाले शाला में पदांकित होने वाले सभी शिक्षकों एवं शाला परिवार को अपनी शुभकामनाएँ दी। इसके लिए उन्होने निकट भविष्य में स्वामित्व, नेतृत्व एवं अनुरक्षण संबंधी प्रशिक्षण शीघ्र प्रारंभ करने की बात कहीं। उन्होने एक सप्ताह के भीतर विषय संबंधी कार्य योजना बनाकर प्राचार्य के माध्यम से प्रस्तुत करने हेतु सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को निर्देशित किये। इस अवसर पर सहा. जिला परियोजना अधिकारी अजय नाथ, प्राचार्य डॉ. आई.पी. यादव, संकुल शैक्षिक समन्वयक नेमीचंद भास्कर, पूनम शर्मा एवं सभी स्टॉफ सदस्यगण उपस्थित थे।

## चोरी की बाइक के साथ पकड़ाया चोर

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस की सक्रिय सूचना तंत्र से एक दिन पहले दिनांक 22/07/201 को जूटमिल के ट्रांसपोर्टनगर से चोरी हुई बाइक चोरी के आरोपी को पकड़ा गया है । बाइक के स्वामी द्वारा कल ही जूटमिल पुलिस चौकी आकर बाइक चोरी की सूचना दी गई थी। आरोपी को जूटमिल पुलिस द्वारा चोरी के अपराध में रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 22/07/2021 को पुलिस चौकी जूटमिल में रिपोर्टकर्ता शशि चौहान पिता सूरत चौहान उम्र 32 वर्ष निवासी कलमी थाना कोतरारोड़ बाइक चोरी की रिपोर्ट लिखाने पहुंचा चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक आर.एस. नेताम को शशि चौहान उसकी ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैंड से उसकी नई बाइक की चोरी हो जाना बताया । चौकी प्रभारी द्वारा चौकी के प्रधान आरक्षक शम्भू पाण्डेय, आरक्षक प्रकाश गिरी, रामनाथ बनर्जी को बस स्टैंड आसपास पूछताछ कर बाइक एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी का निर्देश दिये । चौकी जूटमिल स्टाफ द्वारा ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैंड की ओर जाकर आसपास के लोगों से पूछताछ किये, इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि सावित्रीनगर अम्बेडकर आवास से रहने वाला राहुल गोड़ नई सीडी डिलक्स बाइक लेकर घूम रहा है।

## क्विक न्यूज

### कलेक्टर ने किया स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल का निरीक्षण

**गरियाबंद।** कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने छुरा विकासखण्ड के दौरे पर स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल का निरीक्षण किया। उनके साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल भी मौजूद थे। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय छुरा की शिक्षिका रेणु देवांगन के गणित विषय अध्यापन के दौरान वे बच्चों के सीखने की क्षमताओं का आंकलन करते रहे। इस दौरान कलेक्टर ने उनकी पढ़ाने की तकनीक का अवलोकन किया। कलेक्टर ने भी ब्लैकबोर्ड पर गणित के सवाल बच्चों को दिए । इस दौरान कक्षा दसवीं के छात्राओं को घातांक के सवाल को समझाया जा रहा था। कलेक्टर ने भी इसी पाठ से संबंधित प्रश्न पूछे और बच्चों को सवाल हल करने के लिए पर्याप्त समय दिए। तत्पश्चात उन्होंने विद्यालय भवन का निरीक्षण किया इसी परिसर में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर ने परिसर का अवलोकन करते हुए साफ सफाई और भवन को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को कहा कि एक सप्ताह के भीतर पूरी तैयारी की जाए और अधूरे निर्माण कार्य को पूरा किया जाए।

# मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने निराश्रित बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने अपने जन्मदिन पर दिव्यांगों को ट्राईसायकल का वितरण किया**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने राजधानी स्थित अपने शासकीय निवास सतनाम सदन में निराश्रित बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने एस.ओ.एस. चिल्ड्रन विलेज के बच्चों के साथ केक काट कर सादगी पूर्ण तरीके से अपने जन्मदिन की खुशियां उनके साथ साझा की। इस अवसर पर मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने बच्चों को उपहार स्वरूप 21 हजार रुपए का चेक और शिक्षा सामग्री रिटर्न गिफ्ट के रूप में भेंट की। मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने अपने जन्मदिन के अवसर पर अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के 4 अस्थि बाधित दिव्यांगों को ट्राई साइकल का वितरण भी किया। मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों, किसानों और मजदूरों की सरकार है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा और खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी सहित अन्य सभी मंत्रियों ने मंत्री गुरु रुद्रकुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मंत्री गुरु रुद्रकुमार को अहिवारा विधानसभा के जनप्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने 44 केक भेंटकर उनके जन्मदिन को बड़े ही अनूठे तरीके से मनाया। जन्मदिन के इस अवसर पर दुर्ग जिले और प्रभार वाले जिले मुंगेली के जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्य तथा दुर्ग जिले के जनपद पंचायत के अध्यक्ष और सदस्य, अहिवारा के जन प्रतिनिधि, गुरू प्रवक्ता एम.के. कौशल सहित सत समाज के राजमहंत व पदाधिकारी और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग विभाग के अधिकारियों ने अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी।




# राज्य योजना आयोग द्वारा 'कृषि, जल संरक्षण, खाद्य प्रसंस्करण व संबंध क्षेत्र के विकास' पर गठित टॉस्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कृषि, जल संरक्षण, खाद्य प्रसंस्करण व संबंध क्षेत्र के विकास पर गठित टॉस्क फोर्स की प्रथम बैठक का योजना भवन, नवा रायपुर में प्रदीप शर्मा, सलाहकार, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। डॉ. के. सुब्रमणियम, सदस्य, राज्य योजना आयोग द्वारा बतलाया गया कि राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के समग्र विकास हेतु सुझाव एवं अनुशंसाएँ प्रदान करने 14 टॉस्क फोर्स गठित की गई है। ''कृषि, जल संरक्षण, खाद्य प्रसंस्करण व संबंध क्षेत्र के विकास'' संबंधित विषय पर गठित टॉस्क फोर्स में लब्ध प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों, सामाजसेवी एवं जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों को शामिल किया गया है।

बैठक में प्रदीप शर्मा ने शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी संबंध में हुई प्रगति एवं बेहतर क्रियान्वयन की संभावना हेतु सुझाव दिये गये। उन्होंने उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करते हुये समग्र ग्रामीण विकास की अवधारणा पर जोर दिया। उन्होंने प्रदेश में मत्स्य पालन की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुये राज्य की मत्स्य पॉलिसी तथा एक्वाकल्चर विलेज के विकास की आवश्यकता बतलाई। गौठान समिति की सक्रिय भागीदारी हेतु सतत् प्रोत्साहन व क्षमता विकास की आवश्यकता बतलाई। उन्होंने कहा कि गौठान में वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन कर उसके विक्रय से कई महिला स्व-सहायता समूह आय अर्जन कर रहे है। समूहों द्वारा उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य उत्पादों के रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के माध्यम से प्रभावी विपणन हेतु टॉस्क फोर्स से सुझाव अपेक्षित किये गये।

अनूप कुमार श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग द्वारा बतलाया गया कि राज्य में आर्गेनिक एवं नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा देने हेतु ग्रीन प्रोक्योरमेंट पॉलिसी का निर्धारण किया जाना उचित होगा।

बैठक में यशवंत कुमार, संचालक, कृषि द्वारा प्रभावी विपणन हेतु ई-कामर्स सुविधा विकसित किये जाने पर जोर दिया। संचालक, पशुपालन द्वारा जानकारी दी गई कि विभाग द्वारा नवाचार जैसे- सेक्स सौर्टेड सीमन उपयोग, हीट सिन्क्रोनाईजेशन तकनीक का उपयोग पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर सफलता से किया गया है। जिसके राज्य में बड़े पैमाने पर लागू किया जा सकता है।

माथेश्वरण, संचालक, उद्यानिकी द्वारा उद्यानिकी फसलो हेतु पोस्ट हार्वेस्ट प्रोसेसिंग तथा वेल्यू एडिशन की आवश्यकता बतलाई। टास्क फोर्स सदस्य डॉ. जी.वी. रामनजानेयुलु, सेंटर फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर, हैदराबाद द्वारा बतलाया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य में ऑर्गेनिक उत्पादन की बहुत संभावना है तथा राज्य में वृहद जैव विविधिता होने से नये प्रोडक्ट लाने की अत्यन्त संभावनाएँ है।

# स्वास्थ्य मंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री 7 दिवसीय टीचर्स टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री शंकराचार्य इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, रायपुर में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई के सयुंक्त तत्वाधान में दिनांक 25 जुलाई से 31 जुलाई, 2021 तक विषय ÷द इम्पोर्टेंस ऑफ आउटकम बेस्ड एजुकेशन इन न्यू एजुकेशन पॉलिसी÷ पर 7 दिवसीय टीचर्स ट्रेंनंग प्रोग्राम का आयोजित होने जा रहा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन, मुख्य अतिथि के रूप में छ.ग. शासन के केबिनेट मंत्री टी. एस. सिंहदेव जी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, 20 सूत्रीय कार्यान्वयन, वाणिज्यिक कर (जीएसटी) के करकमलों द्वारा होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रोद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण विभागीय मंत्री उमेस पटेल एवं तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के कुलपति माननीय प्रोफेसर एम. के. वर्मा जी करेंगें। यह छ.ग. प्रदेश का प्रथम टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम है जो नई शिक्षा नीति पर आधारित है। जिसका उद्देश्य वैश्वीकरण के इस युग में बहुत तेजी से विकासशील प्रौद्योगिकी के साथ काम करने के लिए आवश्यक, उन्नत कौशल की आवश्यकता को पूरा करने एवं नवीनतम परिणाम आधारित शिक्षा (ओबीई), शिक्षण, मूल्यांकन और मूल्यांकन में इसके महत्व और निहितार्थ के बारे में ज्ञान को बढ़ावा देना है। एआईसीटीई-सीएसवीटीयू (टीटीपी) के कार्य क्रम समन्वयक डॉ. आर. एन. खरे, प्राचार्य विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलजे , अंबिकापुर ने इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुकूलन और कार्यान्वयन पर अधिक ध्यान दने के साथ संकायो को परिणाम-आधारित शिक्षा की अवधारणा से परिचित कराना है और उन्होने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम को देश के एनआईटी, आईआईटी, आईआईआईटी, एनआईटीटीटीआर से विशेषज्ञों द्वारा 16 सत्रों में एनईपी से संबंधित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर भारत के आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, चंडीगढ ., दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, नागालैंड, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से कुल 509 पंजीकृत सदस्यों में से चयनित प्रतिभागियों के साथ अपना ज्ञान साझा करेंगे।

# अदाणी ग्रुप भारत के ओलंपिक दल का पार्टनर बना

**■ अमित पंघल, दीपक पुनिया और रानी रामपाल टोक्यो ओलंपिक के 7 शीर्ष एथलीटों में शामिल**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अदाणी ग्रुप को शुरू होने टोक्यो ओलंपिक में भारतीय ओलंपिक दल का आधिकारिक पार्टनर बन गया है। टोक्यो में भाग ले रहे भारतीय दल में 119 एथलीट शामिल हैं, जो ओलंपिक खेलों में भारत की अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। अदाणी ग्रुप का विश्वास है कि देश में खेलकूद का वातावरण बनाने में दिया गया कॉरपोरेट समर्थन खेलकूद के बेहतर और मजबूत भविष्य का निर्माण करेगा। ओलंपिक के लिए की गई साझेदारी ग्रुप के विश्वास के अनुरूप है।

**'गर्व है' के बारे में-** 'गर्व है' भारत के भविष्य के चैंपियन खिलाड़ियों की पहचान करने और उनको तैयार करने के लिए अदाणी ग्रुप का दीर्घकालिक इनक्यूबेशन प्रोग्राम है। यह प्रोग्राम 2015 में रियो ओलंपिक से पहले शुरू किए गए चार साल के पायलट प्रोजेक्ट पूरा करने के बाद 2019 में शुरू किया गया था।

'गर्व है' प्रोग्राम के लिए शानदार संभावना वाले खिलाड़ियों का चयन किया गया। अतीत में, अदाणी ग्रुप द्वारा समर्थित चैंपियनों की शानदार सूची में मुक्केबाज शिवा थापा, मंदीप जांगड़ा और पिंकी रानी, शॉट पुटर इंद्रजीत सिंह, रेस वॉकर खुशबीर कौर, लंबी दूरी की धावक संजीवनी जाधव और निशानेबाज मलाइका गोयल शामिल रह चुकी हैं। 'गर्व है' इनिशिएटिव के अंतर्गत दस जूनियर और नौ सीनियर एथलीटों को तैयार किया गया था, जिनमें से सात ने टोक्यो 2020 के लिए क्वालीफाई किया। 'गर्व है' के इन सात एथलीटों में से हर एक एथलीट चुनौतियों, असफलताओं और कठिनाइयों पर जीत हासिल करने के लिए प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और प्रयास की एक महान कहानी है।

प्रणव अदाणी, एमडी - एग्रो, ऑयल एंड गैस, ने कहा कि ÷मुझे इन एथलीटों पर गर्व है जो दुनिया में खेलकूद के सबसे महान मंच पर हमारे देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उत्कृष्टता की इस ऊंचाई तक पहुंचने के लिए उन्होंने जो साहस, प्रतिबद्धता और दृढ़ विश्वास दिखाया है, वह उन्हें पहले ही विजेता बना देता है। उनकी वीरतापूर्ण यात्रा हमें एक राष्ट्र के रूप में प्रेरित करती है। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं, और नतीजे जो भी आएं, हम, एक राष्ट्र के रूप में, हमेशा उन पर गर्व करेंगे।

ग्रुप ने भारतीय ओलंपिक संघ का आधिकारिक पार्टनर और टोक्यो ओलंपिक गेम्स 2020 के लिए भारतीय दल का आधिकारिक पार्टनर बनकर देश की खेल प्रतिभा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूती प्रदान की है।

# स्वास्थ्य से जुड़ी कई तरह की परेशानियों से जुझ रहे बिलासपुर के 36 वर्षीय व्यक्ति की आयुर्वेद ने की मदद

**■ स्वास्थ्य से जुड़ी कई तरह परेशानियों से जूझ रहे एक व्यक्ति को आयुर्वेद ने दिलाई राहत**

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जीवा आयुर्वेद ने 36 वर्षीय माखन सिंह को एक नई और बेहतर जिंदगी दी है, जो पिछले कई सालों से बवासीर से पीड़ित थे। रोगी माखन सिंह, जीवा आयुर्वेद के बिलासपुर क्लिनिक में आए थे और उन्होंने डॉक्टर को बताया था कि किस तरह वह बवासीर की वजह से पिछले छह सालों से परेशान थे। उन्हें तेज दर्द, शौच जाने में परेशानी के साथ-साथ उठने-बैठने और चलने में भी तकलीफ़ महसूस हो रही थी। पाइल्स, जिसे बवासीर भी कहा जाता है। ये समस्या मलाशय और नसों की सूजन से होती है, जो असहजता और रक्तस्राव का कारण बनती हैं। इसकी एक वजह पुराना कब्ज भी है। इसके अलावा अत्यधिक लैंगिक संबंध, अत्यधिक खांसी और अपच और कब्ज का इतिहास भी बवासीर की वजह बन सकता है। इन सभी कारणों से मल सख्त हो जाता है। गलत आहार और बिगड़ी हुई जीवन शैली तीनों दोषों खासतौर पर वात (वायु) को बिगाड़ (हानि) देती है। वात के बिगड़ने से अग्नि (पाचन अग्नि) कमजोर हो जाती है, जिससे कब्ज और अन्य पाचन संबंधी समस्याएं होती हैं। शरीर में विषाक्त पदार्थों के इकट्ठा होने और शरीर की प्राकृतिक इच्छाओं को दबाने और मानसिक तनाव जैसी वजहों से भी बवासीर की समस्या बढ़ती है। इसके अन्य कारणों में बहुत ज़्यादा शराब पीना, सुस्त जीवन शैली, बार-बार यात्रा करना, एक जगह पर लंबे समय तक बैठना, ठंडा, मसालेदार, तैलीय और मांसाहारी भोजन करना भी शामिल है। जीवा आयुर्वेद द्वारा बताई गई आयुर्वेदिक दवाओं के साथ, रोगी को ज़्यादा से ज़्यादा पानी पीने की और कब्ज की समस्या को दूर करने और शौच के दौरान तनाव को कम करने के लिए प्राकृतिक फाइबर युक्त हल्के, ताज़े और आसानी से पचने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई। डॉक्टर ने उन्हें रोजाना स्टिज़ बाथ लेने की सलाह भी दी थी।

# खाद संकट को लेकर 26 को भाजपा करेगी विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




खाद की कमी व संकट से जूझ रहे प्रदेश के किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी आगामी 26 जुलाई को पूरे प्रदेश में विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। भाजपा किसान मोर्चा के बैनर तले यह विशाल धरना प्रदर्शन राज्य के सभी 90 विधानसभाओं में एक साथ किया जायेगा। जिसकी तैयारियों के संबंध में गुरुवार को जिला भाजपा के संगठन प्रभारी गुरूपाल सिंह भल्ला के नेतृत्व में वे जिला भाजपा अध्यक्ष रोहित साय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण वर्चुवल बैठक आयोजित की गई। बैठक को बिलासपुर संभाग के संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार राय, पूर्व राज्यसभा सांसद राजा रणविजय सिंह जूदेव, सरगुजा संभाग के प्रभारी निर्मल सिन्हा, जिला संगठन प्रभारी गुरूपाल भल्ला, जिला सह प्रभारी रामकिशुन सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष रोहिय साय,आदि ने संबोधित किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश के किसानों को खाद की कमी से जूझना पड़ रहा है,एक ओर सोसायटी में खाद नहीं मिल रही है और दूसरी ओर खुले बाज़ार मे खाद की ऊँचे दामों में बिक्री हो रही है। यह सब कांग्रेस सरकार की गलत नीति व नीयत की वजह से हो रहा है। किसानों की आवाज़ बन कर भारतीय जनता पार्टी ने धरना आंदोलन की रुपरेखा बनायी है। और यह भी कहा कि पूरे प्रदेश में ऐसा लग रहा है कि आंदोलन को कमजोर करने के लिए भुपेश सरकार द्वारा सभी जिला मुख्यालयों में धारा 144 लगाकर इसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है, मगर जशपुर जिला भाजपा न कभी प्रशासन के डर में आया है ना आएगा, जशपुर भाजपा का हर आंदोलन ऐतिहासिक रहा है और आगे होने वाले भी आंदोलन ऐतिहासिक रहेंगे। बैठक के अंत मे जशपुर जिले के तीनो विधानसभा में होने वाले आंदोलन की सफलता के लिये जिला भाजपा महामंत्री ओमप्रकाश सिन्हा ने प्रभारियों की घोषणा की जिसमे जशपुर विधानसभा में जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनि भगत, गोविंद राम भगत, जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, शंकर गुप्ता, डीडीसी गेंदबिहारी सिंह, मंगल राम और कुनकुरी विधानसभा के लिए जिला अध्यक्ष रोहित साय, किसान मोर्चा अध्यक्ष मुनेश्वर केसर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव, पूर्व विधायक भरत साय, महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता कश्यप एवं पत्थलगांव विधानसभा के लिये डीडीसी सालिक साय, जिला महामंत्री सुनील गुप्ता, आदिवासी मोर्चा के प्रदेश सदस्य उमा शंकर भगत।इस आंदोलन में भाजपा के समस्त मोर्चा,प्रकोष्ठ,मंडल व जिले के पदाधिकारी,कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# गोठान में संचालित आजीविका संबंधी गतिविधियों से महिला समूह ने कमाए लाखों रुपए

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

शासन की महत्वाकांक्षा गोधन न्याय योजनान्तर्गत जिले के विकासखंड बकावंड के ग्राम मंगनार में स्थापित गोठान में कार्यरत पंचवटी महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। समूह की महिला सदस्यों द्वारा गोधन न्याय योजनान्तर्गत वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन के साथ-साथ वर्मी वाश उत्पादन, केंचुआ उत्पादन, साग-सब्जी बीज उत्पादन, गमला और दिया निर्माण इत्यादि गतिविधियां कर 09 लाख से अधिक राशि का अतिरिक्त लाभ अर्जित किए है। समूह की अध्यक्ष गोमती कश्यप ने बताया कि कृषि विभाग की आत्मा योजनान्तर्गत प्रारंभ से ही समूह को गुणवत्ता युक्त वर्मी खाद बनाने की विधि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिससे कि सीमित समय में उनके द्वारा गुणवत्ता युक्त वर्मी खाद का उत्पादन किया गया। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा आत्मा योजनान्तर्गत गोठान में कार्यरत समूहों की महिला सदस्यों को मैदानी क्षेत्र रायपुर, बालोद, धमतरी आदि के आदर्श गोठानों एवं प्रसंस्करण इकाइयों का भ्रमण एवं प्रशिक्षण आयोजित कराया गया।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक -07**
मंगलम कॉम्प्लेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 61/2021-2022
वार्ड का नाम - तात्यापारा वार्ड क्रमांक-37

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **तात्यपारा वार्ड क्रमांक-37** वार्ड स्थित भवन / भूमि **37/नया GIS 717C-00200** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमति शारदा देवी अग्रवाल पति मदन लाल अग्रवाल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती मदन लाल अग्रवाल पिता दोसी राम अग्रवाल** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

**जोन आयुक्त**
**जोन क्र. -07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर, कबीर नगर, रायपुर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित हितग्राहियों को उनके समक्ष दर्शाए गए आवासीय भूखण्ड/भवन कबीर नगर/गुढ़ियारी/पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया/वीरसावरकर नगर हीरापुर, रायपुर में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित हे. हितग्राहियों द्वारा निम्नलिखित आवासीय भूखण्ड/भवन को फ्री होल्ड अधिकृत में संपरिवर्तन हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

| क्र. | आबंटी का नाम | पिता/पति का नाम | भवन/भूखण्ड क्र. |
|---|---|---|---|
| | **कबीर नगर कॉलोनी, रायपुर** | | |
| 1. | श्रीमती ममता महापात्र | श्री धर्मराज महापात्र | MIG (STD) 297 Ph-II |
| 2. | श्री हरीष कुमार | श्री रोषन लाल | MIG (G+1) 108 Ph-II |
| 3. | श्री अमरसिंह धृतलहरे | श्री बेगराहा धृतलहरे | MIG (STD) - 72 Ph-I |
| 4. | श्रीमती जसिन्ता मिंज | श्री सुमन कुमार मिंज | HDD-II/90 Ph.-III |
| 5. | श्री पी.एम. जॉनसन | स्व. श्री पी.आई. मथाई | MIG (STD) -362 Ph.-II |
| 6. | श्री अनिल कुमार वर्मा | स्व. श्री डी.एस.वर्मा | HDD-70 Ph.-II |
| 7. | श्री जयहर्ष दुबे एवं श्रीमती दुर्गा दुबे | श्री मनराखन प्रसाद दुबे | MIG-I/03 Ph-II |
| 8. | श्री भर्तृहरि वर्मा | श्री नरेष कुमार वर्मा | MIG-II/51 Ph-I |
| 9. | श्रीमती शैल दीपक अग्निहोत्री | श्री दीपक अग्निहोत्री | MD-112 Ph.-IV |
| | **जनता कालोनी, गुढ़ियारी, रायपुर** | | |
| 10. | श्री एस.जे. उके | स्व. श्री जे.टी. उके | Janta-281 |
| 11. | श्रीमती एस. पद्मालक्ष्मी | श्री एस.एस.आर.मूर्ति | Janta-732 |
| 12. | श्रीमती सुशीला बंसल | श्री अजय कुमार बंसल | LIG-08 |
| | **पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया, रायपुर** | | |
| 13. | श्री संजय दीनानाथ झोड़े | स्व. श्री दीनानाथ झोड़े | MIG-06 Sec.-IV |
| 14. | श्रीमती सुभद्रा यादव | स्व. श्री गांधी लाल यादव | LIG-I/290, Sec-IV |
| | **वीरसावरकर नगर हीरापुर रायपुर** | | |
| 15. | श्री दिवाकर राय ध्रुर्वे | श्री रामकृष्ण राय ध्रुर्वे | LIG-I/2164,SI-III |

''मकान नहीं घर बनाते हैं, पीढ़ी से पीढ़ियों का रिश्ता बुनते हैं।''

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, रायपुर**

**FEDERAL BANK** YOUR PERFECT BANKING PARTNER
**The Federal Bank Ltd.**
Lal Ganga Shopping Mall. G E Road, Raipur, (C.G.)
E-mail: rpr@federalbank.co.in. Ph. : 0771 2236276, 0771-2236278

The following Gold Loan Accounts are overdue. Notice is given to customer to renew or close it within 03 days, otherwise bank should be constrained to sale it under auction/Private Sale.

| S. No | Account Holder Name | Gold Loan Account No. | Due Amount / Due Date | Address |
|---|---|---|---|---|
| 1 | YATISH KUMAR BAFNA | 14456200020137 | Rs. 5,46,123/- 24th April-2021 | S/o Sameer Mal Bafna, House No: 26, Kapish Vihar, Opp. Golecha Enclave, Raipur (C.G.), 492001 |

Place - Raipur, Date - 24.07.2021 Branch Manager

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक**
**जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

दूरभाष नं. - 07856-252224, 252862 (फैक्स), Email : spdantewada@gmail.com
क्रमांक/पु.अ./दन्ते./एसी/एम/(2021-22)/NIT-07/2021 दन्तेवाड़ा, दिनांक 20.07.2021

**(संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना )**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निदिवायें प्रपत्र-अ में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, रायपुर छ.ग. द्वारा जारी शेड्यूल ऑफ रेट (एस.ओ.आर.) दिनांक - 01.01.2015 से प्रभावशील दरों के आधार पर लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के ''ई'' रजिस्टर्ड सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत आधार पर मुहरबंद निविदायें दो लिफाफा पद्धति से पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा के कार्यालय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1- निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 30.07.2021
2- निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 03.08.2021 के शाम 05.00 बजे तक
3- निविदा खोले जाने की तिथि :- 04.08.2021 के प्रात : 11.00 बजे
4- निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रु. 750/- (चालन के माध्यम से पुलिस-0055, 800-अन्य प्राप्तियाँ)
5- कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह (वर्षा ऋतु सहित)
6- सक्षम ठेकेदारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अन्तर्गत ''डी'' श्रेणी अथवा उससे अधिक

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 01. | सुरक्षा कैम्प बोदेली में ट्यूबलर स्ट्रक्चर्स बैरक निर्माण कार्य क्रमांक 01 से 04 तक | 9.00 लाख (प्रत्येक कार्य हेतु) | 6800/- (प्रत्येक कार्य हेतु। |
| 02. | सुरक्षा कैम्प बोदेली में टायलेट/बाथरूम ब्लॉक मय ओपन वाटर टैंक निर्माण कार्य। 01 सेट | 9.45 लाख | 7100/- |

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में प्राप्त निविदाओं को उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के सक्षम खोले जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जावेगी। निविदा से संबंधित शर्तें एवं निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी कार्यालय समय में कार्यालय पुलिस अधीक्षक, दन्तेवाड़ा में उपस्थित होकर प्राप्त किया जा सकता है।

जी-62236/4

**पुलिस अधीक्षक**
**जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा**

# भालू ने कराया भागमभाग, खाक छान रहा विभाग

## जंगल की ओर पैरों के निशान, वनविभाग ने की पुष्टि



■ खुज्जी वन परिक्षेत्र में दो दिनों से भालू की दहशत

रज्जा राणा < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर से लगभग 11 किलोमीटर दूर परना गांव में भालू पहुंच जाने से ग्रामीण दो दिनों से दहशत में हैं। भालू ने अभी तक किसी को कोई हानि तो नही पहुँचाई है, लेकिन रहवासी इलाके में जंगली जानवर के यकायक पहुंच जाने से विभाग सकते में हैं। वन विभाग की टीम दो दिनों से परना गांव के आसपास खेतों पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं पुलिस विभाग भी किसी अप्रिय स्थिति से ग्रामीणों के सुरक्षार्थ मोर्चेबन्द हैं।

दरअसल 22 जुलाई सुबह परना गांव के खेत में सुबह एक आदमकद भालू देखा गया था। परना के ग्रामीणों ने सुबह ही वनविभाग व पुलिस को सूचना दे दी थी। इस दरम्यान ग्रामीणों ने सूचना की पुष्टि के लिए वीडियो भी अफसरों तक पहुंचाई है। वीडियो में भालू खेत के मेड़ में दौड़ते नजर आया है। लोगों के शोरशराबे से भालू परना के ही खेतों में दिनभर इधर उधर भागते रहा, लेकिन शाम होते तक अकस्मात ही कहीं आसपास की कंदराओं में छुप गया था। इस दरम्यान ग्रामीणजन दहशत में थे।

### वनविभाग व पुलिस विभाग अलर्ट

एहतियात के तौर पर वन व पुलिस के अफसर देर रात्रि लगभग 2 बजे से गांव के आसपास खाक छानते रहे। दूसरे दिन 23 जुलाई सुबह से रेंजर केएल निषाद व टीआई केपी मरकाम अपने अमले के साथ मोचेबंद हो गए थे। दिनभर माथापच्ची के बाद देर शाम विभागीय अधिकारी श्रीनिषाद ने समीप के कापा जंगल की ओर भालू के पैरों के निशान मिलने यानि जंगल की ओर भाग जाने की पुष्टि मीडिया में कर दी।

भालू के पैरों के निशान कापा जंगल की मिले हैं। भालू के जंगल वापसी का अंदाजा लगा रहे हैं।
**-केएल निषाद,** रेंजर खुज्जी

# पत्रकार पर हमले के दोषियों पर कार्रवाई की मांग



■ डोंगरगांव ब्लॉक के पत्रकारों का एसपी के नाम

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के पत्रकारों ने जिला पुलिस अधीक्षक के नाम थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। अवैध उत्खनन पर मीडिया कवरेज के लिए गए गंडई के पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमले में आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है। उक्त ज्ञापन में पत्ररकारों ने अतिशीघ्र कार्रवाई नहीं होने की दशा में जिला पत्रकार महासंघ के बैनरतले उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होने की बात कही है।

जिला पत्रकार महासंघ के बैनरतले डोंगरगांव ब्लॉक इकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हमले को लेकर निंदा प्रस्ताव करते हुए घटना को लोकतंत्र पर हमला बताया। तदपश्चात् लिखित ज्ञापन सौंपकर मामले में आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला पत्रकार महासंघ के जिला संरक्षक बालकृष्ण सिन्हा, ब्लॉक संरक्षक प्रेम गोस्वामी, ब्लॉक अध्यक्ष रज्जा राणा, ब्लॉक सचिव दिवाकर सोनी, उपाध्यक्ष महेन्द्र लेंझारे सहित अन्य उपस्थित थे।

# महापौर को इतनी ही चिंता तो पहले निगम और मौजूदा सरकार के खिलाफ शिकायत करें : मोनू बहादुर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के खिलाफ कांग्रेस की शिकायत को भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने ढकोसला बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार के नुमाईंदे खुद ही एक दूसरे से घिरे हुए हैं। ढाई-ढाई साल की कश्मकश के बीच जासूसी का दौर तो कांग्रेस के ही अंदरुनी खेमे में चल रहा है। महज आरोप लगा रहे कांग्रेसियों के पास ऐसे कोई सबूत नहीं है कि वे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकें।



भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर ने कहा, न जाने किस बिनाह पर कांग्रेसी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के खिलाफ मनगढंत बातें कर रहे हैं। अगर महापौर को शिकायतों में इतनी ही दिलचस्पी है तो निगम में भ्रष्टाचार के मामले और मौजूदा कांग्रेस सरकार के दौर में हो रही अनियमितता और भ्रष्टाचार के मसले पर शिकायत करें। महासमुंद जिले में महिला एवं बालविकास अधिकारी ने तो इस सरकार की कलई खोल कर ही रख दी थी। लेकिन तब इस सरकार ने उस ईमानदार अफसर के साथ जो सलूक किया वो सभी को पता है।

भाजयुमो अध्यक्ष मोनू ने कहा कांग्रेसियों को नहीं भूलना चाहिए कि उनकी मौजूदा सरकार के मुख्यमंत्री किन आरोपों से घिरे हुए हैं। षड़यंत्र की नींव में खड़ी कांग्रेस सरकार के नुमाईंदो को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के विषय में कुछ भी बोलने से पहले अपनी कथनी और करनी पर ध्यान देना चाहिए।

# शहर के निजी अस्पताल में पहली बार हुई एंजियोप्लास्टी

## वीवाय केयर में डॉक्टरों की टीम ने किया सफल ऑपरेशन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पहली मर्तबा शहर के निजी अस्पताल में एंजियोप्लास्टी, एंजियोग्राफी करते हुए वीवाय केयर अस्पताल ने दिल की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज की जान बचा ली। विशेषज्ञ चिकित्सकों और विशेष सुविधाओं के साथ बेहतर देखरेख के बीच मरीज को बेहतर उपचार मिला। मरीज के परिजनों ने बताया कि दूसरे अस्पतालों के अपेक्षा बेहद कम लागत में मरीज को उपचार मिल सका और वे अब स्वस्थ हैं।




वीवाय केयर अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. गौरव त्रिपाठी, सर्जन डॉ. मनोज महाराणा, डॉ. वीरु सिंह की टीम ने बालोद जिले के ग्राम भोरदा की लगभग 40 वर्षीय मरीज गायत्री ने बेहद कम समय में उपचार कर उनकी जान बचा ली। बताया गया कि महिला को दिल का दौरा पड़ा था। उनके हार्ट में ब्लॉकेज पाया गया था। ऑपरेशन के बाद 22 तारीख को मरीज को ईलाज करने के बाद घर भेज दिया गया है।

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि वीवाय केयर अस्पताल में गंभीर मरीजों की बेहतर इलाजा की सुविधा है। हम आपातकालीन स्थिति के मरीजों के ईलाज के लिए सातों दिन और 24 घंटे तैयार हैं। प्रबंधन ने बताया कि अस्पताल मुख्यतः दिल के मरीजों के लिए कम खर्च में बेहतर ईलाज उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने ऐसे मरीजों के लिए तकनीक और अनुभवी चिकित्सकों की टीम तैयार की है जो कम खर्च में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दे रहे हैं।

# एनएसयूआई ने किया प्रधानमंत्री का पुतला दहन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष राजा यादव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का जासूसी करवाने के विरोध मे पुतला दहन किया गया। एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष राजा यादव ने कहा कि केंद्र मे बैठी नरेंद्र मोदी सरकार जो लोकतंत्र के मध्यम से चुनी गयी है। कांग्रेस के शीर्ष नेताओ कि विदेशी कंपनी पेगासस स्पाइवेयर कंपनी से कॉल टैप्पिंग करवाके उनकी जासूसी कराई जा रही है।

एनएसयूआई जिला महासचिवगरुण विक्रम सिंह एवं उमेश साहू ने कहा कि केंद्र सरकार इस हद तक गिर गई है कि पत्रकारों को लिखने से रोक रही है। विपक्ष के नेताओ को सरकारी तंत्रों से दबाने का प्रयास करती है। छात्र नेता गोपाल साहू एवं उज्वल निर्मलकर ने कहा कि हम ना झुके थे और ना ही झुकेगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष राजा यादव, जिला महासचिव गरुण विक्रम सिंह, हँसराज मेश्राम, उमेश साहू, अंकुश निर्मलकर, गोपाल साहू,उज्वल निर्मलकर, बित्तल यादव,सोमन वर्मा, सुरेंद्र यादव, मयंक साहू, सतीश वैष्णव, राम शास्त्री, आयुष आदि उपास्थित हुए।




# सड़क दुर्घटना में कटेंगा निवासी युवकों की दर्दनाक मौत

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

पुलिस चौकी चिचोला क्षेत्र के उरईडबरी और तेंदूनाला के बीच में रिचढाबा के पास गुरुवार रात्रि करीब 8 बजे घर लौट रहे बाइक सवारों की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार जोब पुलिस चौकी क्षेत्र के कटेंगा निवासी प्रमोद कुमार सलामे (24) भारी वाहन चालक का कार्य करता था। वह राजनांदगांव से छुट्टी लेकर घर आने रुका था।



बताया गया कि प्रमोद ने अपने गांव के सुभाष (21) को राजनांदगांव बुलाया था। सुभाष बाइक लेकर लाने राजनांदगांव गया जहां से घर वापसी के दौरान रिच ढाबा के पास दुर्घटनाग्रस्त वाहन को टो कर नागपुर की ओर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार वाहन के पीछे घुस गए। घटना में मौके पर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक घायल युवक को डायल 112 और अशोका बिल्डकॉन के एंबुलेंस से छुरिया स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय रिफर करने की तैयारी चल रहीं थी इसी दरमियान घायल युवक ने भी दम तोड़ दिया। शुक्रवार को सुबह गांव में घटना की जानकारी लगते ही गांव में गमगीन माहौल हो गया। बताया जाता है दोनों मृतक पड़ोसी हैं। पुलिस पीएम करा मृतकों के शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# किसान फसल बीमा की राशि से वंचित, कलेक्टर से लगाई गुहार



**राजनांदगांव।** ग्राम गातापार कला के किसानों को 2020-21 के धान का फसल बीमा की राशि का भुगतान अब तक नही हुआ है। शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष मधुसूदन यादव व सरपंच संघ अध्यक्ष नोमेश वर्मा के नेतृत्व में प्रभावित किसान जिला कार्यालय पहुँचे। फसल बीमा की राशि से वंचित किसानों ने संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि पात्रता होने के बाद भी किसानों को भुगतान न होना कहीं न कहीं विभागीय लापरवाही है। इस अवसर पूर्व सरपंच ध्यानचंद बाफना, मोहन बफना, भाजयुमो नेता अर्जुन सिंह क्षत्रिय, ढालदास वर्मा, कुमार साहू, गोपाल चौहान, भुखऊ साहू, जनक साहू, पलटू साहू, सन्तराम व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिक्षा व पर्यावरण जीवन के लिये अनिवार्य : रूपेश दुबे

# शंकरपुर स्कूल प्रबंधन की बैठक एवं वृक्षारोपण संपन्न

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गजानन माधव मुक्तिबोध हायर सेकेंडरी स्कूल शंकरपुर स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक जिला कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ बैठक में 2 अगस्त से प्रारंभ होने वाले शिक्षण कार्य सहित अनेक विषयों पर विचार विमर्श एवं बैठक पश्चात वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता का संकल्प लिया गया।

कोरोना संक्रमण काल के चलते गजानन माधव मुक्तिबोध हायर सेकेंडरी स्कूल शंकरपुर की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक शाला विकास समिति के अध्यक्ष रूपेश दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। दुबे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था की प्राचार्य व शिक्षक शिक्षिकाओं को संक्रमण काल में बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा निरंतर देने के लिए बधाई दी। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा 2 अगस्त से 11 वीं और 12वीं के बच्चों के 50त्न उपस्थिति के साथ स्कूल प्रारंभ करने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्ण सुरक्षा से निर्बाध रूप से अध्यापन कार्य प्रारंभ हो यह हम सब की महती जिम्मेदारी है। क्योंकि शिक्षा व पर्यावरण जीवन के लिए अनिवार्य है और इसके लिए जल्द से जल्द पालक एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की बैठक आहूत कर विस्तृत रूपरेखा तैयार करने सहित स्कूल परिसर देखरेख, आवश्यक मरम्मत कार्य कराने की स्वीकृति दी गई। उसके पश्चात संस्था में पर्यावरण जागरूकता के लिए गठित यूथ एवं इको क्लब के बैनर तले सिंदूर एवं काजू के पौधों का रोपण कर जन जागरूकता लाने का संकल्प लिया गया। प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक में संस्था की प्राचार्य वर्षा शर्मा सदस्य ओंकार निषाद, हिना राठौर, संध्या अग्रहरि, खेल शिक्षक शैलेंद्र तिवारी सहित प्राथमिक मिडिल एवं हायर सेकेंडरी शाला परिवार के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।




# बगैर रिकॉर्ड के करोड़ों की ऋणमाफी के मामले में घिरा घुमका सोसायटी

■ ऋण वितरण का हिसाब सोसायटी और बैंक में भी नहीं

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कर्जमाफी की आड़ में तकरीबन दो करोड़ के फर्जी ऋण माफी के मामले में सोसायटी और बैंक प्रबंधन चौतरफा घिरते जा रहे हैं। खबर है कि पूर्व में फर्जी नामों से बांटे गए कर्जो की करोडों रुपये हजम कर उक्त राशि को ऋण माफी के दायरे में लाने के चक्कर में दस्तावेजों में काफी हेरफे र की शिकायत बतायी जा रही है। अब तक ऋणमाफी प्रमाणपत्र नहीं बांटे जाने से मामला काफी संदेहास्पद हो गया है और तत्सम्बन्धी रजिस्टर तक संधारण नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार 46 गांव के हजारों किसानों की ऋणमाफी के प्रमाणपत्र वितरण सम्बंधित रजिस्टर में किसी भी किसान का हस्ताक्षर नहीं होने की खबर है। वहीं अभी भी पात्र किसानों की सूची सार्वजनिक करने में सोसायटी प्रबंधन के हाथ पांव फूलते जा रहे हैं। फ़र्जी ऋण और उसके माफी के दायरे में लाने के मामले में संस्था के जिम्मेदारों की मुश्किलें अब बढ़ सकती है। चूंकि जिन किसानों के नाम पर कर्ज बताकर शासन से ऋण का समायोजन किया गया है। उन किसानों के ऋण सम्बन्धी दस्तावेजों का कोई भी रिकॉर्ड समिति और बैंक के पास उपलब्ध नहीं होने की खबर है। ऐसी स्थिति में किस आधार पर कर्जमाफी की सूची तैयार किया गया है जबकि समिति के जिम्मेदार कर्मचारियों और संचालक मंडल की राजनीति से जुड़े लोगों के नाम पर ऋणमाफी के खेल से रोड़ों की गड़बड़ी को जोड़कर देखा जा रहा है।

# भारत पुरुष टीम और मिश्रित युगल रैंकिंग में नौवें स्थान पर, क्वार्टरफाइनल में कोरिया से होगी भिड़ंत

पायनियर संवाददाता ◀ तोक्यो
www.dailypioneer.com



पदार्पण कर रहे प्रवीण जाधव अनुभवी तीरंदाज अतनु दास और तरूणदाप राय से आगे रहे जिससे भारत ने शुक्रवार को यहां युमेनोशिमा पार्क में ओलंपिक खेलों की तीरंदाजी स्पर्धा में पुरूष और मिश्रित टीम रैंकिंग में नौंवा स्थान हासिल किया। तीरंदाजी में देश को पहला ओलंपिक पदक दिलाने की कोशिश में जुटे भारतीयों को आगे कड़ी चुनौती का सामना करना होगा जिसमें पुरूष और मिश्रित युगल जोड़ी के क्वार्टरफाइनल में कोरिया से भिड़ने की संभावना है। भारतीय मिश्रित टीम अपना अभियान आठवीं रैंकिंग की चीनी ताइपे जोड़ी के खिलाफ करेगी और अगर वे पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो अंतिम आठ में उनका सामना शीर्ष वरीय कोरिया से होगा। इसी तरह भारतीय पुरूष टीम अगर शुरूआती दौर में आठवी रैंकिंग की कजाखस्तान को हरा देती है तो वह भी शीर्ष वरीय कोरिया के सामने हो सकती है जिसे क्वार्टरफाइनल के लिये बाई मिली है।

व्यक्तिगत रैंकिंग में सभी तीनों भारतीय तीरंदाज शीर्ष 30 से बाहर रहे। लेकिन जाधव इसमें दास (35वें स्थान) से आगे 31वें स्थान पर रहे। जाधव और दास का स्कोर समान 329 था, पर महाराष्ट्र का तीरंदाज अंतिम छह सेट में उनसे आगे निकल गया और उसने 720 में से 656 अंक जुटाये। एशियाई खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता राय अपना तीसरा ओलंपिक खेल रहे हैं, वह 64 तीरंदाजों में 37वें स्थान पर रहे। जाधव के अंक और महिला स्पर्धा में दीपिका के 663 अंक को देखते हुए भारत को मिश्रित टीम स्पर्धा में नौंवी रैंकिंग मिली जिसमें देश को पदक की उम्मीद लगी हुई है। दीपिका दिन की शुरूआत में महिला रैंकिंग राउंड में नौंवे स्थान पर रहीं थीं। भारतीयों में जाधव के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बावजूद भारत दीपिका और दास के 'पॉवर कपल' (मजबूत जोड़ी) को ही मिश्रित युगल स्पर्धा में उतारेगा जो शनिवार को यहां ओलंपिक में पदार्पण करेगी।

विश्व तीरंदाजी के अधिकारी ने कहा, ''यह टीम का फैसला है और फैसला आज 45 मिनट के भीतर ही किया जाना था।'' पुरूष तिकड़ी का मिलाकर प्रदर्शन शीर्ष 10 में पहुंचाने के लिये काफी नहीं था क्योंकि उन्होंने कुल 1961 अंक बनाये जिससे वे नौंवे स्थान पर रहे। पुरूष टीम लंदन 2012 के बाद पहला ओलंपिक खेल रही है। पुरूष टीम 2016 रियो ओलंपिक में क्वालीफाई नहीं कर सकी थी और दास व्यक्तिगत वर्ग में एकमात्र पुरूष प्रतिस्पर्धी थे। वहीं कोरिया के 17 वर्षीय किम जे डियोक ने पुरूष रैंकिंग राउंड में 688 अंक बनाये और वह महज दो अंक से ओलंपिक रिकार्ड से चूक गये। वह दुनिया के नंबर एक तीरंदाज ब्रैडी एलिसन से छह अंक आगे रहे जो 2012 ओलंपिक चैम्पियन हैं। वहीं 39 वर्षीय अनुभवी ओह जिन हयेक तीसरे स्थान पर रहे।

## युवराज सिंह ने सूर्याकुमार यादव की तारीफों के बांधे पुल

युवराज सिंह ने सूर्याकुमार यादव की तारीफों के बांधे पुल, कहा- हर हाल में बनानी होगी इस बल्लेबाज के लिए टॉप प्लेइंग XI में जगह श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे में सूर्याकुमार यादव की दबाव के अंदर सूझबूझ भरी पारी देखने के बाद युवराज सिंह ने मुंबई के इस बल्लेबाज की जमकर तारीफ की है। पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों के आने के बाद भी टीम मैनेजमेंट को सूर्याकुमार के लिए प्लेइंग इलेवन में जगह खोजनी होगी। सूर्या ने दूसरे मुकाबले में बेहतरीन बैटिंग करते हुए 44 गेंदों पर 53 रनों की शानदार पारी। वह पहले वनडे में भी काफी अच्छी लय में नजर आए थे और 31 रन बनाकर नाबाद लौटे थे। युवराज ने अपने ट्विटर पर लिखा, 'बहुत खूब! यहां तक कि हमारी बेंच स्ट्रेंथ इतनी अच्छी है कि वह एक इंटरनेशनल टीम को हरा सकती है। क्या शानदार जीत रही, दीपक चाहर तुम बैटिंग कर सकते हो, सूर्याकुमार यादव के लिए टॉप इलेवन में जगह खोजनी होगी।

# रैंकिंग राउंड में नौवें स्थान पर रहीं दीपिका कुमारी



विश्व की नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी ने टोक्यो ओलंपिक के पहले दिन भारत के अभियान की शुरुआत की और महिला व्यक्तिगत रैंकिंग राउंड में नौवें स्थान पर रहीं। भारतीय तीरंदाज ने अपने 72 मौकों में 30 10एस और 13एक्स मारते हुए संभावित 720 में से 663 अंक बनाए। दीपिका अब पहले एलिमिनेशन राउंड में भूटान की भु कर्मा से भिड़ेंगी। रियो ओलंपियन कर्मा विश्व रैंकिंग में 193वें स्थान पर हैं। क्वालीफिकेशन राउंड में 673 अंकों का ओलंपिक रिकॉर्ड शीर्ष चार तीरंदाजों कोरिया के आन सान (680), जंग मिन्ही (677), कांग चाए यंग (675) और मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया (674) ने तोड़ा।




# कोविड-19 के चलते जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम का आयरलैंड दौरा स्थगित



जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम को लिमिटेड ओवर सीरीज के लिए अगले महीने आयरलैंड के दौरे पर जाना था। इस दौरे को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। कोविड-19 महामारी के चलते यह दौरा स्थगित किया गया है। दोनों टीमों को 6 से 24 अगस्त तक बेलफास्ट और ब्रीडी में तीन वनडे और पांच टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने थे।


उत्तरी आयरलैंड में हालांकि जिम्बाब्वे कोरोना मामलों के कारण ब्रिटेन की रेडलिस्ट में है। रेडलिस्ट वाले देशों से सिर्फ ब्रिटिश, आयरलैंड के नागरिक या ब्रिटिश निवासी ही ट्रैवल कर सकते हैं। आयरलैंड में जिम्बाब्वे से आने पर 14 दिन के आइसोलेशन से गुजरना होगा। दक्षिण अफ्रीका भी रेडलिस्ट में होने के बावजूद आयरलैंड का दौरा कर रहा है, लेकिन क्रिकेट आयरलैंड ने जिम्बाब्वे का दौरा स्थगित करने का फैसला लिया। क्रिकेट आयरलैंड ने एक बयान में कहा कि यह सीरीज अगस्त-सितंबर में हो सकती है लेकिन वेन्यू में बदलाव संभव है।

## ऋषभ पंत की टीम इंडिया में वापसी पर रवि शास्त्री के ट्वीट का जमकर हो रहा है वायरल

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 4 अगस्त से होना है। इस टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर यह है कि कोविड-19 से रिकवर होने के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की टीम में वापसी हो चुकी है। पंत 22 जुलाई को टीम इंडिया से वापस जुड़े और उनका ग्रैंड वेलकम भी हुआ। पंत को हार पहनाकर उनका टीम में स्वागत किया गया। पंत की वापसी पर हेड कोच रवि शास्त्री ने जो ट्वीट किया है।

# Airtel-Voda को बड़ा झटका, AGR मामले में दाखिल याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज

**नई दिल्ली।** Bharti Airtel और Vodafone idea को शुक्रवार को बड़ा झटका लगा जब सुप्रीम कोर्ट ने टेलीकॉम कंपनियों की AGR के दोबारा कैलकुलेशन वाली याचिका खारिज कर दी।



इस याचिका में टाटा टेलीसर्विसेज भी शामिल है। टेल्को कंपनियों ने याचिका में बकाया AGR के कैलकुलेशन में गलती होने की बात कही थी। जस्टिस एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने यह याचिका खारिज की है। इस खबर के बाद VodaFone Idea के शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत पहले के फैसले में यह बात कह चुकी है कि AGR मसले में कोई रीअसेस्मेंट नहीं होगा।

## टेलीकॉम कंपनियों पर कितना बकाया

बता दें कि टेलीकॉम कंपनियों पर कुल AGR बकाया 1.47 लाख करोड़ रुपये निकला था। इसमें Bharti Airtel पर 43,780 करोड़ रुपये जबकि वोडाफोन आइडिया पर 58000 करोड़ रुपये बकाया निकला था। Vodafone और एयरटेल ने कुछ रकम चुकाई है। बाकी चुकानी है। क्या है मामलाः बीते साल सितंबर में Supreme court ने एयरटेल, वोडाफोन और आइडिया को एजीआर का पेमेंट करने के लिए 10 साल का वक्त दिया था। इन कंपनियों ने कोर्ट में कहा था कि अगर अभी एजीआर पेमेंट का आदेश दिया गया तो वे दिवालिया हो जाएंगी।

# सोना-चांदी दोनों हैं मंदे

सोने की कीमतों में शुक्रवार को कारोबार की शुरुआत में गिरावट देखी गई। अगस्त डिलीवरी का सोना स्ष्टङ्क पर 51 रुपए नीचे 47583 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। जबकि अक्टूबर डिलीवरी का सोना 47850 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। यह रेट 82 रुपए नीचे है। चांदी में भी कारोबार मंदा चल रहा है। सितंबर डिलीवरी की चांदी 62 रुपए नीचे 67312 रुपए प्रति किलो पर कारोबार कर रही है। दूसरी तरफ दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना 264 रुपये टूट कर 46,452 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। पिछला बंद भाव 46,716 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी चार रुपये बढ़कर 65,484 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई थी जबकि पिछला भाव 65,480 रुपये था। शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे बढ़कर 74.43 के स्तर पर चल रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट लेकर 1,797 डॉलर प्रति औंस पर रहा जबकि चांदी 25.17 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रही।



HDFC सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल के अनुसार अमेरिकी बांड प्रतिफल और डॉलर सूचकांक में वृद्धि के साथ बिकवाली से सोने की कीमतें दो सप्ताह में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई हैं। बाजार विश्लेषकों ने सोने की कीमतों में हानि दर्ज होने का कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने को बताया।

## चांदी के भाव

कमजोर हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 37 रुपये की गिरावट के साथ 67,100 रुपये प्रति किलो रह गई।

# कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस का उत्पादन लक्ष्य से कम रहा

**नयी दिल्ली।** देश में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन जून में लक्ष्य से कम रहा। पिछले साल जून के मुकाबले भी इस साल कच्चे तेल का उत्पादन घटा है जबकि प्राकृतिक गैस का बढ़ा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि जून में उत्पादन कम होने के कई कारण रहे। इनमें अरब सागर में आया ताउते तूफान, ऑयल इंडिया के असम स्थित बागजन संयंत्र में विस्फोट के बाद स्थानीय लोगों द्वारा बंद और कुछ तेल कुओं में उत्पादन कम या बिल्कुल नहीं होना शामिल हैं। मंत्रालय के आज जारी आँकड़ों के अनुसार, जून में कच्चे तेल का कुल उत्पादन 248.17 करोड़ टन रहा जबकि लक्ष्य 253.91 करोड़ टन का रखा गया था। इस प्रकार यह लक्ष्य से 2.24 प्रतिशत कम रहा। जून 2020 के 252.70 करोड़ टन के उत्पादन की तुलना में भी यह 1.79 प्रतिशत कम है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कच्चा तेल उत्पादन में 3.42 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई और यह एक साल पहले के 767.53 करोड़ टन से घटकर 741.29 करोड़ टन पर आ गया। प्राकृतिक गैस के लिए जून में 293.15 करोड़ मानक घन मीटर का लक्ष्य रखा गया था जबकि उत्पादन मात्र 277.74 करोड़ मानक घन मीटर रहा। इस प्रकार यह आँकड़ा लक्ष्य से 5.26 प्रतिशत कम रहा। यह जून 2020 के 232.38 करोड़ मानक घन मीटर की तुलना में 19.52 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल-जून 2021 की तिमाही में प्राकृतिक गैस का उत्पादन 20.39 फीसदी बढ़कर 816.86 करोड़ मानक घन मीटर हो गया।



स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

# नई आशाओं का गढ़
# छत्तीसगढ़



कोविड-19 के
प्रभावी नियंत्रण के साथ

**1445**
उद्योग स्थापित

**18,492**
करोड़ रू.
पूंजी निवेश

**28,285**
प्रत्यक्ष रोजगार

**2.5** वर्षों में

प्रस्तावित पूंजी निवेश-
46,447 करोड़ रु.

एम.ओ.यू.

प्रत्यक्ष रोजगार-
67,224 व्यक्ति


गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

**मुख्य आकर्षण -**

- लीज़ रेंट - 33% कमी
- लैंड प्रीमियम - 30% कमी
- फ्री होल्ड लैंड - 10 एकड़ तक
- बी-स्पोक पॉलिसी
- सिंगल विंडो सिस्टम

## नई औद्योगिक नीति 2019-24 का परिणाम

"हमने अपने संसाधनों-खनिजों के राज्य में ही वेल्यू एडीशन की रणनीति बनाई है। कृषि हितकारी योजनाओं, वनोपजों के संग्रहण व समर्थन मूल्य की दरें बढ़ाने से कच्चे माल की उपलब्धता बहुत बढ़ गई है। स्थानीय लोगों की आमदनी बढ़ने से श्रम-शांति की बुनियाद मजबूत हुई है। हम 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के मापदण्डों में देश के अग्रणी 6 राज्यों में शामिल हैं। 'निवेशक मित्र' उदार और आकर्षक नीतियों से छत्तीसगढ़ निवेशकों के आकर्षण का पसंदीदा गंतव्य बन गया है।



\- भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

संवाद-29220/1

सेवा, जतन, सरोकार - छत्तीसगढ़ सरकार

छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403